

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 194 बुधवार, 26 अगस्त 2026 श्रावण माह, शुक्ल, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया



देश दुनिया — हर खबर पर हमारी नजर

### ट्रंप का दावा: होर्मुज में लगी सभी बारूदी सुरंगों को हटाया गया

**एजेंसी न्यूज**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना ने उन्हें जानकारी दी है कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में मौजूद सभी बारूदी सुरंगों को हटा दिया गया है या उन्हें विस्फोट कर नष्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने ईरान को चेतावनी दी कि अगर किसी जहाज या नाव ने दोबारा वहां बारूदी सुरंग बिछाने की कोशिश की तो उसे तुरंत और व्यवस्थित तरीके से नष्ट कर दिया जाएगा।

### पूरा प्रदेश बरसात की चपेट में

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को पूर्वी यूपी और कुछ दक्षिणी जिलों में अच्छी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है यूपी में मानसून की सक्रियता फिलहाल 27 अगस्त तक बनी रहेगी। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए प्रदेश के तराई, बुंदेलखंड समेत कुल 29 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

मंगलवार को आजमगढ़ में सर्वाधिक 120 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं वाराणसी में 128 मिमी, सोनभद्र में 120 मिमी, बस्ती में 117 मिमी, अंबेडकरनगर में 114.4 मिमी और सुल्तानपुर में 107 मिमी बारिश हुई।क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों तक यूपी के पूर्वी और दक्षिणी जिलों में मध्यम से भारी बारिश जारी रहने वाली है। इसके बाद कुछ दिनों के लिए मानसून के धीरे-धीरे कमजोर पड़ने के संकेत हैं।

### 8वीं के विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए मिलेगी स्कॉलरशिप

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी। अहम फैसले के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा देने का प्रस्ताव मंजूर किया गया। वैध पहचान पत्र दिखाकर वरिष्ठ महिलाएं मुफ्त यात्रा कर सकेंगी, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को राहत मिलने की उम्मीद है।

सीएम योगी का बड़ा एलान, बोले-

# छह महीने के अंदर एक लाख युवाओं को देंगे सरकारी नौकरी, पारदर्शी होगी प्रक्रिया

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने 9 साल में 9.30 लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी ढंग से बिना भेदभाव सरकारी नौकरियां दी हैं। यूपी में कभी एक लाख नौकरियां कल्पना होती थी, लेकिन हम छह महीने के भीतर एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं। रिजल्ट की प्रक्रिया चल रही है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा कृषि विभाग में नवचयनित 3446 प्राविधिक सहायकों (ग्रुप-सी) व 126 मंडी सचिवों को नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नवचयनितों से कहा कि सरकार ने पारदर्शी नियुक्ति दी है तो आप भी इसका लाभ प्रदेश, भावी पीढ़ी और देश को दें। कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वहन ही नेशन फर्स्ट की थ्योरी है।

सीएम ने आयोग व बोर्डों के




अधिकारियों से कहा कि आपके कार्यों में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं है। यदि हमने स्वतंत्रता दी है तो समय से परिणाम लाइए। अधियाचन जाने के बाद परिणाम आने में छह महीने से अधिक नहीं लगना चाहिए। एक महीने के अंदर विज्ञापन और अगले दो महीने के अंदर परीक्षा कराएं। प्रक्रिया को सहज-सरल बनाएं, जिससे युवा अपनी ऊर्जा का लाभ दे सके। जब हम युवा ऊर्जा को साथ लेकर चलते हैं तो परिणाम आते हैं।

सीएम ने 9 साल में पारदर्शी नियुक्तियों को डबल इंजन सरकार की उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस दौरान सरकार ने 9.30 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराई है। किसी भी नियुक्ति पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता। 2017 से पहले तो विज्ञापन निकलते ही चाचा-भतीजे की जोड़ी और महाभारत का खानदान वसूली करने निकल पड़ता था। युवा भटकता था, लेकिन परिणाम नहीं आता था। अंततः माननीय न्यायालय को स्टे करना पड़ता था।

युवाओं का समय और उम्र खराब होती थी। नौकरी न पाने वाले युवाओं को लोग किसी काम का नहीं मानते थे, लेकिन गलती युवा की नहीं, बल्कि सरकारी तंत्र में बैठे राजनेताओं, आयोगों व बोर्डों में बैठे बेईमान लोगों की होती थी। हमारी सरकार ने कहा था कि नकल माफिया की कमर तोड़ेंगे और उनके आकाओं को भी जमीन दिखाएंगे। हम लोगों ने माफिया की संपत्ति जब्त कराकर उनसे वसूली कराई।

## यूपी कैबिनेट: युवाओं को मिला बड़ा तोहफा, 25 लाख टैबलेट खरीदने का प्रस्ताव

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक में प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

टेंडर प्रक्रिया में चयनित संस्थाओं को क्रय आदेश जारी किए जाने की मंजूरी देकर प्रदेश के युवाओं को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ये टैबलेट पात्र युवाओं को निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, एमबीबीएस इंटर्न्स का मासिक भत्ता 12 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया।

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना 5 वर्ष के लिए लागू है। योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए आधुनिक टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके लिए 2,374.60 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। खास बात यह है कि इस योजना से केंद्र सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय



भार नहीं पड़ेगा।

योजना के तहत स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास समेत विभिन्न शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अध्ययनरत पात्र युवाओं को निशुल्क टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे विद्यार्थी अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम को डिजिटल माध्यम से बेहतर ढंग से पूरा कर सकेंगे। तकनीक आधारित अध्ययन की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

टैबलेट मिलने से युवाओं को सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं, ऑनलाइन प्रशिक्षण, रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी सेवाओं तक पहुंच बनाने में भी मदद मिलेगी। योगी सरकार का उद्देश्य केवल युवाओं को उपकरण उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर शिक्षा, रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ना है।

## यूपी कैबिनेट: बुजुर्ग महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

### संतान को संपत्ति से कर सकेंगे बेदखल

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 24 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना को भी मंजूरी शामिल है। योजना के तहत प्रदेश की 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की सभी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

इस योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को अपनी उम्र और पहचान प्रमाणित करने के लिए आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दिखाना होगा। वहीं, संतान देखभाल न करें तो संपत्ति से बेदखल कर सकेंगे बुजुर्ग व युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट खरीदने का प्रस्ताव मंजूर किया गया।

सरकार के अनुसार, इस योजना से प्रदेश की एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। कैबिनेट के इस फैसले को वरिष्ठ महिलाओं के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार का कहना है कि लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना के माध्यम से बुजुर्ग महिलाओं को यात्रा में आर्थिक सहायता मिलेगी और उन्हें प्रदेश में आवागमन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 25 लाख टैबलेट की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। योगी सरकार ने टेंडर प्रक्रिया में चयनित संस्थाओं को क्रय आदेश जारी किए जाने की मंजूरी देकर प्रदेश के युवाओं को डिजिटल संसाधनों से जोड़ने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ये टैबलेट पात्र युवाओं को निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना 5 वर्ष के लिए लागू है। योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए आधुनिक टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इसके लिए 2,374.60 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। खास बात यह है कि इस योजना से केंद्र सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं पड़ेगा।

# अयोध्या: राम मंदिर के 30 बैंक लॉकरों का फोरेंसिक सत्यापन तेज

### ऑडिट टीम खंगाल रही लॉकरों में रखी एक-एक वस्तु

**एजेंसी न्यूज**

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावा चोरी के प्रकरण की जांच अब दस्तावेजों से आगे बढ़कर भौतिक संपत्तियों और बैंक लॉकरों के फोरेंसिक सत्यापन तक पहुंच गई हैं। एसआईटी की फोरेंसिक ऑडिट टीम राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े सभी 30 बैंक लॉकरों में रखे सामान का सत्यापन कर रही है। जांच का फोकस यह मिलान करने पर है कि लॉकरों में दर्ज रिकॉर्ड के मुताबिक जो वस्तुएं होनी चाहिए, वे मौजूद हैं या नहीं।

जांच टीम ने मंगलवार को भी जांच प्रक्रिया पूरी की। जांच टीम लॉकर खोलने की प्रक्रिया से लेकर उसमें रखे प्रत्येक सामान का वीडियो रिकॉर्ड तैयार कर रही है। वस्तु की पहचान, उसकी संख्या, उपलब्धता और संबंधित अभिलेखों से मिलान की प्रक्रिया को जांच का हिस्सा बनाया गया है। इस पूरी कवायद का उद्देश्य भौतिक रूप से उपलब्ध सामग्री और ट्रस्ट के रिकॉर्ड के बीच किसी भी तरह के अंतर को चिह्नित करना है। फोरेंसिक सत्यापन के बाद तैयार होने वाली रिपोर्ट को डिजिटल माध्यम में सुरक्षित किया जाएगा।

जांच से जुड़े दस्तावेजों और वीडियोग्राफिक साक्ष्यों को पेन ड्राइव में संकलित कर सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की तैयारी है। इससे जांच में जुटाए जा रहे जाएगी।

फोरेंसिक ऑडिट में केवल सामान की गिनती तक प्रक्रिया सीमित नहीं है। प्रत्येक वस्तु के सत्यापन के साथ उसका ऑडियो-वीडियो साक्ष्य, विवरण और रिकॉर्ड



भौतिक साक्ष्यों का डिजिटल रिकॉर्ड भी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा बनेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसआईटी की जांच अंतिम चरण में है। सितंबर के पहले सप्ताह में जांच टीम सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंप सकती है। दो सितंबर को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक भी होनी है। जानकारी के अनुसार इस बैठक के बीच अंतिम रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की से मिलान दर्ज किया जा रहा है। जांच से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड को सुरक्षित माध्यम में संरक्षित किया जा रहा है, ताकि आगे की न्यायिक प्रक्रिया में इसकी प्रमाणिकता बनी रहे। सूत्रों के मुताबिक सत्यापन के दौरान लॉकर में मौजूद वस्तुओं का रिकॉर्ड तैयार करने के साथ यह भी देखा जा रहा है कि संबंधित वस्तु किस अभिलेख में दर्ज है और मौके पर उसकी स्थिति क्या है।

### गौतस्करी, लव-जेहाद पर सरकार का कठोर रुख, बनाया जाएगा विशेष तंत्र

**एजेंसी न्यूज**



**लखनऊ।** डीजीपी राजीव कृष्ण ने महिला संबंधी अपराध, धर्म परिवर्तन, लव जिहाद, गोहत्या, गो-तस्करी, लूट, डकैती, छिनैती, छेड़खानी आदि अपराधों की रोजाना निगरानी के लिए जिला, रेंज और जोन स्तर पर विशेष तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने ऐसे मामलों में विशेष सतर्कता बरतने को भी कहा। वह मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पुलिस मुख्यालय में तैनात वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज, जिलों के कप्तान और सीओ मौजूद थे।

डीजीपी ने आगामी त्योहारों, अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता, यक्ष एप, लंबित विवेचनाओं और मिशन शक्ति केंद्र की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रदेश में अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को प्रभावी ढंग से लागू करना है लिहाजा प्राथमिकता वाले अपराधों और संवेदनशील विषयों पर निरंतर सतर्कता, समीक्षा, त्वरित कार्रवाई और प्रभावी जवाबदेही हो। फर्जी और भ्रामक समाचारों के प्रति भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर प्रसारित सूचनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के साथ उनके संज्ञान में आते ही तत्काल सत्यापन और सही पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं फर्जी, भ्रामक या विकृत सामग्री को नियमानुसार हटाने और ऐसी सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने को कहा।

रक्षाबंधन और बारावफात पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध करने को कहा गया। महिलाओं और आमजन के आवागमन में वृद्धि के कारण बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एंटी-रोमियो स्क्वाड सक्रिय रहेगा। प्रमुख मार्गों, राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर गश्त तथा पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाएगी।

## ऑपरेशन सिंदूर से पहले पीएम ने दिए थे निर्देश

### पूर्व सीडीएस ने किया खुलासा, कहा- हमेशा नई रणनीति जरूरी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सैन्य रणनीति में लगातार बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि सैन्य बलों को सफलता और अचानक बढ़त बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में लगातार बदलाव करना चाहिए।

विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की स्थिति पर आयोजित 'विमर्श' कार्यक्रम में बोलते हुए जनरल चौहान ने सैन्य बल के इस्तेमाल के दौरान बार-बार एक ही तरीके पर निर्भर रहने से बचने की बात कही।

पूर्व सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई बातचीत का जिक्र किया। उन्होंने कहा, "पीएम मोदी ने हमें केवल एक बात कही कि आप पर इसे तुरंत कोई राजनीतिक दबाव नही हैं। आप इसे अपने समय और हिसाब से करें। बस सैन्य अभियान में विफलता का कोई कारण नहीं

> सैन्य शक्ति राजनीतिक इच्छाशक्ति का सीधा विस्तार है। किसी देश के राजनीतिक हित सर्वोच्च होते हैं और सशस्त्र बल उन हितों की रक्षा के लिए उपलब्ध कई साधनों में से एक हैं।
>
> *जनरल अनिल चौहान, पूर्व सीडीएस*



होना चाहिए, फिर वो मानवीय हो या तकनीकी वजह। हमारे पास इस बात का सबूत होना चाहिए कि हमने क्या किया है? पीएम मोदी ने हमें कार्रवाई को लेकर खुली छूट दी थी। सेना के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता है। हम हमेशा चाहते हैं कि हमारे पास स्पष्ट सियासी निर्देश हों और हमें यह मिला।'

पूर्व सीडीएस जनरल चौहान ने कहा, "दरअसल, जब भी आप किसी विकल्प का इस्तेमाल करते हैं, अगर आप बार-बार उसी रणनीति को दोहराते हैं तो सफलता की संभावना कम हो जाएगी। आपको हर बार नई रणनीति के बारे में सोचना होगा।"

जनरल चौहान ने सीमा पार आतंकवाद के जवाब में भारत की सैन्य कार्रवाइयों में आए बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि अलग-अलग अभियानों में अलग-अलग माध्यमों का इस्तेमाल किया गया।

## यूपी: प्रदेश के सरकारी स्कूलों में होने जा रहा है बड़ा बदलाव

### होगा एडेड विद्यालयों का कायाकल्प; बजट जारी

**एजेंसी न्यूज**




**लखनऊ।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार के तहत संवारने के अभियान को और गति दी गई है। इसके तहत 72 एडेड माध्यमिक विद्यालयों में जीर्णोद्धार, पुनर्निर्माण, मरम्मत व अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए विभाग की ओर से 9.62 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। प्रदेश में एडेड विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं और बिल्डिंग को बेहतर कराने के लिए शासन ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना शुरू की है। अब प्रदेश में इसका तेजी से विस्तार हो रहा है। इसके तहत काफी विद्यालयों को बजट देकर उनको संवारने की कवायद चल रही है। इस क्रम में राजधानी लखनऊ के 7, अमेठी के दो, गोंडा के पांच, बलरामपुर का एक, अंबेडकरनगर के पांच, मथुरा के पांच, महराजगंज के तीन समेत कुल 72 विद्यालयों को बजट स्वीकृत किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव संदीप परमार ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक को जारी पत्र में कहा है कि इसमें से 50 कॉलेजों को दूसरी व 22 को तीसरी किस्त के रूप में निर्माण, पुर्ननिर्माण, मरम्मत व अवस्थापना सुविधाओं के लिए कुल 9.62 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। इसी तरह कन्नौज के एक विद्यालय के 7.45 लाख का भी बजट स्वीकृत किया गया है।

## सरकारी जमीन पर आंबेडकर की मूर्ति लगाने का प्रयास... समझाने पर पुलिस पर पथराव

- एक दर्जन से अधिक सरकारी वाहनों में तोड़फोड़, कई पुलिसकर्मी घायल
- फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र गांव राजा की सीकरी का मामला, पुलिस-पीएसी तैनात

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**

**आसफपुर, बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के राजा की सीकरी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति खंडित मिलने के बाद मंगलवार को तनाव फैल गया। सुबह से प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों और पुलिस के बीच देर शाम टकराव हो गया। आरोप है कि भीड़ ने पुलिस और पीएसी पर पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पथराव की चपेट में कुछ मीडियाकर्मी भी आए। उपद्रवियों ने एक दर्जन से अधिक सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की। स्थिति संभालने के लिए पुलिस और पीएसी ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया।

बताया गया कि सोमवार रात कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर बिना प्रशासनिक अनुमति के आंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने का प्रयास किया था। मंगलवार सुबह मूर्ति चबूतरे से नीचे टूटी मिलने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और दोषियों की गिरफ्तारी तथा नई मूर्ति स्थापित कराने की मांग करने लगे।



ग्रामीणों को समझती हुई एसडीएम प्रियंका सिंह

सूचना पर एसडीएम प्रियंका सिंह, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया और सीओ अंशुमान श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। आसपास के थानों से पुलिस बल बुलाने के साथ पीएसी भी तैनात कर दी गई। देर शाम समझाने के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस और पीएसी पर पथराव शुरू कर दिया। इससे मौके पर भगदड़ मच गई। पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान शुरू कर दी है। गांव में एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

> सुबह से पुलिस की पूरे मामले पर नजर थी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन देर शाम कुछ उपद्रवियों ने पुलिस और पीएसी पर पथराव कर दिया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें तितर-बितर किया। उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
>
> **- अंकिता शर्मा**
> **एसएसपी बदायूं**






## एक नजर

### तेज रफ्तार पिकअप ने कांवड़ियों की गाड़ी में मारी टक्कर, कई घायल

**मीरगंज।** हरिद्वार से जल लेकर बरेली लौट रहे कांवड़ियों की पिकअप में तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में कांवड़ियों से भरी गाड़ी पलट गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के नौ दिन बाद मंगलवार को मीरगंज थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। तहरीर के अनुसार 16 अगस्त की रात करीब 11 बजे कांवड़ियों की पिकअप संख्या UP-13-T-8410 नरगिरिया और शिधौली चौराहे के बीच सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान पीछे से आए UP-25-CT-6274 के चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तहरीरकर्ता के पुत्र समेत कई कांवड़िये घायल हुए। घायलों को मीरगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बरेली के सिद्धि विनायक अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने भैरो यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# वीर जवानों की कलाई पर बांधी राखी, मांगा दीर्घायु का आशीर्वाद

### सनातन धर्म विद्यालय साहूकारा की टीम पहुंची 101 मीडियम रेजिमेंट, सैनिकों को बांधा रक्षा का रेशमी धागा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** रक्षा बंधन के पावन पर्व पर सनातन धर्म विद्यालय साहूकारा प्रबंध समिति की ओर से मंगलवार को 101 मीडियम रेजिमेंट, बरेली कैंट में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंध समिति के अंजय कुमार अग्रवाल के साथ प्रधानाचार्या वैशाली पटेल, नीरज उपाध्याय, अनुराधा सिंह, नितेश मोहन और दानवीर ने सैन्य परिसर पहुंचकर वीर जवानों की कलाई पर राखी बांधी और उनके मस्तक पर मंगल तिलक लगाया। विद्यालय की टीम ने जवानों की लंबी उम्र, स्वस्थ जीवन और देश की रक्षा में निरंतर सफलता के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि भारतीय सैनिक दिन-रात सीमाओं और देश की सुरक्षा में डटे रहते हैं। उनके त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण के कारण ही देशवासी अपने घरों में सुरक्षित रहकर त्योहारों और विभिन्न आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से मना पाते हैं। रक्षा बंधन के अवसर पर जवानों और विद्यालय परिवार के बीच भावनात्मक माहौल देखने को मिला। छात्राओं ने सैनिकों को राखी बांधकर उन्हें अपना भाई बताया और देश सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। जवानों ने भी छात्राओं को स्नेह और आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्या वैशाली पटेल ने कहा कि सैनिकों के साथ रक्षा बंधन मनाना विद्यार्थियों के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि जवानों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से विद्यार्थियों को देशप्रेम की सीख मिलती है। विद्यालय परिवार ने स्वर्णिम और भावुक क्षणों को अपने लिए यादगार बताते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।

## डिवाइडर पर बने जाल को लेकर बनी सहमति

**बहेड़ी।** नगर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर के ऊपर लगाए गए जाल की ऊंचाई को लेकर व्यापारियों द्वारा जताई जा रही आपत्ति पर पालिका प्रशासन के बीच हुई बैठक में सहमति के आसार बन गये हैं। डिवाइडर तथा उसके ऊपर लगाए जाने वाले लोहे के जाल की ऊंचाई पांच फिट से भी अधिक हो जाने से दूसरी साइड का दिखाई न देने की बात कहकर व्यापारियों ने आपत्ति जताई थी । इस संबंध में व्यापारियों की पालिका प्रशासन के हुई बैठक में सहमति बनी कि नये लगने वाले जाल की ऊंचाई एक फिट रखने के साथ पहले से लगे जाल की ऊंचाई बीच में लगाए गए पौधों की ठीक से परवरिश होने के बाद उतनी ही कर दी जाएगी। बैठक में मुख्य मार्ग के चौडीकरण तथा जलभराव का मुद्दा भी उठा। अधिकारियों ने बताया कि बजट की व्यवस्था होते ही जलभराव के समाधान के लिए नाले का निर्माण कराया जाएगा।

## ईद मिलादुन्नबी अमन शांति व मोहब्बत से मनाए : मुफ़्ती ए आज़म शीशगढ़

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ मौलाना मुफ़्ती मोहम्मद तौफीक अहमद नईमी जलूसे मोहम्मदी की कयादत करेंगे

**मीरगंज/ शीशगढ़।** मौलाना मुफ़्ती मोहम्मद तौफीक अहमद नईमी ने वताया कि मोहसिने इंसानियत हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहू अलेही वसल्लम की पैदाइश का दिन है इस दिन को पूरे शानो शौकत के साथ अदब से मनाएं जुलूस ए मोहम्मदी में पाक साफ व बूजू सर ढककर शरीक हो दुरुद ओ सलाम और नाते नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पढ़ते हुए चले !जुलूस के दौरान लंगर के तौर पर खाने-पीने की चीजें ना लौटाए क्योंकि यह रिज्क की बेहुरमती है दुआएं करें नजरों नियाज करें गुरबाओ मसाकीन बेसहारा मजबूरों की मदद करें !

कोई ऐसी हरकत न करें जिससे किसी की दिल आजारी हो !जुलूस ए मोहम्मदी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम में अदबो एहतराम के साथ चलें! उन्होंने कहा हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि सल्लम की मिलाद भी मनाए और अल्लाह के रसूल से अपनी जान औलाद मां बाप और आम लोगों से ज्यादा मोहब्बत करें !लिहाजा हम तमामी मुसलमानों को अपने नबी से मोहब्बत करना चाहिए क्योंकि आप से मोहब्बत करना ही ईमान की असल है !मोहब्बत ए रसूल ही हमारी कामयाबी की जमानत है इसके बगैर हमारा ईमान ना मकम्मल है।

# साहू ठाकुर दास इंटर कॉलेज के छात्र मोहम्मद कामरान का अंडर-17 स्टेट हैंडबॉल टीम में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**धौरा टांडा।** साहू ठाकुर दास इंटर कॉलेज, धौरा टांडा के छात्र मोहम्मद कामरान पुत्र इरफान हुसैन का अंडर-17 स्टेट हैंडबॉल टीम में चयन हुआ है। कामरान बरेली की टीम का हिस्सा हैं। बनारस में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में बरेली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में जीत दर्ज कर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बरेली की टीम ने मऊ, मुरादाबाद, अलीगढ़, आजमगढ़ सहित अन्य टीमों के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उन्हें शिकस्त दी। टीम के बेहतरीन प्रदर्शन में मोहम्मद कामरान ने भी अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन और बेहतर प्रदर्शन से कामरान के परिवार, विद्यालय के शिक्षकों तथा साथी छात्रों में खुशी का माहौल है।विद्यालय के अध्यापकों ने बताया कि मोहम्मद कामरान नियमित अभ्यास, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनका चयन विद्यालय के अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है और इससे विद्यार्थियों में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा।इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आदेश तिवारी ने मोहम्मद कामरान तथा बरेली की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कामरान के चयन से विद्यालय का गौरव बढ़ा है। उन्होंने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। विद्यालय के खेल से जुड़े अध्यापक आरिफ शाह और अभिषेक कुमार ने भी मोहम्मद कामरान को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय स्टाफ और खेल विभाग से जुड़े समस्त अध्यापकों ने छात्र की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। साथी छात्रों ने भी कामरान की सफलता पर खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर अवसर और प्रोत्साहन देने का प्रयास जारी रहेगा, ताकि प्रतिभावान छात्र जिला, मंडल, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

## सुभाष लोधी बने राष्ट्रीय सेवा संघ के यूपी उपाध्यक्ष

**बरेली।** राष्ट्रीय सेवा संघ ने संगठन का विस्तार करते हुए सुभाष लोधी को उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। 'अष्टनाथ परिक्रमा प्रवास' के दौरान बरेली सर्किट हाउस पहुंचे संगठन के मुख्य संरक्षक स्वामी दर्शन भारती ने प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने सुभाष लोधी को पारंपरिक गमछा पहनाकर विधिवत दायित्व सौंपा और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्वामी दर्शन भारती ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। अपनी नियुक्ति पर आभार जताते हुए सुभाष लोधी ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र सेवा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु जोशी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम कार्यकारिणी में 25.31 करोड़ के विकास कार्यों पर बनी सहमति

जागरण मोर्चा कार्यालय



▶ त्रिशूल-झुमका समेत सौंदर्यीकरण को मंजूरी, आवारा कुत्ते-बंदरों के खिलाफ रोस्टर बनाकर चलेगा अभियान

**बरेली।** नगर निगम कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार को महापौर डॉ. उमेश गौतम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर के विकास, सौंदर्यीकरण, सफाई व्यवस्था, तालाबों को कब्जामुक्त कराने और आवारा कुत्ते-बंदरों की समस्या समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। निर्माण कार्यों से संबंधित 25 करोड़ 31 लाख 35 हजार 626 रुपये के प्रस्तावों पर सहमति बनी। त्रिशूल और झुमका सहित शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। स्मार्ट सिटी के पुराने प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। वहीं संपत्ति कर विभाग को तकनीकी रूप से मजबूत करने के लिए आईटी इंजीनियर आउटसोर्स पर रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। बैठक में पार्षदों ने प्रत्येक वार्ड में हाईमास्ट लाइट लगाने का मुद्दा उठाया। महापौर ने अधिकारियों को पिछली बैठक में स्वीकृत लाइटें जल्द लगवाने के निर्देश दिए। आवारा कुत्तों और बंदरों के बढ़ते आतंक पर महापौर ने रोस्टर तैयार कर अभियान चलाने के निर्देश दिए। एबीसी सेंटर के साथ बड़ा शेल्टर होम और नंदीशाला विकसित करने को कहा गया। फीडिंग प्वाइंट चिह्नित कर जागरूकता बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। पार्षद शमीम अहमद ने गांधीपुरम के रामलीला मैदान स्थित तालाब पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। महापौर ने तालाब को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। वार्ड-73 के तालाब के विकास प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। सड़कों के गड्ढे भरने और नालों के जाल सुरक्षित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सहित अधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।



## भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** फतेहगंज पूर्वी मंडल में आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में मंडल के कार्यकर्ताओं की मीटिंग हुई और सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया गया और आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया। हर ग्राम और घर में जाकर संपर्क करें और भारतीय जनता पार्टी ने जो योजनाएं शुरू की है उनके बारे में सभी को बताएं और उनका लाभ दिलवाएं। मीटिंग में जिला महामंत्री राजू उपाध्याय जिला उपाध्यक्ष ओमवीर गुर्जर ईशान ग्वाल जी डॉक्टर यशपाल जी प्रमोद राठौड़ जी महेश राठौर जी मोहित पाल जी विपिन दीक्षित जी मंडल महामंत्री हसदेव शर्मा जी आदि भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय नेतृत्व ने रेल कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के केंद्रीय मंत्री सुभाष दुबे और केंद्रीय उपाध्यक्ष शिवेंदु पांडे ने इज्जतनगर मंडल का दौरा कर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। केंद्रीय पदाधिकारियों ने मंडल कार्यालय, यांत्रिक कारखाने और विभिन्न विभागों में पहुंचकर कर्मचारियों से सीधा संवाद किया।

यांत्रिक कारखाने की अलग-अलग शॉप में कर्मचारियों ने सिग्नल, यांत्रिक, कार्मिक, विद्युत, इंजीनियरिंग, परिचालन और वाणिज्य विभाग से जुड़ी समस्याएं रखीं। कर्मचारियों ने लिखित और मौखिक रूप से अपनी मांगें केंद्रीय नेतृत्व के सामने रखीं। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मंडल रेल प्रबंधक और मंडल कार्मिक अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रशासन की ओर से कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में कर्मचारियों पर बढ़ते कार्यभार, भेदभावपूर्ण व्यवहार, अनावश्यक चार्जशीट व दंड की कार्रवाई तथा प्रार्थना-पत्रों का समय पर जवाब नहीं मिलने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। संगठन ने कार्यस्थल पर भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की। केंद्रीय नेतृत्व ने कहा कि कर्मचारियों के अधिकार और सम्मान की रक्षा संगठन की प्राथमिकता है। समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से संवाद जारी रहेगा और जरूरत पड़ने पर संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा। इस दौरान संतोष यादव, भजन लाल, शैलेन्द्र यादव, रजनीश तिवारी, अमित राय समेत संगठन के कई पदाधिकारी रहे।

## घर में घुसकर महिला से अभद्रता और मारपीट का लगाया आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव आजमपुर खमरिया में एक महिला के साथ घर में घुसकर अभद्रता करने, गाली-गलौज व मारपीट करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर मीरगंज पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी जांच शुरू कर दी है।पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, आजमपुर खमरिया निवासी पीड़िता हीराकली पत्नी स्वर्गीय खान सिंह ने बताया कि 24 अगस्त की रात करीब 11:30 बजे गांव का ही शेर सिंह पुत्र तुलाराम जबरन उसके घर में घुस आया। जब महिला ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज और गंभीर अभद्रता की। रात के समय अत्यधिक डर जाने के कारण पीड़िता चुपचाप अपने घर में सो गई।तहरीर में आगे आरोप लगाया गया है कि अगले दिन 25 अगस्त की सुबह जब महिला इस घटना की शिकायत दर्ज कराने थाने जा रही थी, तभी रास्ते में शेर सिंह अपने साथी मनोज पुत्र महेंद्र के साथ मिल गया। दोनों आरोपियों ने महिला को रास्ते में रोककर उसके साथ गाली-गलौज की और बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में महिला के घुटने और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि यदि वह थाने गई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। मीरगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उपनिरीक्षक ब्रज किशोर को मामले की विवेचना सौंपी है।

# फतेहगंज पूर्वी में गूंजा सुंदरकांड का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पूर्वी।** फतेहगंज पूर्वी नगर में सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और जनमानस को जोड़ने के उद्देश्य से चलाया जा रहा हनुमान चालीसा पाठ अभियान लगातार जारी है। सुरेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाला यह धार्मिक कार्यक्रम नगर के प्रत्येक मंदिर और हर बस्ती में प्रत्येक मंगलवार को पूरी श्रद्धा के साथ कराया जाता है।

इस साप्ताहिक आयोजन को लेकर नगर वासियों और श्रद्धालुओं में भारी उमंग और उल्लास का माहौल देखा जा रहा है।हनुमान चालीसा पाठ कमेटी के वरिष्ठ सदस्य शिवनंदन पाठक और सुखदेव पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि फतेहगंज पूर्वी में इस धार्मिक मुहिम को सफलतापूर्वक संचालित करते हुए लगभग 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं। बिना रुके प्रत्येक मंगलवार को यह पाठ आयोजित किया जाता है, जिसमें हर बार करीब 50 से अधिक स्थानीय श्रद्धालु और प्रबुद्ध जन स्वेच्छा से सम्मिलित होते हैं। इसी नियमित श्रृंखला के क्रम में मंगलवार को मोहल्ला बाजार जनूबी में रमेश चंद्र पाठक के निवास स्थान पर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान संगीतमय भजनों और चौपाइयों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। धार्मिक अनुष्ठान में कमेटी के संजीव गुप्ता, डॉ. यशपाल, सुधीर सिंह, ऋषभ मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यगण सहित कस्बे के तमाम हिंदू संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## आपसी सुलह : अदालत में दूर हुई डोसा ठेले की कहासुनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ युवतियों ने अपनी गलती स्वीकार की, पुलिस की अंतिम रिपोर्ट में भी युवक बेगुनाह, कोर्ट से मिली राहत

**बरेली।** कुछ माह पहले शील चौराहे पर डोसा खाते समय दो युवतियों और युवकों के बीच हुई कहासुनी का मामला प्रेमनगर थाने तक पहुंच गया था। विवाद बढ़ने पर रोहित कक्कड़ और दिनेश गुप्ता समेत चार लोगों को पुलिस थाने ले गई। बाद में मामला न्यायालय पहुंचा, जहां घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। प्रेस वार्ता में जारी नोट के मुताबिक, न्यायालय के समक्ष दोनों युवतियों ने पूर्व में हुई गलतफहमी को स्वीकार करते हुए कहा कि उनसे गलती हुई थी। उन्होंने युवकों के खिलाफ आगे कोई मुकदमा नहीं चलाने की इच्छा भी जताई। वहीं पुलिस की अंतिम रिपोर्ट में भी दोनों युवकों को निर्दोष बताया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने परिस्थितियों को देखते हुए युवकों को राहत दी। प्रेस नोट के अनुसार, अदालत ने युवतियों को भविष्य में ऐसी गलती दोबारा न दोहराने की हिदायत भी दी। राहत मिलने के बाद रोहित कक्कड़ और दिनेश गुप्ता ने कहा कि गलतफहमी के कारण उन्हें सामाजिक परेशानी और बदनामी झेलनी पड़ी। उनका आरोप है कि घटनाक्रम के दौरान मीडिया में एकतरफा खबरें सामने आईं और उनका पक्ष नहीं रखा गया। दोनों ने न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच और दोनों पक्षों को सुनना बेहद जरूरी है, ताकि किसी निर्दोष व्यक्ति को गलतफहमी या एकतरफा आरोपों का खामियाजा न भुगतना पड़े।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
जन-जन की आवाज़
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद
एवं उत्तराखंड में प्रसारित
WWW.jagranmorcha.com
jagranmorchadaily@gmail.com
@JagranMorchaDaily

# पीलीभीत बाईपासः छह लेन के साथ बदलेगी सूरत

## तीन प्रमुख चौराहों का होगा कायाकल्प, नाथ थीम से संवरेगा पूरा मार्ग, जाम से राहत और बेहतर यातायात व्यवस्था पर रहेगा जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के बढ़ते यातायात दबाव और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए पीलीभीत बाईपास रोड को नए स्वरूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की ओर से पीलीभीत बाईपास का चौड़ीकरण कर इसे छह लेन का आधुनिक मार्ग बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इसके साथ ही मार्ग के तीन प्रमुख चौराहों—विश्वविद्यालय-डोहरा रोड चौराहा, बनखंडी नाथ चौराहा और सौ फुटा तिराहा—का भी कायाकल्प किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के नाथ कॉरिडोर संबंधी विजन को आगे बढ़ाते हुए पीलीभीत बाईपास को बरेली की पहचान 'नाथ नगरी' से जोड़ने की योजना है। प्रस्तावित विकास के तहत सड़क का स्वरूप एक समान नाथ थीम पर तैयार किया जाएगा। इससे जहां यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, वहीं शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को बरेली की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का भी भव्य एहसास होगा। मंगलवार को बीडीए की उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय, आईएएस ने मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता समेत प्राधिकरण की तकनीकी टीम के साथ पीलीभीत बाईपास रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रस्तावित छह लेन चौड़ीकरण के मद्देनजर सड़क की मौजूदा स्थिति, यातायात दबाव, वाहनों की आवाजाही और प्रमुख जाम बिंदुओं का जायजा लिया। टीम ने विश्वविद्यालय-डोहरा रोड चौराहा, बनखंडी नाथ चौराहा और सौ फुटा तिराहे का विशेष रूप से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यह भी देखा कि चौड़ीकरण के बाद इन चौराहों पर यातायात का संचालन किस प्रकार बेहतर किया जा सकता है और किन स्थानों पर यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त उपायों की जरूरत होगी। बीडीए की योजना में चौराहों का केवल सौंदर्यीकरण करने के बजाय यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को प्रमुखता दी गई है। प्रस्तावित विकास के बाद इन स्थानों पर वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित करने, जाम की समस्या कम करने और आम लोगों के लिए सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराने पर जोर रहेगा। छह लेन सड़क बनने के बाद पीलीभीत बाईपास पर यातायात क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही प्रमुख चौराहों के पुनर्विकास से यातायात के दबाव को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

पीलीभीत बाईपास को नाथ कॉरिडोर से जोड़ते हुए पूरे मार्ग को एक समान थीम पर विकसित करने की योजना है। मार्ग पर नाथ थीम आधारित आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, फोकस दीवारें, प्रतीकात्मक स्थापत्य और आइकॉनिक एलिमेंट्स लगाए जाएंगे। इससे पीलीभीत बाईपास केवल आवागमन का मार्ग नहीं रहेगा, बल्कि बरेली की विशिष्ट पहचान को प्रदर्शित करने वाला प्रमुख प्रवेश मार्ग भी बन सकेगा। प्रमुख चौराहों को भी उनकी भौगोलिक स्थिति और यातायात जरूरतों के अनुसार अलग पहचान देने की योजना है। प्रस्तावित योजना के तहत सौ फुटा तिराहे पर फोकस दीवार विकसित की जाएगी। इस दीवार के माध्यम से नाथ कॉरिडोर के साथ-साथ बरेली विकास प्राधिकरण की प्रमुख विकास योजनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसका उद्देश्य शहर के विकास कार्यों और बरेली की धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान को एक ही स्थान पर आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करना है। पीलीभीत बाईपास के छह लेन चौड़ीकरण, बेहतर यातायात प्रबंधन और नाथ थीम आधारित सौंदर्यीकरण से शहर के यातायात ढांचे को मजबूती मिलने के साथ धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। बरेली को नाथ नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में यह मार्ग महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकता है। बीडीए की उपाध्यक्ष सौम्या पांडेय, आईएएस ने कहा कि मुख्यमंत्री के नाथ कॉरिडोर के विजन को आगे बढ़ाते हुए पीलीभीत बाईपास के चौड़ीकरण को शहर के समग्र विकास से जोड़ा जा रहा है। जनता की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छह लेन चौड़ीकरण के साथ तीनों प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था बेहतर करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी सड़क को नाथ थीम के अनुरूप विकसित किया जाएगा। प्रकाश व्यवस्था, फोकस दीवारों और आइकॉनिक तत्वों के माध्यम से पीलीभीत बाईपास को बरेली की नाथ नगरी की विशिष्ट पहचान से जोड़ा जाएगा।

### एक नजर

#### दो दिन से लापता 19 वर्षीय युवक का जंगल में क्षत-विक्षत शव मिला

**बरेली।** सिरौली थाना क्षेत्र के नामदारगंज गांव निवासी 19 वर्षीय अर्जुन का सोमवार देर रात कैलाश मणि मंदिर के पीछे जंगल में एक क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। अर्जुन बीते 22 अगस्त से घर से बिना बताए लापता था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद रविवार दोपहर सिरौली थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस ने तलाश शुरू की थी।सोमवार रात पुलिस को जंगल में शव होने की सूचना मिली, जिसकी पहचान बाद में अर्जुन के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, शव करीब दो दिन पुराना है और उसे जंगली जानवरों ने कई जगहों से नोच रखा था। घटनास्थल से कुछ नशीली दवाएं व नशे की सामग्री बरामद हुई है। अर्जुन की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

# 34 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र, खिले चेहरे

### ▸ डीएम ने कहा- गांव-गांव पहुंचाएं आधुनिक कृषि तकनीक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रदेश सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और प्रदेश की कृषि व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रदेश में चयनित 3446 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1600 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बरेली के विकास भवन स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, संयुक्त कृषि निदेशक बरेली मंडल डीवी सिंह, उप कृषि निदेशक ओमप्रकाश मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और नवचयनित अभ्यर्थी मौजूद रहे। शासन के निर्देश के क्रम में लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद शेष नवचयनित अभ्यर्थियों को संबंधित जनपद मुख्यालयों पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में जनपद बरेली के लिए चयनित 34 प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी अभ्यर्थियों को जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

नियुक्ति पत्र प्राप्त करते ही नवचयनित अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। अधिकारियों ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनसे किसान हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का आह्वान किया।जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने नवचयनित प्राविधिक सहायकों को बधाई देते हुए कहा कि कृषि विभाग में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी कार्मिकों से जनपद के किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी कर्तव्यनिष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों तक शासन की योजनाओं और कृषि से जुड़ी नवीन तकनीकों की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाना आवश्यक है। नवचयनित कार्मिक अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए किसानों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने नवचयनित प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति की बधाई देते हुए कहा कि सरकारी सेवा में नियुक्ति के साथ नई जिम्मेदारियां भी जुड़ती हैं। सभी कार्मिक पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में लगातार नई तकनीकों का प्रयोग बढ़ रहा है। ऐसे में प्राविधिक सहायकों की जिम्मेदारी है कि वे आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों और शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं। किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में भी प्राविधिक सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, तकनीकी दक्षता और जिम्मेदार कार्यशैली से जनपद की कृषि व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे क्षेत्र में सक्रिय रहकर किसानों की समस्याओं को समझें और उनके समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान नवचयनित प्राविधिक सहायकों में नियुक्ति पत्र मिलने को लेकर उत्साह रहा। अधिकारियों ने उन्हें शासन की मंशा के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# शराब पीकर घर लौटे युवक की संदिग्ध मौत, जहरीला पदार्थ देने का आरोप

### ▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगी मौत की वजह, पुलिस ने शुरू की जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शाही थाना क्षेत्र के बंशीपुर गांव में सोमवार को शराब पीकर घर लौटे 30 वर्षीय दिनेश कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पत्नी ममता रात करीब आठ बजे खाना लेकर कमरे में पहुंची तो दिनेश बिस्तर पर बेसुध पड़ा था। आवाज देने और उठाने का प्रयास करने के बावजूद उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। परिजनों को सूचना दी गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

दिनेश की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। हालांकि पुलिस अभी आरोपों की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। थानाध्यक्ष देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि दिनेश सुबह से ही शराब पी रहा था। प्रथम दृष्टया अधिक शराब के सेवन से मौत होने की आशंका है, लेकिन पुलिस किसी भी संभावना को नकार नहीं रही है। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दिनेश पांच भाइयों और दो बहनों में चौथे नंबर का था। उसकी मौत से पत्नी ममता और तीन बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नदोसी में गंदगी के बीच बनी मिठाई नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रक्षाबंधन समेत आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को खाद्य विभाग की टीमों ने मिठाई की दुकानों, प्रतिष्ठानों और खाद्य पदार्थों के परिवहन की जांच की। नदोसी में गंदगी के बीच तैयार की जा रही करीब 490 किलो मिठाई नष्ट कराई गई। वहीं बदायूं से बरेली आ रही वैन से बरामद 275 किलो खराब पनीर भी नष्ट कराया गया।

नदोसी क्षेत्र के एक खाद्य प्रतिष्ठान के निरीक्षण में साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली। यहां दूध की लौज और बर्फी तैयार की जा रही थी। टीम ने करीब 140 किलो दूध की लौज और 350 किलो बर्फी को खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट करा दिया। इसी दौरान खाद्य पदार्थ लेकर बरेली आ रही वैन की जांच की गई। वाहन से करीब 275 किलो पनीर मिला, जिसकी गुणवत्ता खराब पाई गई। इसे भी नष्ट कराया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिठाई, खोया, पेठा, लड्डू और बर्फी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अधिकारियों ने खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई बनाए रखने और मानकों के अनुरूप खाद्य सामग्री इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। विभाग ने बताया कि रक्षाबंधन, बारावफात और जन्माष्टमी को देखते हुए अभियान आगे भी जारी रहेगा। मिलावट या घटिया सामग्री मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मीरगंज / शीशगढ़।** शीशगढ़ पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और पॉक्सो एक्ट के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे आरोपी बॉबी सिंह को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस मामले में टिंकल सिंह और यशपाल सिंह के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है।उपनिरीक्षक रियाजुद्दीन को मुखबिर से सूचना मिली कि ढकिया ठाकुरान निवासी आरोपी बॉबी सिंह लखा पुलिया के पास सड़क किनारे खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को दबोच लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने मंगलवार सुबह आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# मंडलायुक्त ने परखी विकास योजनाओं की प्रगति

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मंडलायुक्त शंभू कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मंडल के विकास कार्यक्रमों और जनकल्याणकारी योजनाओं की सेक्टरवार समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान स्वास्थ्य समेत विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई और धीमी गति वाले कार्यों में सुधार के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बदायूं की सीएचसी और पीएचसी में मिली कमियों पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने अस्पतालों में व्यवस्थाएं सुधारने और बदायूं की सीएचसी में बेड की संख्या समय से बढ़ाने के निर्देश दिए। बिना अनुमति अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। पीलीभीत के महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड व्यवस्था में सुधार तथा शाहजहांपुर में लक्ष्य से कम डायलिसिस होने पर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी सीएचसी-पीएचसी में दवाओं की उपलब्धता का रजिस्टर रखने को कहा गया। शाहजहांपुर और बदायूं में आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर मंडलायुक्त ने कोटेदारों और आशाओं की सहायता लेने, ब्लॉक व तहसील स्तर पर शिविर लगाकर प्रचार-प्रसार करने और बने कार्ड पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। टीबी मुक्त भारत अभियान, जननी सुरक्षा योजना और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की भी समीक्षा हुई। बदायूं में सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए पंचायती राज विभाग से समन्वय करने को कहा गया। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा में धान क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने और जलपान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट गेट पर दंपति ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़का

### ▸ 67 लाख में प्लॉट का सौदा, दो लाख रुपये देने के बाद भी न बैनामा हुआ न रकम वापस मिली, सुरक्षाकर्मियों ने समय रहते रोका, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जमीन का बैनामा न होने और दो लाख रुपये वापस नहीं मिलने से परेशान दंपति ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट गेट पर आत्मदाह की कोशिश कर सनसनी फैला दी। बिथरी चैनपुर के चंदपुर बिचपुरी निवासी नरेश पाल अपनी पत्नी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा और दोनों ने खुद पर मिट्टी का तेल छिड़क लिया। दंपति कोई कदम उठा पाता, इससे पहले ही वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अपने साथ ले गई। घटना के बाद कलेक्ट्रेट गेट पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। नरेश पाल का आरोप है कि उसने बिशारतगंज थाना क्षेत्र के टीकाराम मौर्य से 67 लाख रुपये में प्लॉट खरीदने का सौदा किया था। सौदे के दौरान उसने दो लाख रुपये टीकाराम को दिए थे। रकम देने के बाद उसे उम्मीद थी कि जल्द ही जमीन का बैनामा उसके नाम कर दिया जाएगा, लेकिन आरोप है कि न तो बैनामा कराया गया और न ही रकम वापस की गई। नरेश का कहना है कि वह काफी समय से अपने रुपये वापस मांग रहा था, लेकिन उसे लगातार टाल दिया जाता था। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि रुपये वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई। जमीन और रकम दोनों के मामले में कार्रवाई के लिए उसने अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। इसी के चलते मंगलवार सुबह पत्नी के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर उसने आत्मदाह जैसा कदम उठाने की कोशिश की। दंपति को मिट्टी का तेल छिड़कते देखकर इंटेलिजेंस में तैनात ओमपाल सिंह, एलआईयू में तैनात अमित कुमार एवं महिला हैड कांस्टेबल कुसुम सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उन्हें घेर लिया और आत्मदाह करने से रोक दिया। इस पर जिला अधिकारी ने दोनों जवानों को नगद ढाई ढाई हजार रुपए से पुरस्कृत किया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। जमीन के सौदे, दो लाख रुपये के लेनदेन और धमकी के आरोपों से जुड़े दस्तावेज व अन्य तथ्यों की भी जांच की जाएगी। कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील स्थान पर आत्मदाह की कोशिश ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश , नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

# सीकरी में आंबेडकर की मूर्ति खंडित मिलने से तनाव, पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल

## सरकारी जमीन पर रात में बिना अनुमति स्थापित की गई थी मूर्ति, सुबह चबूतरे से नीचे टूटी मिली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर/औरछी।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव राजा की सीकरी में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति खंडित मिलने के बाद तनाव फैल गया। मूर्ति खंडित होने से नाराज ग्रामीणों ने सुबह से प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामला उस समय और बिगड़ गया, जब देर शाम ग्रामीणों और पुलिस के बीच टकराव हो गया। आरोप है कि भीड़ ने पुलिस और पीएसी पर पथराव कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पथराव की चपेट में कुछ मीडियाकर्मी भी आ गए और कई लोगों को चोटें आईं।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और पीएसी ने उपद्रवियों को खदेड़ने के लिए लाठियां भांजी। इसके बाद भीड़ मौके से भाग गई। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस उपद्रवियों की पहचान कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।

ग्रामीणों के अनुसार सोमवार रात कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर बिना प्रशासनिक अनुमति के डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर दी थी। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने मूर्ति को चबूतरे से नीचे टूटी हुई अवस्था में देखा तो आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया।



टूटी हुई मूर्ति के पास बैठी महिलायें। -जागरण मोर्चा



प्रदर्शन करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा



बरसात के दौरान भी धरने पर रहे ग्रामीण। -जागरण मोर्चा



ट्रक से उतरते पीएसी के जवान। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों की मांग थी कि मूर्ति खंडित करने वालों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और मौके पर नई मूर्ति स्थापित कराई जाए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम प्रियंका सिंह, एसपी देहात डॉ. हृदेश कठेरिया और सीओ अंशुमान श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराने का प्रयास किया। फैजगंज बेहटा थाना पुलिस के साथ आसपास के कई थानों का पुलिस बल गांव में बुला लिया गया। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पीएसी भी तैनात की गई। अधिकारी लगातार ग्रामीणों को समझाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे, लेकिन देर शाम माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया।

बताया जाता है कि इसी दौरान भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पुलिस और पीएसी पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई पुलिसकर्मी चोटिल हो गए, जबकि कवरेज कर रहे मीडियाकर्मी भी भीड़ के बीच फंस गए। कुछ लोगों को गंभीर चोटें आने की बात भी सामने आई है। आरोप है कि उपद्रवियों ने पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ की और गांव में खड़ी कई बाइकों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालात काबू से बाहर होते देख पुलिस और पीएसी ने मोर्चा संभाला और लाठियां भांजकर भीड़ को तितर-बितर किया। कार्रवाई के बाद उपद्रवी मौके से भाग गए।

पुलिस ने गांव में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दी है और संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। घटना में शामिल लोगों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने, पुलिस पर हमला करने और वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले में यह सवाल भी उठ रहा है कि सरकारी जमीन पर बिना अनुमति रात के समय मूर्ति किसने स्थापित की और इसकी जानकारी प्रशासन को पहले क्यों नहीं हुई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल और पीएसी तैनात है। पुलिस उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुटी हुई है।

> पूरे मामले पर सुबह से ही पुलिस की कड़ी नजर रही, अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण अपनी है से बाज नहीं आए देर शाम को समझाने के दौरान खुरपतियों ने पुलिस पीएससी पर पथराव कर दिया। पुलिस ने भी हल्का बल इस्तेमाल करते हुए खुरपतियों को तितर-बितर कर दिया। खुरापतियों की पहचान की जा रही है। दोषियों को किसी कीमत में छोड़ा नहीं जाएगा। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।
>
> –अंकिता शर्मा, एसएसपी बदायूं

## संक्षेप समाचार

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने वजीरगंज, कादरचौक, सालारपुर और उझानी समेत विभिन्न विकासखंडों की 49 नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। विधायक ने कहा कि सभी सहायिकाएं अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करें। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से सफलता जरूर मिलती है। महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष सलोनी सुची पाठक ने भी नव नियुक्त सहायिकाओं को बधाई देते हुए सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान एमएलसी वागीश पाठक के प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक समेत जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### नव चयनित प्राविधिक सहायकों को मिले नियुक्ति पत्र

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में मंगलवार को कृषि विभाग के 67 नव चयनित प्राविधिक सहायक ग्रुप–सी को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, एमएलसी प्रतिनिधि शारदेंदु पाठक, जिलाधिकारी अवनीश राय समेत अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नव नियुक्त कार्मिकों को बधाई देते हुए किसानों के हित में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार समेत कृषि विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन मनोज कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ ने किया।

### डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाने का मामला, पुलिस पर पथराव करने वाले सात लोग हिरासत में

**आसफपुर।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव सिकरी में मंगलवार को ग्राम समाज की सरकारी जमीन पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार, कुछ लोगों ने बिना अनुमति प्रतिमा लाकर सरकारी जमीन पर रख दी और उसी दिन प्रतिमा स्थापित करने की मांग करने लगे। पुलिस ने मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रतिमा स्थापित करने से रोक दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर ईंट–पत्थर फेंक दिए। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सात लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार को जाटव समाज के कुछ लोग ग्राम समाज की सरकारी भूमि पर डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के उद्देश्य से प्रतिमा लेकर पहुंचे थे। प्रतिमा रखे जाने के कुछ समय बाद लोगों ने उसी स्थान पर प्रतिमा स्थापित करने की जिद शुरू कर दी। पुलिस और प्रशासन ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। मौके की संवेदनशीलता और कानून–व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल ने प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति नहीं दी। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने ईंट–पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। इससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया और सात लोगों को हिरासत में ले लिया।

# दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फर्जी भाजपा नेताओं ने वसूली रंगदारी, गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है। भाजपा का चोला ओढ़ कर रंगदारी करने वाले दो युवा फर्जी भाजपा नेता पुलिस ने दुष्कर्म के नाम पर फसाने की धमकी देने वाले और रंगदारी वसूलने वाले गिरफ्तार कर लिए गए हैं और जेल भेज दिया गया है। भाजपा में जनप्रतिनिधियों के साथ फोटो खींच कर जनता में दहशत फैलाने वाले एवं अधिकारियों के नाम पर धन वसूली करने वाले दोनों फर्जी नेताओ को जेल भेज दिया गया है। मामला सिविल लाइंस थाना पुलिस ने बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रुपये लेने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 1.07 लाख रुपये बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार ग्राम कैली निवासी संतोष कुमार पाल की तहरीर पर 25 अगस्त को थाना सिविल लाइंस में मुकदमा अपराध संख्या 309/26, धारा 308(6) बीएनएस के तहत भाजपा नेता अजय शर्मा, अंकुर उपाध्याय और भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि अभियुक्तों ने बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर पीड़ित से 1.40 लाख रुपये लिए थे।



आरोपियों को जेल भेजती सिविल लाइन्स पुलिस। -जागरण मोर्चा

पुलिस ने भाजपा नेता अजय शर्मा निवासी बरातेगदार, थाना सिविल लाइंस के कब्जे से 50 हजार रुपये तथा भाजपा नेता अमन उर्फ मयंक शर्मा निवासी मोहल्ला चौबे, थाना कोतवाली के कब्जे से 57 हजार रुपये बरामद किए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अमन मयंक शर्मा के खिलाफ थाना कोतवाली बदायूं और थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के अनुसार अजय शर्मा के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में निरीक्षक अपराध सुपेन्द्र मलिक मय टीम शामिल रहे।

**भाजपा जिला अध्यक्ष ने क्या कहा :** भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता का कहना है पंडित अजय शर्मा और अमन मयंक शर्मा का भाजपा में कोई दायित्व नहीं है। किसी तरह का कोई पद नहीं है, भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है। अगर वह अपने आप को भाजपा नेता बता रहे थे तो गलत है। अपराधियों का भाजपा से लेना-देना नहीं है। अपराधियों की जगह जेल में है। अपराध किया है तो कार्रवाई होगी, पुलिस को ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

**नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर करते थे रंगदारी :** सिविल लाइंस थाना पुलिस ने जिन दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है और रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया है वह दोनों नेता अपने आप को भाजपा का नेता बताते थे जब कि भाजपा में कोई दायित्व नहीं है। इसके बाद भी दोनों नेता अमन मयंक शर्मा और अजय शर्मा भाजपा के कार्यक्रमों में शामिल होते थे कई सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होते थे और जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ फोटो खींच कर जनता में अपना रुतबा दिखाकर रंगदारी जैसा अपराध कर रहे थे। दोनों अपराधियों के फोटो भाजपा नेताओं से लेकर विधायक और सांसदों तक यहां तक की भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष तक खिंचवाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करते थे और वसूली का धंधा चल रहे थे।

# प्रतिमा विवाद में नया एंगल: कहीं बवाल खड़ा कर दबाव बनाने की कोशिश तो नहीं?

हर्षित मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** सीकरी गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को लेकर हुए विवाद में अब एक नया एंगल सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रशासन की अनुमति के बिना प्रतिमा स्थापित किए जाने के बाद कार्रवाई की आशंका से बचने के लिए विवाद को तूल देने की कोशिश की गई। चर्चा यह भी है कि जिन लोगों ने प्रतिमा स्थापित की थी, उन्हीं में से कुछ लोगों ने उसे गिराकर ऐसा माहौल बनाया, जिससे प्रशासन पर तत्काल नई प्रतिमा स्थापित कराने का दबाव बनाया जा सके। हालांकि, इस दावे की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस की जांच के बाद ही तस्वीर पूरी तरह साफ होगी।

**बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने से शुरू हुआ मामला :** सूत्रों के अनुसार, 25 अगस्त की सुबह करीब चार बजे ग्राम समाज की सुरक्षित श्रेणी की भूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया गया था। प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रशासन से अनुमति लिए जाने की बात सामने नहीं आई है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। इसके बाद प्रतिमा को लेकर विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों की ओर से प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने का आरोप लगाया गया और तत्काल नई प्रतिमा स्थापित कराने की मांग शुरू कर दी गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामला बढ़ता देख पुलिस और प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस बल तथा पीएसी तैनात करनी पड़ी।



ग्रामीणों को समझती पुलिस व अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**कार्रवाई के डर से दबाव बनाने की चर्चा :** सूत्रों का दावा है कि बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने वाले लोगों को इस बात की आशंका थी कि प्रशासन उनके खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। इसी बीच प्रतिमा को लेकर विवाद खड़ा होने और उसके बाद तत्काल नई प्रतिमा स्थापित कराने की मांग किए जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यह भी चर्चा है कि प्रतिमा को गिराए जाने का माहौल बनाकर ग्रामीणों को एकजुट किया गया, ताकि प्रशासन पर तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाया जा सके। ग्रामीणों की ओर से मौके पर ही नई प्रतिमा स्थापित कराने और कुछ पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बावजूद ग्रामीण तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

**पुलिस के बयान से कहानी में आया ट्विस्ट :** मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बदायूं पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से जारी स्पष्टीकरण में प्रतिमा तोड़े या खंडित किए जाने की सूचना को असत्य और निराधार बताया है। पुलिस के मुताबिक, जांच में प्रतिमा तोड़े या खंडित किए जाने की बात सामने नहीं आई है। पुलिस के इस बयान के बाद ग्रामीणों के आरोप और पुलिस की जांच के बीच अंतर साफ दिखाई दे रहा है। ऐसे में अब यह जांच का विषय बन गया है कि आखिर प्रतिमा की वास्तविक स्थिति क्या थी, उसे किसने स्थापित किया और विवाद किस तरह शुरू हुआ।

**जांच से खुलेगा पूरा राज :** मामले में प्रशासन की ओर से फिलहाल संयम बरता जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी भूमि पर बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने और उसके बाद कानून-व्यवस्था प्रभावित करने की किसी भी कोशिश को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। यदि जांच में यह सामने आता है कि प्रतिमा को जानबूझकर गिराया गया और उसके बाद प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए विवाद खड़ा किया गया, तो यह मामला महज प्रतिमा विवाद तक सीमित नहीं रहेगा। वहीं यदि जांच में लगाए गए आरोप सही नहीं पाए जाते हैं तो पुलिस के आधिकारिक बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में पुलिस और पीएसी तैनात है। प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों से लगातार बातचीत कर रहे हैं। प्रतिमा के लिए स्थान चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। अब सबकी नजर पुलिस की जांच पर है, जिससे यह स्पष्ट होगा कि विवाद की शुरुआत कैसे हुई और इसके पीछे वास्तविक कारण क्या था।

नींव | संग-ए-बुनियाद रखकर जिला काजी हजरत अतीफ मियां कादरी ने की शुरुआत

# ताजदारे अहले सुन्नत हजरत सालिम मियां साहब के नाम बनेगा ऐतिहासिक गेट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ताजदारे अहले सुन्नत हजरत सालिम मियां साहब की याद में छोटे सरकार रोड पर बनने वाले भव्य एवं ऐतिहासिक गेट की संग-ए-बुनियाद मंगलवार को उनके जानशीन जिला काजी हजरत अतीफ मियां कादरी साहब ने पहली ईंट रखकर की। इस दौरान पूर्व मंत्री आबिद रजा भी मौजूद रहे। गेट के निर्माण की शुरुआत की जानकारी मिलते ही हजरत सालिम मियां साहब के चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई।

हजरत सालिम मियां साहब की मकबूलियत बदायूं ही नहीं, बल्कि देश-विदेश तक रही है। उनके लाखों मुरीद बताए जाते हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की खिदमत और उन्हें दुआएं देने में गुजारा। हर मजहब के लोग उनका सम्मान करते थे और उनसे दुआएं लेकर फैज पाते थे। हजरत सालिम मियां साहब के मुरीदों और चाहने वालों की लंबे समय से ख्वाहिश थी कि बदायूं में उनकी याद में ऐसा भव्य गेट बनाया जाए, जो आने वाली पीढ़ियों को भी उनकी शख्सियत और उनकी सेवाओं की याद दिलाता रहे। मंगलवार को जिला काजी हजरत अतीफ मियां कादरी ने संग-ए-बुनियाद रखकर इस ख्वाहिश को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाया।



गेट की नींव रखते जिला काजी हजरत अतीफ मिया कादरी व पूर्व मंत्री आबिद रजा। -जागरण मोर्चा

इस मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रजा की मौजूदगी भी खास रही। बताया गया कि हजरत सालिम मियां साहब का आबिद रजा से विशेष लगाव था। हजरत उन्हें हमेशा अपनी दुआओं से नवाजते रहे। यही वजह रही कि गेट की संग-ए-बुनियाद के मौके पर आबिद रजा भी मौजूद रहे। संग-ए-बुनियाद के दौरान कादरी दरगाह से जुड़े और हजरत सालिम मियां साहब के चाहने वाले सैकड़ों लोग मौजूद रहे। गेट निर्माण की शुरुआत को लोगों ने हजरत की याद और उनकी विरासत को संजोने की महत्वपूर्ण पहल बताया।

## नशामुक्ति संदेश के साथ होंगी आठ जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

**बदायूं।** नशामुक्त युवा अभियान के तहत 26 अगस्त को राजकीय महाविद्यालय, आवास विकास के सभागार में जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। इनमें लोकगीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक/माइम, पेंटिंग, वाद-विवाद/भाषण, 60 सेकंड की लघु फिल्म या रील, नारा लेखन और मौलिक काव्य प्रस्तुति शामिल हैं। जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। प्रतिभागियों को संस्था की आईडी साथ लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को 'खेल की बात, पीएम मोदी के साथ' संवाद कार्यक्रम होगा।

# तेज रफ्तार कंटेनर पलटा, बुजुर्ग की मौत; दो किशोरियां गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

> हजरतपुर-म्याऊं मार्ग पर मंगलवार को हुआ हादसा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक की शुरु की तलाश

**बदायूं।** हजरतपुर-म्याऊं मार्ग पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बैठे लोगों पर पलट गया। हादसे में उसावां क्षेत्र के गांव ग्योति निवासी रघुवीर (65) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि मंगलवार दोपहर हजरतपुर की ओर से एक तेज रफ्तार कंटेनर म्याऊं की तरफ जा रहा था। हजरतपुर-म्याऊं मार्ग पर अचानक कंटेनर अनियंत्रित हो गया। चालक जब तक वाहन को संभाल पाता, तब तक कंटेनर सड़क किनारे बैठे लोगों की ओर पलट गया। हादसे में रघुवीर समेत राधा (10) पुत्री रतनपाल और संध्या (11) पुत्री रतीराम कंटेनर के नीचे दब गए।कंटेनर पलटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कंटेनर के नीचे दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला। हालांकि तब तक रघुवीर की मौत हो चुकी थी। दोनों किशोरियां गंभीर रूप से घायल थीं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायल किशोरियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा।वहीं,पुलिस ने बुजुर्ग के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**बदायूं।** उसावां थाना क्षेत्र के गांव मंशा नगला के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से खेत की ओर जा रहे किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। उसावां के गांव बझेड़ा निवासी महेंद्र (50) पुत्र उत्तम सोमवार रात खाना खाने के बाद खेत की ओर जा रहे थे। मंशा नगला गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में महेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस बाइक सवार की तलाश कर रही है।

# दोहरे हत्याकांड में कोर्ट में पेश किये दस्तावेज, सुनवाई एक सितंबर को

## 12 मार्च को एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में हुई थी डीजीएम और डिप्टी मैनेजर की गोली मारकर हत्या

**एचपीसीएल हत्याकांड**

जागरण मोर्चा कार्यालय



एचपीसीएल हत्याकांड में मारे गए दोनों अधिकारी। -जागरण मोर्चा



आरोपी की मां के नाम थी यह सरकारी उचित दर की दुकान। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** मूसाझाग क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में दो अफसरों की हत्या के मामले में जिला जज विवेक संगल की अदालत में दस्तावेज पेश किये। स्थलीय निरीक्षण के बारे में एक सितंबर को होने वाली अगली सुनवाई में निर्णय होगा। पिछली सुनवाई 12 अगस्त को घटना के मुख्य चश्मदीद लोकेश कुमार के बयान दर्ज किए गए। इस दौरान वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपने तर्क पेश किए। इलेक्ट्रानिक साक्ष्य पेश करने के लिए 24 अगस्त की तारीख मुकर्रर की गई थी। एचपीसीएल कांड में अब अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी। सोमवार को इस मामले में हुई सुनवाई में पिछली सुनवाई के दौरान मांग गये दस्तावेज पेश किये गये। स्थलीय निरीक्षण पर एक सितंबर को कोर्ट निर्णय करेगी। पिछली सुनवाई 12 अगस्त दोहरे हत्याकांड के चश्मदीद लोकेश कुमार को कड़ी सुरक्षा में मुंबई से बदायूं की जिला अदालत लेकर आया गया। उन्होंने उस दिन उनके सामने हुए दोहरे हत्याकांड़ को लेकर अपने बयान दर्ज कराए।

मुख्य गवाह लोकेश कुमार के बयान दर्ज किए गए। बयान के दौरान वादी और प्रतिवादी दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी बात कही। गवाही के साथ ही मुकदमे को लेकर जिरह (बहस) होनी थी, लेकिन इलेक्ट्रानिक साक्ष्य पेश न होने की वजह से मामले में सुनवाई के लिए 24 अगस्त की तारीख तय की गई। वादी पक्ष के अधिवक्ता तरित माथुर, मृतक हर्षित मिश्रा के पिता की ओर से अधिवक्ता संदीप मिश्रा, शासकीय अधिवक्ता अनिल राठौर और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता सोमेंद्र सिंह सोलंकी मौजूद रहे। दोहरे हत्या के मामले में वादी एवं एचपीसीएल के जूनियर एग्जीक्यूटिव और हत्याकांड के वादी जीशान अंसारी के तीन व चार अगस्त को बयान दर्ज किए गए। पहले दिन तीन अगस्त को जीशान के बयान पूरे दर्ज न होने पर चार अगस्त को भी बयान हुए। वादी के बयान पूरे होने के बाद कोर्ट ने गवाहों के बयान के लिये 12 अगस्त लगाई थी। जिसमें एक गवाह ने बयान दर्ज कराये थे।

## संक्षेप समाचार

### घर में घुसकर युवती और महिला से मारपीट

**जरीफनगर।** थाना क्षेत्र के गांव सलावतपुर में घर में घुसकर युवती और महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित सत्यवीर पुत्र हराम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तहरीर के मुताबिक 22 अगस्त की शाम करीब छह बजे पीड़ित की बेटी रितेश और भाभी कमला पत्नी हरपाल घर पर थीं। इसी दौरान गांव के मोहकम, भवेश , राजकुमार और प्रवेश उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए रितेश और कमला के साथ लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की। मारपीट में दोनों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट का आरोप

**वजीरगंज।** कस्बे के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक पर घर में घुसकर बेटी से छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना पांच अगस्त सुबह करीब 11 बजे की है। उस समय घर पर कोई नहीं था और युवती घर में अकेली थी। आरोप है कि नई बस्ती निवासी फैजान पुत्र निसार अहमद घर में घुस आया और युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। युवती के शोर मचाने पर मोहल्ले के कई लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित पिता के अनुसार मारपीट में युवती को चोटें आईं, जिसका स्थानीय स्तर पर उपचार कराया गया। 23 अगस्त को पिता ने वजीरगंज थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर युवक को पीटा

**दातागंज।** मजदूरी के रुपये मांगने को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पत्नी ने दातागंज थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बेलाडांडी गांव निवासी राजबेटी पत्नी वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 अगस्त की शाम करीब चार बजे उसके पति वीरपाल मजदूरी के रुपये मांगने गए थे। आरोप है कि गांव के सुरेश, सुलेन्द्र पुत्रगण मानन, लालमन पुत्र मानन और भुक्का पुत्र महेंद्र ने मजदूरी के रुपये मांगने पर वीरपाल के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से चले गए। घटना के बाद परिजन घायल वीरपाल को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। उपचार कराने के बाद उसकी पत्नी ने 24 अगस्त को दातागंज थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिजली का बिल उतारने से मना किया तो युवक को पीटा

**बिसौली।** थाना बिसौली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर में बिजली का बिल उतारने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि चार लोगों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। पीड़ित शमशाद पुत्र असरार अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक उसके घर का बिजली कनेक्शन का बिल मस्जिद के पास सरकारी खंभे पर बंधा हुआ था। सात अगस्त की शाम करीब सात बजे गांव के चार लोग उसका बिजली का बिल उतारने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने से मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर मोहल्ले के फरहत अली और इरशाद मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने दोबारा बिल लगाने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में घायल शमशाद ने सीएचसी बिसौली में मेडिकल कराया और जिला अस्पताल में एक्स-रे कराया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

### बिजली चोरी की शिकायत पर घर में घुसकर धमकी देने का आरोप, पुलिस से कार्रवाई की गुहार

**बिसौली।** थाना बिसौली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर निवासी महिला ने एक व्यक्ति पर बिजली चोरी की शिकायत को लेकर घर में घुसकर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक 7 अगस्त को किसी व्यक्ति ने आरोपी के खिलाफ बिजली चोरी कर उसका उपयोग करने की शिकायत की थी। आरोप है कि रंजिश के चलते आरोपी ने शिकायतकर्ता के बेटे शाहे आलम पर शिकायत करने का शक किया। इसी बात को लेकर आरोपी कथित रूप से महिला के घर में घुस आया और वहां मौजूद महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। शोर सुनकर शाहे आलम मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की बात कही। आसपास के लोगों ने पहुंचकर मामला शांत कराया। तहरीर में महिला ने परिवार को आरोपी से जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब के नशे में युवक ने काटा कान, जान से मारने की धमकी

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में शराब के नशे में एक युवक द्वारा गाली-गलौज करने और मारपीट के दौरान दूसरे युवक का कान काटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मनोज कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी सुल्तानपुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 अगस्त की दोपहर करीब 1:30 बजे वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान गांव का भूरा सिंह पुत्र मनोहर सिंह शराब के नशे में वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपी ने मुंह से उसके कान को दांतों से काट लिया। इससे वह घायल हो गया। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि वह पहले से पैर से दिव्यांग है। पुलिस ने आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज की है।

## कांवड़ चढ़ाकर लौट रहे बाइक सवारों को अल्टो ने मारी टक्कर, एक की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान-बिसौली मार्ग पर ग्राम भूड़ खितौरा के पास तेज रफ्तार अल्टो कार ने मोटरसाइकिल सवार चार कांवड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक 17 अगस्त को जखूपुर निवासी आकाश (20), पवन (23), सर्वेश (28) और ग्राम सिरकी दम्मू निवासी छत्रपाल (38) मोटरसाइकिल से पटना देवकली स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने और मनौना धाम, आंवला के दर्शन करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान सहसवान-बिसौली मार्ग पर भूड़ खितौरा गांव के पास सामने से आ रही अल्टो कार ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

हादसे में चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर यूपी-112 की पीआरवी और सहसवान पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को सीएचसी सहसवान ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बदायूं मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

पवन की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे बरेली ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर 23 अगस्त को परिजन उसे बरेली से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान सिलहरी गांव के पास रास्ते में पवन ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

# धनराशि पास होने के बाद भी बैंक ने रोका लोन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार शुरू करने के लिए स्वीकृत हुई ऋण राशि बैंक स्तर पर अटकने का मामला सामने आया है। युवक का आरोप है कि ऋण स्वीकृत होने के बावजूद बैंक प्रबंधन ने उसके खाते पर होल्ड लगा दिया, जिससे उसे दस दिन से बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। रकम नहीं मिलने से उसका रोजगार शुरू करने का सपना अधर में लटक गया है।

मामला सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक की शाखा का बताया जा रहा है। पीड़ित युवक सक्षम चौहान के मुताबिक उसने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत स्वरोजगार शुरू करने के लिए ऋण के लिए आवेदन किया था। प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसकी ऋण राशि स्वीकृत हो गई। इसके बावजूद बैंक की ओर से खाते में धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। युवक का आरोप है कि शाखा प्रबंधक बृजेश गौतम की मनमानी के चलते उसके खाते पर होल्ड लगा दिया गया है।

पीड़ित का कहना है कि वह पिछले करीब दस दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहा है। बैंक अधिकारियों से रकम जारी करने की मांग की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उसका आरोप है कि कमीशनखोरी के चक्कर में ऋण की स्वीकृत धनराशि रोकी जा रही है। हालांकि, कमीशन मांगे जाने के आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

युवक ने बताया कि उसने रोजगार शुरू करने के उद्देश्य से यह ऋण लिया है। समय पर धनराशि नहीं मिलने के कारण दुकान और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से संबंधित काम प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द रकम नहीं मिली तो उसे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। सरकार की ओर से युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता देने का दावा किया जाता है। ऐसे में बैंक स्तर पर स्वीकृत ऋण राशि रोके जाने का मामला योजना की मंशा पर सवाल खड़े करता है।

पीड़ित युवक ने बैंक के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर खाते से होल्ड हटवाने और स्वीकृत ऋण राशि तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही उसने आरोपों की जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित बैंक अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 60 हजार की रिश्वत लेने के बाद भी नहीं मिला योजना का लाभ

**बदायूं।** योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 60 हजार रुपये की रिश्वत लेने के बाद भी लाभार्थी को योजना का लाभ नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

इस तरह की शिकायत नहीं मिली है। अगर ऐसा हैं तो मामले की जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योजना के तहत युवाओं को पांच लाख रुपये लोन देने की व्यवस्था है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में दोषी लोगों पर विभागीय कार्रवाई कराई जाएगी।

**-रितेश वर्मा, एलडीएम बदायूं**

## 107 स्कूली वाहन चालकों का हुआ स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मौजूद स्कूल वाहन चालक। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर 11 से 25 अगस्त तक चलाए जा रहे सेफ फ्यूचर 2.0 अभियान के तहत सोमवार को उप संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में स्कूली वाहन चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 107 स्कूल वाहन चालकों का स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम में नेत्र सर्जन डॉ. उत्पल रस्तोगी, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवानी गुप्ता, फार्मासिस्ट कमर इकबाल और नेत्र परीक्षण अधिकारी राजपाल शामिल रहे। चिकित्सकों ने वाहन चालकों की स्वास्थ्य संबंधी जांच के साथ ही उनकी दृष्टि का भी परीक्षण किया।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) हरिओम और यात्री/मालकर अधिकारी अभिनव चौधरी ने चालकों को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को वाहन में चढ़ाते और उतारते समय विशेष सावधानी बरती जाए। अधिकारियों ने चालकों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें और अस्वस्थ होने की स्थिति में वाहन न चलाएं। साथ ही सभी चालकों को पुलिस पोर्टल पर आवेदन करने के बाद चरित्र सत्यापन कराने के लिए भी कहा गया। स्कूल संचालकों से वाहनों के सभी आवश्यक प्रपत्र दुरुस्त रखने और समय से फिटनेस, परमिट व बीमा आदि की प्रक्रिया पूरी कराने का अनुरोध किया गया।

## अलापुर में पीछे से बाइक ने मारी टक्कर, बुजुर्ग की मौत

### म्याऊं से घर लौटते समय हुआ हादसा, दो अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक निशाल यादव।



गमजदा खड़े निशाल यादव के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र में म्याऊं-उसहैत मार्ग पर सोमवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय बुजुर्ग की राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव गिल्टैया निवासी निशाल सिंह यादव (60) पुत्र लाल सिंह सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। उनके साथ उसहैत क्षेत्र के गांव भंद्रा निवासी आजम और टेनी भी बाइक पर सवार थे। परिजनों के मुताबिक बाइक आजम चला रहा था, जबकि निशाल सिंह और टेनी पीछे बैठे थे। म्याऊं-उसहैत मार्ग पर पीछे से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत में निशाल सिंह को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां सोमवार शाम करीब छह बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दो अन्य घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

**चयन** — जिम्मेदारी मिलने पर जताया विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह का आभार

# तीन विधान परिषद समितियों के सदस्य बने वागीश पाठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिम्मेदारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आभार व्यक्त करते बदायूं से एमएलसी बगीश पाठक। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य एवं जनसेवा के प्रति समर्पित वागीश पाठक को विधान परिषद की तीन महत्वपूर्ण समितियों का सदस्य नामित किया गया है। उन्हें नियम पुनरीक्षण समिति, प्रश्न एवं संदर्भ समिति तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं नकली दवाओं के प्रचलन से जनजीवन की स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम संबंधी समिति में सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नई जिम्मेदारी मिलने पर वागीश पाठक ने विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र प्रताप सिंह और उपमुख्यमंत्री एवं विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि तीन महत्वपूर्ण समितियों में सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव का विषय है।

पाठक ने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल पद नहीं, बल्कि जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने का अवसर है। वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ जनहित से जुड़े मुद्दों को समितियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं की रोकथाम सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है। इसके अलावा प्रश्न एवं संदर्भ तथा नियम पुनरीक्षण समिति के माध्यम से शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने में योगदान देने का प्रयास किया जाएगा।

पाठक ने कहा कि जनता की समस्याओं, अपेक्षाओं और सुझावों को प्राथमिकता देते हुए स्वास्थ्य, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे। उन्होंने नेतृत्व की ओर से जताए गए विश्वास को अपनी प्रेरणा बताते हुए कहा कि जनहित के कार्यों के माध्यम से इस विश्वास को सार्थक करने का निरंतर प्रयास रहेगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**उझानी।** थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। हादसा जीडी गोयनका स्कूल के पास हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रूपामई उर्फ रामनगर निवासी राजकुमार की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, उनके परिवार का भतीजा सतीश चंद्र पुत्र रामाराम और गांव निवासी ओमकार पुत्र केदार किसी आवश्यक कार्य से मोटरसाइकिल से जा रहे थे। 23 अगस्त की सुबह करीब 9:30 बजे जीडी गोयनका स्कूल के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में सतीश चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिनावर, बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मुल्लापुर में पुरानी मुकदमेबाजी की रंजिश के चलते एक युवक पर लाठी-डंडों और चाकू से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घटपुरी लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर कर दिया गया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव मुल्लापुर निवासी वीरपाल पुत्र रामचंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार देर रात उसका 40 वर्षीय भाई किशन लाल गांव निवासी राजपाल के निजी नलकूप पर सो रहा था। आरोप है कि मुकदमेबाजी की पुरानी रंजिश के चलते गांव के अशोक और धर्मपाल नलकूप पर पहुंचे। दोनों ने सो रहे किशन लाल पर लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। हमले में किशन लाल गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ हो गया।

आरोप है कि हमलावर युवक को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। मंगलवार तड़के घटना की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो वे नलकूप पर पहुंचे। घायल किशन लाल को गंभीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घटपुरी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज बदायूं रेफर कर दिया। फिलहाल उसका मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

घटना के बाद घायल के भाई वीरपाल ने बिनावर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अशोक और धर्मपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की भूमिका और घटना के कारणों की भी जांच कर रही है।

थाना प्रभारी नीरज मलिक ने बताया कि दो पक्षों में झगड़ा हुआ था, जिसमें एक युवक घायल हुआ है। उसका मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। दो आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एक नजर

### बंडा में दिनदहाड़े सरे बाजार बाइक चोरी

**बंडा-शाहजहांपुर।** बंडा में सोमवार को दिनदहाड़े सरे बाजार एक बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी। बंडा थानाक्षेत्र के गांव पड़रिया दलेलपुर निवासी पुष्पेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर जानकारी दी कि वह सोमवार को बंडा के साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने आया था। बाजार से कुछ ही दूरी पर एक दुकान के सामने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर सामान लेने बाजार में चला गया। जब वापस आया तो किसी अज्ञात चोर द्वारा बाईक चोरी कर ली गई थी। पुलिस द्वारा समाचार लिखे जाने तक 24 घंटे बीतने के बावजूद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा सकी थी जानकारी लेने पर नगर इंचार्ज विनीत चौधरी ने बताया कि बाजार से बाईक चोरी की घटना के संबंध में सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

# शिकायतों की फाइलें बढ़ती रहीं पर नहीं घटीं मड़ोरा की मुसीबतें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जैतीपुर शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत शाहाबाद के मजरा मड़ोरा में ग्रामीणों की समस्याएं अब सिर्फ परेशानी नहीं, बल्कि जिम्मेदारों की कार्यशैली पर बड़ा सवाल बनती जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के दरवाजे खटखटा चुके हैं, लेकिन हर बार शिकायतें आश्वासन के बोझ तले दबकर रह गईं।

ग्रामीणों के मुताबिक समस्या कोई नई नहीं है। बार-बार शिकायत के बाद भी मौके पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने के बावजूद समस्या के स्थायी समाधान की



खराब सड़क पर गिरे बाइक सवार को उठाते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए। हरिंदर, अमरपाल, हरचरन, धर्मेंद्र, सुरेश, नेमचंद, संतोष, किशनपाल, तुमसेठ, रघुवीर, कृष्णपाल और कप्तान समेत ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब शिकायतें लगातार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंच रही हैं तो आखिर कार्रवाई किस स्तर पर अटक रही है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजने, समस्या की वास्तविक स्थिति की जांच कराने और लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

### आश्वासन से नहीं भरेगा जख्म

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अब सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर कार्रवाई चाहिए। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द समस्या का समाधान नहीं कराया तो वे उच्चाधिकारियों के समक्ष सामूहिक शिकायत दर्ज कराने को मजबूर होंगे। मड़ोरा के ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं होना अपने आप में व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। अब देखना यह है कि जिम्मेदारों की नींद कब टूटती है।

## फर्जी प्रमाण पत्र की पुष्टि के बाद दस्तावेजों का होगा सत्यापन

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में एक फर्म की ओर से लगाए गए फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र की पुष्टि होने और संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद महापौर अर्चना वर्मा ने सख्त रुख अपनाया है। महापौर ने नगर निगम में पंजीकृत सभी ठेकेदारों और फर्मों के अनुभव प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेजों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नगर निगम में पंजीकृत सभी फर्मों के दस्तावेजों की गहनता से जांच कराई जाए। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने तक सभी निविदा प्रक्रियाओं पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। महापौर के इस आदेश के बाद नगर निगम में पंजीकृत ठेकेदारों और फर्म संचालकों में खलबली मची हुई है। बताया जा रहा है कि एक फर्म के अनुभव प्रमाण पत्र की जांच के दौरान उसके फर्जी होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद संबंधित फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

# इतिहास के पन्नों में खो गई विरियागंज चौकी की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

अनुराग मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

- किसी समय तैनाती के लिए होती थी मोर्चेबंदी और घमासान
- प्रभारी निरीक्षकों के पल्ला झाड़ने से घटा उत्साह

**शाहजहांपुर।** जनपद के तिलहर कोतवाली अंतर्गत विरियागंज पुलिस चौकी किसी जमाने में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर तिलहर के मुख्य आकर्षण का केंद्र हुआ करती थी। यह वही पुलिस चौकी है जिस पर तैनाती पाने के लिए वर्दी धारियों को मंत्रियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, सांसदों, विधायकों और न्यायाधीशों से सिफारिश तक का सहारा लेना पड़ता था ।कई बार तो तैनाती के लिए वर्दी धारियों को आपस में मुचैटा भी लेना पड़ता था। इस पुलिस चौकी पर तैनाती के लिए पुलिसकर्मियों में खासा आकर्षण रहता था। जन्माष्टमी के आगमन से एक सप्ताह पहले ही पुलिस चौकी में साफ सफाई रंग रोगन साथ साज-सज्जा का दौर शुरू होता था तो फिर सिपाही हो या दरोगा सभी पूरे तन मन से अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लग जाते थे। नगर के समाजसेवी उद्योगपति पत्रकार शिक्षक डॉक्टर व्यापारी जनप्रतिनिधि लगभग प्रत्येक वर्ग से कोई ना कोई व्यक्ति इस कार्यक्रम में अपना सहयोग देने के लिए लालायित रहता था। यहां पर जन्माष्टमी के रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत करने में तत्कालीन मुख्य आरक्षी जय किशोर अवस्थी और कोतवाल कमलाकांत मिश्रा का विशेष योगदान रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी बीके त्यागी ने भी इस कार्यक्रम को जन-जन का कार्यक्रम बनाने के लिए पूरी तन्मयता से लगने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रेरित किया। परिणाम स्वरूप प्रतिवर्ष यहां पर जन्माष्टमी के दिन रंगारंग श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन होने लगा ।नगर वासियों का सहयोग और उत्साहवर्धन ने पुलिस चौकी विरियागंज की जन्माष्टमी को एक नई रंगत प्रदान कर दी जन्माष्टमी पर नगर की ही केलरगंज निवासी धर्मभीरु महिला निर्मला गुप्ता द्वारा प्रतिवर्ष किए जाने वाला भंडारा श्रद्धालुओं आपको अपनी और खींचने का काम करता था। जिसे तत्कालीन पुलिसकर्मियों ने जनता के सहयोग से कई वर्षों तक संचालित भी किया। अधिकारी और कर्मचारी आते गए जाते गए, मगर प्रतिवर्ष जन्माष्टमी का कार्यक्रम पूरी धूमधाम से मनाने का सिलसिला जारी रहा। तत्कालीन उप जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी, भगवान दीन वर्मा, पदम सिंह, उद्धव त्रिपाठी, एसपी सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी बीडी कठेरिया, विजय कुमार मिश्रा, गोपाल कृष्ण मनोज यादव, मंगल सिंह रावत, परमानंद पांडे, संजय कुमार इस कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत बने, कई बार तो अपर पुलिस अधीक्षक और जिला स्तर से भी प्रशासनिक अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षकों का इस कार्यक्रम के आयोजन में विशिष्ट सहयोग इस कार्यक्रम के लोकप्रिय होने का कारण बना। अरुण कुमार सिंह, रूम सिंह यादव, प्रदीप कुमार, कमलाकांत मिश्रा, परवेज मियां, अशोक पाल आरक्षी वर्ग से जय किशोर अवस्थी राजवीर सिंह रूपेंद्र कुमार जन्माष्टमी के इस कार्यक्रम को विशिष्ट बनाने की विशेष कड़ी बने थे।



### सर्वधर्म समभाव की अनूठी मिसाल

इतना ही नहीं तत्कालीन कोतवाल परवेज मियां ने जब तिलक लगाकर पूजा की थाली में आरती सजाकर भगवान कृष्ण जन्मोत्सव पर आरती करके श्री कृष्ण जन्माष्टमी को एक विशेष यादगार बना दिया। और सर्वधर्म समभाव की एक अनूठी मिसाल प्रस्तुत की तो यह कार्यक्रम विशेष रूप से चर्चित हुआ। किंतु 2018 के बाद कालांतर में धीरे-धीरे पुलिस महकमें के कोतवाली व सर्किल में बागडोर संभालने वाले अधिकारियों की उपेक्षा का शिकार बनने के बाद विरियागंज पुलिस चौकी अपना पुरातन गौरव शनै: शनै: खोने लगी । चौकी के मंदिर पर पूजा करने वाले पुजारी को झिड़क कर हटा दिया गया। चौकी का मंदिर उपेक्षा का शिकार होने लगा संसाधनों के अभाव में पुजारी ने पूजा का कार्य बंद कर दिया । पूर्ववर्ती एक कोतवाल ने पुजारी को कहा फ्री में पूजा करो तो करो किसी खर्च या पैसे की उम्मीद मत करना। इस तरह से कुछ दिन तक पूजा पाठ का काम संसाधनों के अभाव में पुजारी द्वारा किया जाता रहा और बाद में पूजा का काम बंद हो गया। और बरसों से श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर तिलहर के आकर्षण का केंद्र बनने वाली विरियागंज पुलिस चौकी उपेक्षा, बदहाली और देखरेख के अभाव में अपना पुराना गौरव खो बैठी है। तत्कालीन चौकी प्रभारी रमेश कुमार वर्मा ने निजी रुचि लेकर इस चौकी के सुन्दरी करण की शुरुआत की है नवागत कोतवाल प्रभाष चन्द्र इसे पूर्ववर्ती गौरव दिलाने और जन्माष्टमी के भव्य कार्यक्रम के पुन: आयोजन में कितनी रुचि लेंगे यह आने बाला समय ही बतायेगा। किसी समय में जन्माष्टमी पर तिलहर के आकर्षण का केंद्र बनने वाली विरियागंज पुलिस चौकी इतिहास के पन्नों में जन्माष्टमी पर अपनी गौरवपूर्ण उपस्थिति को तलाश करती नजर आ रही है।

# बारावफात को लेकर एसपी ने नगर में परखी सुरक्षा व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** बारावफात पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार सीओ सिटी देवब्रत वाजपेई, सीओ यातायात रणवीर सिंह यादव तथा सदर बाजार व कोतवाली पुलिस के साथ नगर क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने बारावफात के मद्देनजर चिन्हित संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों, जुलूस मार्गों और आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती और यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। ड्यूटी पर तैनात



सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। -जागरण मोर्चा

पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने और संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों को जुलूस और कार्यक्रमों के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण एवं निगरानी रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखने को कहा गया, ताकि अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई की जा सके। एसपी ने आमजन से बारावफात का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। पर्व को देखते हुए जिले में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण और निगरानी की जा रही है।

# जुलूस मार्ग के गड्ढे शाम तक भरने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** ईद-ए-मिलादुन्नबी (बारहवफात) के अवसर पर बुधवार को प्रस्तावित जुलूस की तैयारियों का जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन के पास स्थित नूरी मस्जिद पहुंचकर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र और नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत के साथ जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजक अनीस अत्तारी से जुलूस के निर्धारित मार्ग और तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने बिजली, सड़क, साफ-सफाई और चूना छिड़काव समेत अन्य व्यवस्थाएं



वारहवफात के जुलूस मार्ग का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। -जागरण मोर्चा

समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जुलूस मार्ग पर चल रहे कार्यों को तत्काल रोकने और सड़क पर मौजूद गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर भरवाने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क से संबंधित सभी आवश्यक कार्य बुधवार शाम तक हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि जुलूस के दौरान आवागमन में बाधा न आए और दुर्घटना की आशंका भी न रहे। विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को जुलूस के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जुलूस मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था की पहले से जांच कर संभावित खामियों को दूर करने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि जुलूस शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न हो तथा आमजन को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।

**विजय** नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और खेल के प्रति लगन के चलते बनाई राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान

# शाहजहांपुर की खुशी चौधरी ने ग्रेपलिंग नेशनल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिले की बेटी खुशी चौधरी ने हरिद्वार में आयोजित ग्रेपलिंग नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 64 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शाहजहांपुर और अपने गांव का नाम रोशन किया है। खुशी की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।

खुशी चौधरी शाहजहांपुर जिले की तिलहर तहसील के जैतीपुर ब्लॉक स्थित ग्राम नवादा मोड़ अगरोली की रहने वाली हैं। प्रतियोगिता में उन्होंने 64 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

बताया गया कि खुशी इससे पहले भी कुश्ती की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। जनपद गोंडा में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में वह सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं, जबकि स्टेट और नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भी वह लगातार पदक हासिल करती रही हैं।



स्वर्ण पदक प्राप्त करते खुशी चौधरी। -जागरण मोर्चा

खुशी पिछले करीब 6 वर्षों से सोनीपत में रहकर कोच राजेश से कुश्ती की बारीकियां सीख रही हैं। नियमित अभ्यास, कड़ी मेहनत और खेल के प्रति लगन के चलते उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। खुशी के पिता रामपाल चौधरी किसान हैं, जबकि उनकी माता सुनीता देवी गृहिणी हैं। किसान परिवार से आने वाली खुशी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

खुशी की सफलता का जिक्र करते हुए उनके परिवार और परिचितों ने उनकी मेहनत के साथ-साथ उनके कोच का भी योगदान बताया। वहीं, स्थानीय लोगों ने खुशी की इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर खुशी ने यह साबित कर दिया है कि ग्रामीण परिवेश से निकलने वाली प्रतिभाएं भी मेहनत और लगन के दम पर देश के बड़े खेल मंचों पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे के पास बनेंगी नई गौशालाएं डीएम ने दिए भूमि चिन्हांकन के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** गंगा एक्सप्रेसवे के निकटवर्ती गांवों में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए नई गौशालाओं की स्थापना की जाएगी। इसके लिए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्रामवार भूमि की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और लेखपालों को भूमि का सत्यापन कर जल्द आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी तिलहर, उप जिलाधिकारी जलालाबाद, पशु चिकित्साधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, संबंधित लेखपाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा में ग्राम गड़िया रंगीन में 25 एकड़ भूमि गौशाला के लिए उपलब्ध मिली। जिलाधिकारी ने इस भूमि पर गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिए। वहीं बामियान गांव में तीन हेक्टेयर भूमि उपलब्ध पाई गई। यहां अस्थायी गौशाला बनाकर 100 से अधिक गोवंश रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। गौशाला में कम से कम तीन शेड बनाए जाएंगे। शेड निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। इसी तरह शंकरपुर पिडराई में 4.5 हेक्टेयर चरागाह भूमि उपलब्ध मिली। जिलाधिकारी ने यहां गौशाला के लिए दो शेड बनाने के निर्देश दिए। सिकंदरपुर अफगान में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को भूमि का चिन्हांकन और जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उपलब्ध भूमि की जांच कराई जाए और श्रेणी-3 व श्रेणी-4 में आने वाली भूमि को नियमानुसार खारिज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## संक्षेप समाचार

### नदी में डूबे कांवरियों के परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**खुदागंज।** सपा के पूर्व विधायक बीते दिनों नदी में डूबे कांवरियों के परिजनों से मिले उन्हें सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा वह संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री को भी अवगत कराएंगे रविवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राजेस यादव खुदागंज के मोहल्ला साहूकारा निवासी चार युवकों के घर पहुंचे जिनकी फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई थी जिनका कई दिनों बाद भी कोई पता नहीं चला पूर्व विधायक राजेश यादव ने उनके परिजनों से मिलकर उन्हें शान्त्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया उन्होंने कहा कि वह यथा संभव मदद करेंगे और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भी इस घटना के संबंध में अवगत कराएंगे बताते चलें की खुदागंज के कमल सक्सेना योगेश सक्सैना विकास सक्सेना अर्जुन कश्यप आदि लोग फर्रुखाबाद से जल लेने गए थे जहां गंगा नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गए थे प्रशासन द्वारा स्टीमर बा गोताखोरों से तलाश कराई परंतु उनका पता नहीं चला इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार सिंह जिला पंचायत सदस्य जगदीश गंगवार राजेश बाथम रामकुमार भोजवाल राम बहादुर गुप्ता अमित कुमार पाल लवकुश यादव राजेश मिश्रा सफीउल्लाह खान अनूप गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इंटर तक कक्षाएं संचालित

**खुदागंज।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इंटर तक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है परंतु संबंधित अधिकारी इन सबसे अंजान बने हुए हैं बताया जाता है की क्षेत्र के ग्राम रमापुर उत्तरी के निकट संचालित एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मान्यता से अधिक इंटर तक कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है जहां अध्यापन कार्य हेतु अपृशिक्षित अध्यापकों द्वारा बच्चों को शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है परंतु शिक्षा विभाग के अधिकारी इन सबसे अंजान बने हुए हैं बताया जाता है की विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के चलते ऐसे स्कूल कॉलेज का संचालन हो रहा है जहां कम मान्यता पर ऊंचे क्लास लगाये जा रहे हैंग्रामीणों ने ऐसे मामलों में उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की।

### ग्राम पंचायत के ई रिक्शा से ढो रहे बजरी

**खुदागंज।** स्वच्छता अभियान के तहत आर आर सी सेंटर पर गांव से कूड़ा पहुंचाये जाने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में ई-रिक्शा खरीदे गए थे जिनका कार्य सभी घरों से कूड़ा उठाकर आरआरसी सेंटर तक पहुंचाया जाता है वही ग्राम पंचायत कोठा खेतल में ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त ई रिक्शा ग्राम पंचायत के कार्यों में नाली खडंजा आदि बिछाए जाने हेतु इस्तेमाल होने वाले सीमेंट बजरी रेत आदि सामान भी ढोया जाता है अत्यधिक लोड के चलते पिछले 3 महीने से ई रिक्शा खराब है जिसकी मरम्मत नहीं कराया जाने से गांव में कूड़ा उठान तीन माह से बन्द है ग्रामीणों ने उक्त मामले में जांच कर ई रिक्शा चलवाए जाने की मांग की है।

### तिलहर में औषधि विभाग का बड़ा एक्शन, 8 मेडिकल स्टोरों पर छापा

**तिलहर शाहजहाँपुर।** नगर में सोमवार को औषधि विभाग ने बड़ी छापेमार कार्रवाई की। बरेली, बदायूं और पीलीभीत के औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने तिलहर के 8 मेडिकल स्टोरों पर औचक निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार टीम ने दोपहर में एक साथ अलग-अलग क्षेत्रों में स्थित मेडिकल स्टोरों पर पहुंचकर लाइसेंस, बिल-बाउचर और दवाओं के रखरखाव की जांच की। जांच के दौरान अनियमितताएं मिलने पर कई तरह की दवाइयों के नमूने सील कर कब्जे में लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि सील किए गए नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर लाइसेंस निलंबन व एफआईआर तक की कार्रवाई हो सकती है। छापेमारी की खबर फैलते ही नगर के अन्य मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते अधिकांश दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों ने कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से बिना बिल और बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली व प्रतिबंधित दवाएं बेचे जाने की शिकायतें मिल रही थीं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, देर शाम तक चलता रहा भंडारा



भंडारे के दौरान वीआईपी ग्रुप के सदस्य। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवार को वीआईपी ग्रुप विद हेल्पिंग हैंड्स की ओर से नवादा इंदेपुर स्थित नेशनल हाईवे पर राजा ऑटोमोबाइल प्रतिष्ठान में कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए पुष्पवर्षा और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक श्रद्धालुओं की सेवा की। ग्रुप के मुख्य संरक्षक चंद्रशेखर खन्ना धीरू ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा और स्वागत करना सौभाग्य की बात है। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के साथ सेवा और समर्पण का संदेश भी देता है। वीआईपी ग्रुप सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लगातार सेवा कार्यों में सक्रिय रहता है। जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी ने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए आयोजित भंडारा श्रद्धा, सेवा और मानवता का संगम है। जिलाध्यक्ष नीतू गुप्ता ने सहयोगियों, पदाधिकारियों, सदस्यों, कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का आभार जताया। महासचिव सतीश सक्सेना ने बताया कि ग्रुप की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया । उन्होंने कहा कि ग्रुप आगे भी सामाजिक, धार्मिक और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहेगा। इस दौरान संरक्षक अनुजदेव गुप्ता, अभिनय गुप्ता, सरदार कुलविंदर सिंह, मुकेश गुप्ता (रोमी), कौशलेंद्र मिश्रा, रश्मि राठौर सहित सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### रनवीर सिंह यादव बने सीओ ट्रैफिक



सीओ रणवीर सिंह।

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक ने नवागंतुक क्षेत्राधिकारी रनवीर सिंह यादव को सीओ ट्रैफिक/आंकिक की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले रनवीर सिंह यादव बागपत जनपद में अपनी सेवाएं दे रहे थे। शाहजहांपुर में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास करने की बात कही। सीओ रनवीर सिंह यादव ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना उनकी प्राथमिकता होगी। प्रमुख चौराहों और जाम वाले स्थानों को चिह्नित कर यातायात प्रबंधन को बेहतर करने के साथ ही अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या पर भी प्रभावी तरीके से काम किया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो और शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर नजर आए।

### जलाभिषेक को जा रही किशोरी की सड़क हादसे में मौत



मृतका हिमांशी।

**जैतीपुर शाहजहांपुर।** धार्मिक यात्रा पर निकली 14 वर्षीय किशोरी की सड़क दुर्घटना में जान चले जाने से एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। हादसा सोमवार शाम लगभग 5 बजे मदनापुर थाना क्षेत्र के हैदलपुर गांव के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जैतीपुर के ग्राम शिकारपुर निवासी ओमवीर अपनी सबसे बड़ी बेटी हिमांशी (14) के साथ बेला डांडी रामनगरिया गंगा घाट से जल भरकर मदनापुर के फिरोजपुर में जलाभिषेक करने जा रहे थे। रास्ते में हैदलपुर के पास हिमांशी जब पानी पीने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से नीचे उतरी, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### एक नजर

## अमन-शांति के साथ मनाएं ईद मीलाद उन नबी: शहर इमाम

**चंदौसी।** मंगलवार को शहर इमाम मोहम्मद नाज़िम अशरफ़ अशरफ़ी ने देश वासियों को ईद मीलाद उन नबी की शुभकामनाएं दी एवं सभी से अनुरोध किया कि बुधवार को निकलने वाले जुलूस में अमन और शांति की मिसाल पेश करें साथ ही साथ जुलूस में वुज़ू के साथ सर ढांप के निकलें डीजे की ध्वनि निर्धारित रखें और समय का भरपूर ख्याल रखें। जुलूस में नात ए नबी और समाजिक क़व्वाली का प्रयोग करें गाना या कोई और संगीत न चलाएं। जुलूस के दौरान नमाज़ के समय सारे डीजे बंद कर दिए जाएं और नमाज़ अपने समय पर अदा करें।



शहर इमाम मोहम्मद नाज़िम अशरफ अशरफी।

# प्रदेश सरकार बेटियों के उज्ज्वल भविष्य, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्या, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म अदा कराई गई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग (लखनऊ) की सदस्य अवनी सिंह द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, चंदौसी रोड, संभल में एक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र से आईं महिलाओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। सदस्य ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सभी प्रकरणों का समयबद्ध व त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का आदेश दिया।



गोद भराई रस्म अदा करती राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह।

जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिलाओं को प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, कल्याण एवं सशक्तिकरण को चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे वे इन योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म तथा नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार भी पारंपरिक रूप से संपन्न कराया गया। इसके पश्चात अवनी सिंह ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का दौरा किया, जहां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में सदस्य ने नवजात कन्याओं की माताओं को हिमालय बेबी केयर किट, विशेष उपहार तथा जिला प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं व बधाई पत्र भेंट किए। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सदस्य अवनी सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बेटियों के उज्ज्वल भविष्य, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार निरंतर प्रभावी योजनाएं और कल्याणकारी नीतियां संचालित कर रही है, जिनका धरातल पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी, सीडीपीओ रचना यादव, बाल संरक्षण अधिकारी एकांशु वशिष्ठ, महिला थानाध्यक्ष रेनू सिंह, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी पूजा सिंह, मधु यादव, श्रवण गिरी, त्रिमल सिंह, मोहित कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



चंदौसी सीएचसी में चिकित्सक को राखी बांधती छात्राएं। -जागरण मोर्चा

## छात्राओं ने स्वास्थ्यकर्मियों और पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत बीएमजी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बन्धन स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत राखी मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें। छात्राओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया ।छात्राओं के लिए भाषण और राखी बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्राओं ने बेकार,अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग करके सुंदर राखियां बनाईं। इन राखियों को चंदौसी सीएचसी के चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों और चंदौसी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संत कुमार और पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करते हुए। सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान छात्राओं ने अपने देश और विद्यालय को स्वच्छ रखने तथा पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संचालन में विद्यालय की शिक्षिकाओं बीना देवी, करिश्मा अग्रवाल और शिवानी शर्मा ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।



मंडलायुक्त का स्वागत करते डीएम व सीडीओ। -जागरण मोर्चा

## डीएम व अन्य अधिकारियों ने किया मंडलायुक्त का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मुरादाबाद मण्डल की नवागत मण्डलायुक्त संगीता सिंह के मुरादाबाद जाते समय मंगलवार को जनपद सम्भल के बहजोई स्थित कलक्ट्रेट के बाहर नेशनल हाईवे पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित अधिकारियों ने नवागत मंडलायुक्त संगीता सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने कुछ देर रुककर अधिकारियों से वार्ता की इसके बाद मुरादाबाद के लिए रवाना हो गईं।

## बैंक अधिकारियों के साथ प्रभारी सचिव की बैठक

**चंदौसी।** सम्भल में 12 सितंबर को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला न्यायालय परिसर में एक अहम बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव दीपक कुमार जयसवाल ने लीड बैंक मैनेजर ललित विजय राय और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ लंबित व प्री-लिटिगेशन मामलों के निपटारे पर विस्तृत चर्चा की। प्रभारी सचिव ने बैंक अधिकारियों को आपसी सुलह के योग्य मामलों को चिह्नित करने और ग्राहकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए, ताकि वादों का त्वरित व सरल निपटारा हो सके। बैठक में कई बैंकों के शाखा प्रबंधक व मुख्य प्रबंधक मौजूद रहे।

## बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना आज की जरूरत : संगीत भार्गव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में दो दिवसीय अभिभावक-शिक्षक बैठक के प्रथम दिवस मंगलवार को राज्य मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भारत के विभिन्न राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक नृत्य, भोजन, प्रसिद्ध स्मारक, कलाकृतियां, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक विविधता को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया।

प्रथम दिवस में राज्य मेले को लेकर अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं उत्सुकता देखने को मिली। अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर विभिन्न राज्यों की सुंदर झांकियों का अवलोकन किया और बच्चों एवं शिक्षिकाओं द्वारा की गई मेहनत की जमकर सराहना की। विद्यालय परिसर में भारत की विविध संस्कृतियों के रंग देखने को मिले, जिसने पूरे आयोजन को बेहद आकर्षक बनाया मेले में भारत और भारत के सारे राज्य कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उड़ीसा, उत्तराखंड सहित सभी राज्यों को उनकी विशिष्ट संस्कृति के अनुसार सजाया गया। प्रत्येक राज्य की पहचान को वहां के पारंपरिक भोजन, प्रसिद्ध स्मारकों, लोकनृत्य, कला एवं कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



चंदौसी के एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में झांकियों का अवलोकन करतीं अतिथि।

इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती संगीता भार्गव ने कहा कि भारत की संस्कृति अत्यंत विविध एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। भारत की भाषाओं, धर्मों, नृत्य, संगीत, वास्तुकला, भोजन और रीति-रिवाजों में भिन्नता देखने को मिलती है, लेकिन इन सभी विविधताओं के बीच एक मजबूत एकता भी दिखाई देती है। इस दौरान अभिभावकों ने शिक्षिकाओं से बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, गतिविधियों एवं सर्वांगीण विकास के संबंध में भी चर्चा की। राज्य मेले की शानदार प्रस्तुति के लिए अभिभावकों द्वारा सभी शिक्षिकाओं की मेहनत की भी जमकर तारीफ की गई। अभिभावकों ने विद्यालय एवं बच्चों के प्रयासों को सराहनीय बताते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति, कला, खान-पान, नृत्य एवं ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। राज्य मेले ने बच्चों में अपनी भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि एवं गौरव की भावना को बढ़ाने का कार्य किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शालू, काजल, प्रिया, सिल्की, दीपिका, दीपा, निशा, सोनल, सरिता, रूपाली, संतोष, वंशिका, शिल्पा, मंतशा, हुमा, लक्षिता, दिया, अर्शी, रक्षा, दीक्षा, इशिता, मनप्रीत, अंकिता, मीनू, गौरव, निशा, शालिनी आदि लोग मौजूद रहे।

## बंधन स्वच्छता अभियान : छात्राओं को स्वच्छता का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बंधन स्वच्छता का अभियान धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं ने स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी लिया।



बंधन स्वच्छता अभियान के दौरान राखी बांधतीं छात्राएं। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर छात्राओं ने पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने, कचरे का स्रोत पर उचित पृथक्करण एवं निस्तारण करने, प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं ने सफाई मित्रों को स्वच्छ वेस्ट मटेरियल सेस माया की गई ईको-फ्रेंडली राखियां बांधकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्राओं ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित है तो हमारा भविष्य सुरक्षित है। कार्यक्रम में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। छात्राओं को संदेश दिया गया कि स्वच्छता से स्वास्थ्य,जल संरक्षण से भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से सुरक्षित कल का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका अंजू गुप्ता,नगर पालिका से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, पालिका टीम तथा शिक्षक डॉ. साफिया अंजुम, श्रीमती नीरू देवी, मोनिका, साधना, मुस्कान एवं राज प्रिया सहित अन्य उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद चंदौसी एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल की यह पहल स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

## बारिश में कच्चा मकान ढहा, बड़ा हादसा टला

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव गुमथल में बीती रात तेज बारिश के कारण साबिर अली का कच्चा मकान अचानक ढह गया। गनीमत रही कि घटना के समय पास ही सो रहा गृहस्वामी शाहरुख खान बाल-बाल बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, मलबे में दबने से घर में रखा भूसा, चारा, तेल के डिब्बे और अन्य कीमती सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने में पीड़ित परिवार की मदद की। सूचना पर पहुंचे लेखपाल गब्बर सिंह ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने और नियमानुसार आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है।

## कार्रवाई: 200 किलो सोनपापड़ी नष्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रक्षाबन्धन पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से मिलावट पर प्रभावी कार्यवाही को जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड- द्वितीय के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम बिलालपत, असमौली, तहसील व जनपद-सम्भल स्थित मौ0 आसिफ पुत्र श्री अख्तर की सोनपापड़ी निर्माणशाला का निरीक्षण किया गया।

इस मौके पर खाद्य प्रतिष्ठान में मानव उपभोग एवं सार्वजनिक विक्रय को भण्डारित खाद्य पदार्थ सोनपापड़ी, रिफाइण्ड पामोलिन आयल, मैदा में मिलावट का सन्देह होने पर नमूने संग्रहित कर जाँच को प्रयोगशाला प्रेषित किये गये।



सोनपापड़ी निमार्णशाला का निरीक्षण करती खाद्य विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

**▶ रक्षाबंधन पर्व को लेकर खाद्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**

मौके पर खाद्य पदार्थ सोनपापड़ी का भण्डारण अस्वच्छकर दशा में पाये जाने पर शेष लगभग 200 किलोग्राम सोनपापड़ी नष्ट* करायी गयी। मौके पर पायी गई गंदगी व अन्य अनियमितताओं के दृष्टिगत नोटिस निर्गत किया गया व निर्माण कार्य कमियों को दूर करने के उपरांत ही संचालन करने के निर्देश दिए गए। जाँच को प्रेषित उक्त नमूनों की जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।मौके पर कार्यवाही में मानवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, राजीव कुमार, सुधीर कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**दिक्कत** मात्र आधे घंटे की बारिश से स्टेशन रोड और फव्वारा चौक सहित कई इलाके डूबे

## बारिश से कई इलाकों की सड़कें हुईं जलमग्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मंगलवार को झमाझम बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। आधे घंटे की झमाझम बारिश से शहर की सड़कें जलमग्न हो गई। सड़कों पर जलभराव होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश रुकने के एक घंटा बाद सड़कों से पानी उतर सका। इसके बाद नागरिकों ने राहत की सांस ली। पूरे दिन बूंदा-बांदी होती रही हुई। बारिश होने से मौसम में सुहावना हो गया। मंगलवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए थे। सुबह 10 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई और आधे घंटे की बारिश से देखते ही देखते सड़कों पर जलभराव हो गया।



चंदौसी के कैथल रोड़ पर बूंदाबांदी से होकर गुजरती ई-रिक्शा।



चंदौसी के सीकरी गेट पर जलभराव के बीच होकर गुजरते लोग।

जिससे स्टेशन रोड, फव्वारा चौक, शक्ति नगर, मुंसिफ रोड, विकास नगर, पंचशील कालोनी, एफआर रोड, मोहल्ला कागजी, संभल गेट, आवास विकास कालोनी, सीता रोड, सीकरी गेट,बिसौली गेट, सुभाष रोड पर नागरिकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम तक सड़कों से पानी हटने के बाद नागरिकों ने राहत महसूस की। बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

## चीनी दुकानों और गोदामों पर बड़ी छापेमारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जनपद में चीनी की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा चीनी के अनावश्यक भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। शासन के निर्देशों के क्रम में चीनी के डीलरों के लिए 1 अगस्त 2026 से 30 नवंबर 2026 तक स्टॉक लिमिट लागू की गई है।

शासन स्तर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार प्रदेश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। ऐसे में आमजन को चीनी की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से प्रसारित होने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें तथा अनावश्यक रूप से अधिक मात्रा में चीनी का भंडारण न करें। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कोई भी चीनी डीलर किसी एक स्थान पर एक समय में 4,000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा। हालांकि, यह सीमा सरकारी खातों तथा राज्य सरकार द्वारा नामित डीलरों अथवा अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों को आपूर्ति किए जाने वाले चीनी स्टॉक पर लागू नहीं होगी। सभी चीनी डीलरों के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के स्टॉक मॉनिटरिंग पोर्टल पर पंजीकरण कर अपने चीनी स्टॉक की स्थिति घोषित करना अनिवार्य किया गया है।



चंदौसी मे चीनी के गोदाम पर स्टॉक चेक करते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

**▶ चीनी डीलर 4,000 क्विंटल से अधिक चीनी का स्टॉक नहीं रख सकेगा**

चीनी की उपलब्धता एवं स्टॉक की निगरानी के लिए जिला प्रशासन अलर्ट स्टॉक सत्यापन के लिए गठित की गईं संयुक्त टीमें में एसडीएम आशुतोष तिवारी चंदौसी, राजेश कुमार क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, सर्वेश कुमार मंडी सचिव, आशीष कुमार पूर्ति निरीक्षक, शांति मोहन दीक्षित विपणन निरीक्षक बहजोई टीम ने मंगलवार की दोपहर में शहर में एक दर्जन से अधिक चीनी दुकानों व गोदाम का निरीक्षण किया किया गया है



## गीता सार

**यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति ।**
**तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति ॥**

भावार्थ : जो मनुष्य सभी प्राणियों में मुझ परमात्मा को ही देखता है और सभी प्राणियों को मुझ परमात्मा में ही देखता है, उसके लिए मैं कभी अदृश्य नहीं होता हूं और वह मेरे लिए कभी अदृश्य नहीं होता है।

# मॉल पर संकट

जयपुर, लखनऊ, कानपुर, चंडीगढ़, हैदराबाद जैसे शहर हों या फिर दिल्ली-मुंबई। सभी जगह एक जैसी स्थिति है। डिजिटल होती दुनिया में आज सबसे अधिक तेजी से विकास हो रहा है, आनलाइन शॉपिंग का। आप आलू से लेकर सोना-चांदी तक मंगा सकते हैं। कोई उपभोक्ता वस्तु ऐसी नहीं है, जो ऑनलाइन प्लेटफार्म पर नहीं मिले। सबसे खास बात यह कि यहां पर आपको बाजार से 20% तक वस्तुएं सस्ती मिल जाती हैं। उस पर तुर्रा यह कि यह आपके घर पर दस मिनट में आ जाती हैं। इसी उपलब्धता ने उपभोक्ता, खासकर जेन-जी से लेकर अल्फा तक और जीवन की अर्धशती पूरी कर



चुके लोगों को यहां से दूर कर दिया। दूसरा सबसे अहम कारण यह रहा कि यहां पर नयापन नहीं रहा, वही पुराने स्टाइल की दुकानें तथा माहौल। जनसामान्य की कुछ नया करते हैं का फंडा तथा दो पैसे बच रहे हैं, वाली सोच ने इन्हें रिटेल जंगल में बदल दिया है। आज स्थिति यह है कि आधे से अधिक मॉल फ्लाप का तमगा पा चुके हैं। अनुमानतः देश में कम से कम 500 से 550 मॉल्स में से आधे में से बड़े ब्रांड ने अपनी दुकानें उठा ली हैं, जो दुकानें बची हैं, वहां पर दिनभर में ग्राहकों के लिए मालिक तरस रहे हैं। बिजली का बिल तथा दूसरे खर्चे भी मुश्किल से निकल रहे हैं। बंदी का एक कारण यह भी है कि यहां पर विंडो शॉपिंग का कल्चर डेवलप हुआ। ग्राहक आकर देखते और महंगा होगा वाली सोच के कारण शहर के बाजार से खरीदते। मॉल्स के बंद होने या ग्राहकों के नहीं आने का जो सबसे मुख्य कारण सामने आया, वह यह है कि जेन-जी को ऑनलाइन ने जो सुविधा दी है, वह अपने आप में नायाब है। वह अपने हिसाब से जरूरत का सामान देखता है, उसे दस स्थानों पर ट्रेस करता है, फिर मंगाता है। इसके बाद वह उसे पहनकर देख लेता है, मन होता है तो उसमें फोटो खींच लेता है या किसी कार्यक्रम में पहनकर हो आता है और नियमानुसार उसे वापस कर देता है। उसका खर्चा जीरो। मतलब यहां न विंडो शॉपिंग और न ही दुकानदार से दाम कम कराने की कोई झिकझिक। जब इतनी सुविधा है, तो वह मॉल्स में क्यों जाएगा? बस यहीं से मॉल कल्चर का भट्टा बैठ गया। देहाती भाषा में मुफ्त के चंदन ने मॉल्स कल्चर को कब्र में ले जाकर पटक दिया है। यहां पर एक बात यह भी है कि सेल के झूठे विज्ञापनों ने भी बड़ा नुकसान किया है। हर जगह यह लिखना कि दुकान जल्दी बंद करने जा रहे हैं, इसलिए इतना सस्ता सामान है, ने भी मॉल्स की दुकानों पर से कस्टमर का भरोसा तोड़ा। नाइट फ्रैंक ने अभी दो साल पहले एक सर्वे कराया था, उसके अनुसार 32 बड़े शहरों में करीब 22% मॉल या तो बंद हो गए हैं या फिर वह बंदी के कगार पर हैं। इनमें खाली दुकानों की संख्या 2022 में 34% थी, जो अगले वर्ष 36% हो गई। अनुमान है कि इस सबसे कम से कम 70 अरब रुपए की हानि हुई।

### निर्यात न बढ़ा पाने की नाकामी

# स्कैम के नाम पर हम पर थोप रहा अमेरिका



**नौशाबा परवीन**

अमेरिकी आरोपों का भारत की विकास कथा पर क्या प्रभाव पड़ेगा? सेव अमेरिका एक्ट को मद्देनजर रखते हुए राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप भारत की मतदान प्रक्रिया से प्रभावित अवश्य नजर आते हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वह भारत के विरुद्ध टैरिफ में अतिरिक्त वृद्धि करने जा रहे हैं, जिसका नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच जो व्यापार समझौता संभावित है उस पर भी गहरा असर पड़ सकता है। अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह उन प्रथाओं का उल्लंघन कर रहा है जिन्हें वाशिंगटन फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार) समझता है। वाइट हाउस ने 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है। पहले यह समझ लेते हैं कि 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' आखिर है क्या, ताकि इन आरोपों का भारत के लिए अर्थ मालूम हो सके और यह भी कि क्या इनसे भारत की विकास कथा पर कोई असर पड़ेगा?

पिछले लगभग तीन दशकों से अमेरिका व चीन की अर्थव्यवस्थाएं गहराई से गुंथ गई हैं। अमेरिका चीन के निर्माण हब पर बहुत अधिक निर्भर हो गया है। चीन बाजार व निवेश के लिए अमेरिका पर निर्भर है। यह इनके आर्थिक संबंध का सरल मूल्यांकन है, लेकिन वर्तमान संदर्भ में यह सबसे अधिक प्रासंगिक भी है। इस संबंध का नतीजा यह हुआ है कि चीन के साथ अमेरिका विशाल व्यापार घाटे में है। इसका अर्थ यह हुआ कि अमेरिका चीन से आयात तो अधिक कर रहा है, लेकिन चीन को निर्यात बहुत कम कर रहा है। ट्रंप लंबे समय से इस विशाल व्यापार घाटे पर चिंता व्यक्त करते आ रहे हैं। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका के व्यापार पार्टनर्स पर जो भारी भरकम टैरिफ लगाने पर बल दिया उसकी मूल वजह यही व्यापार घाटा था, जिसे वह कम करना चाहते हैं। गौरतलब है कि चीन को अधिक टैरिफ का सामना ट्रंप के पहले कार्यकाल से ही करना पड़ गया था। अमेरिका ने साल 2018 में चीनी गुड्स जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर्स, मेडिकल उत्पाद आदि पर अनुचित व्यापार व टेक प्रथाओं से संबंधित 1974 के ट्रेड एक्ट के सेक्शन 301 के तहत 7.5 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ थोपा था। वाइट हाउस के अनुसार, इसके कारण वर्ष 2019 व 2020 में चीन के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे में कमी आई। फिर 24 जुलाई 2026 को अमेरिका ने इस टैरिफ में अतिरिक्त 12.5 प्रतिशत जोड़ा कि जबरन-श्रम अनुपालन में अंतर था और विस्तृत वैध आयात प्रतिबंधों का अभाव था। वाइट हाउस की रिपोर्ट के अनुसार 2018 के बाद से चीनी निर्यातक निरंतरता से अपनी गुड्स तीसरे देशों के माध्यम से अमेरिका भेज रहे हैं ताकि टैरिफ से बचा जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है, "जो उत्पाद पहले चीन से सीधे अमेरिका भेजे जाते थे, उन्हें तीसरे देशों के जरिये भेजा जाने लगा, जहां सीमित रूप से उन्हें जोड़ा, फिनिश, पुनः पैक, पुनः लेबल या डॉक्यूमेंटेशन परिवर्तन किया जाता ताकि ऐसा लगे जैसे वह अलग देश के उत्पाद हैं।" तीसरे देशों के रूप में वाइट हाउस ने 40 से अधिक मुल्कों



इमेज

की पहचान की है, जिनमें भारत को टॉप पर रखा गया है टैरिफ बचाने में चीन की 'मदद' करने के लिए और 'अत्यधिक अवैध ट्रांसशिपमेंट का खतरा' मोल लेने हेतु। जिन अन्य देशों या क्षेत्रों को चीन के टॉप 'मददगारों' की श्रेणी में रखा गया है वह हैं मैक्सिको, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान व दक्षिण कोरिया। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि यह देश/क्षेत्र चीनी गुड्स को आयात करते हैं, उनमें मामूली सी रद्दोबदल करते हैं और उनका अमेरिका को निर्यात कर देते हैं कम टैरिफ पर। अगर ये गुड्स सीधे चीन से अमेरिका आते तो इनपर अधिक टैरिफ लगता। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह से अमेरिकी सरकार को जबरदस्त राजस्व नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, "द ऑफिस ऑफ़ ट्रेड एंड इकनोमिक एनालिसिस का अनुमान है कि वर्ष 2025 में लगभग 67 बिलियन डॉलर की चीनी गुड्स मैक्सिको, भारत व वियतनाम से होते हुए अमेरिका आयीं, जिससे वाशिंगटन को टैरिफ राजस्व में तकरीबन 28 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।" रिपोर्ट में पुणे-गुजरात-चेन्नै उत्पादन बेल्ट की मिसाल दी गई है कि यह क्षेत्र चीन से पंप व कंप्रेसर 'हजम' कर लेता है, जिससे अमेरिका में सिनसिनाटी, डेटन व कोलंबस की औद्योगिक सप्लाई चेन प्रभावित होती हैं। मोटे तौरपर देखा जाए तो रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकल रहा है कि अमेरिका की टैरिफ नीति अमेरिका के आयात को कम करने व घरेलू उत्पादन में इजाफा करने में नाकाम रही है। हालांकि चीन से अमेरिकी आयात जो 2017 में 525.8 बिलियन डॉलर था वह 2025 में कम होकर 327.5 बिलियन डॉलर रह गया, लेकिन सभी देशों से अमेरिकी आयात में जबरदस्त उछाल आया और वह इस अवधि में 2.41 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 3.50 ट्रिलियन डॉलर हो गया। संक्षेप में यह कि अमेरिका अधिकतर चीनी गुड्स को अन्य देशों से आयात करता रहा बजाय उनका उत्पादन अपने ही घर में करने के। कहने का अर्थ यह है कि ट्रंप के टैरिफ ने आयात के स्रोत को तो बदल दिया, लेकिन आयातित गुड्स पर अमेरिका की कुल निर्भरता कम न हो सकी। कमी तो स्वयं अमेरिका की है, लेकिन वह दूसरों विशेषकर भारत की व्यापार नीतियों में गलतियां निकाल रहा है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने लक्जरी मोटरसाइकिलों पर भारतीय टैरिफ की आलोचना की थी, जिसके बाद भारत ने उसे कम कर दिया। पिछले साल ट्रंप ने भारत पर आरोप लगाया कि रुसी तेल आयात करके वह यूक्रेन पर रूस के युद्ध को फाइनेंस कर रहा है। ट्रंप ने भारत पर बतौर जुर्माना 50 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया था। हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने ट्रंप के समर्थन से एक विधेयक पारित किया जिसमें रुसी तेल आयात करने पर भारत पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लग सकता है। यह विधेयक अभी हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव में पास होना शेष है। इसके अतिरिक्त अमेरिका ने बतौर जुर्माना भारत पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया हुआ है कि वह जबरन श्रम को खत्म करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है। एक अन्य जांच अतिरिक्त क्षमता (एक्स्स कैपेसिटी) को लेकर भी चल रही है, जिससे टैरिफ में और वृद्धि होने की आशंका है। अब जो यह नवीनतम आरोप लगे हैं कि भारत चीन को टैरिफ से बचने में मदद कर रहा है, उनमें फिलहाल जुर्माने की कोई बात नहीं है, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं।



## श्रीरामचरितमानस

**दच्छ लिए मुनि बोलि सब करन लगे बड़ जाग।**
**नेवते सादर सकल सुर जे पावत मख भाग॥**

भावार्थ : दक्ष ने सब मुनियों को बुला लिया और वे बड़ा यज्ञ करने लगे। जो देवता यज्ञ का भाग पाते हैं, दक्ष ने उन सबको आदर सहित निमंत्रित किया॥

### बागवानी

# अगस्त खत्म होते-होते कर लें ये काम

**अनु आर.**

अगस्त माह के आखिरी दिन, किचन गार्डेन में अगले मौसम की तैयारी के सबसे अच्छे दिन होते हैं। लगातार बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ चुकी होती है। इससे जहां कई पौधों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं, वहीं कुछ की पत्तियों पर फंगल संक्रमण का खतरा बढ़ चुका होता है। दूसरी ओर सितंबर के साथ एक तरफ मौसम धीरे-धीरे खिलने लगता है और दूसरी तरफ सर्दियों में अपनी बहार बिखेरने वाली ज्यादातर सब्जियों की बुआई की तैयारी शुरु हो चुकी होती है। विशेषकर हरी पत्तेदार तथा जड़ वाली सब्जियों की बुआई के लिए इन दिनों परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगती हैं। इसलिए अगस्त के आखिरी हफ्ते में अगर हम थोड़ी सी तैयारी कर लें, तो अगले दो महीनों में भरपूर सब्जियां खाने को मिलेंगी। सबसे पहले उस मिट्टी की हालत सुधारें, जिसमें सर्दी के मौसम की सब्जियां बोई जानी हों। वास्तव में लगातार बारिश के कारण गमलों और क्यारियों की मिट्टी इन दिनों बैठकर सख्त हो चुकी होती है और उसमें ज्यादा देर तक पानी रुके रहने के कारण हरी या काली काई भी जम चुकी होती है। इसलिए ऊपर की दो-तीन इंच मिट्टी को खुरपी से अच्छी तरह गुड़ाई करके ढीला करें। अगर मिट्टी बहुत चिपचिपी और भारी हो गई हो तो उसमें अच्छी तरह से सड़ी हुई कंपोस्ट मिलाएं, इससे मिट्टी में हवा का संचार और जल निकासी दोनों बेहतर होते हैं। आपकी क्यारियों या गमलों में काफी दिनों तक जहां पानी रुका रहा हो, उसे अच्छी तरह से गुड़ाई करके मिट्टी को पलट दें ताकि बोई जाने वाली सब्जियों को अच्छी हवा और ताकत मिले। एक तरफ जहां इस मौसम में अगले सब्जी के सीजन की सब्जियां बोई जाती हैं, वहीं बारिश में बोई गई सब्जियों को इस समय अच्छी तरह से केयर करके उन्हें पुष्ट और विकसित करने का समय होता है। चूंकि इस समय पौधों को पानी की कमी से बिल्कुल खतरा नहीं होता बल्कि देर तक उनकी जड़ों में भरे रहे पानी से नुकसान होता है। इसलिए इस मौसम में चाहे गमले में लगे पौधों की बात हो या क्यारियों में। उनके इर्दगिर्द का पानी बिल्कुल निकाल दें ताकि पौधों को जड़ों तक ऑक्सीजन मिल सके। यही नहीं इस समय बारिश और उमस के कारण सब्जियों और फूलों के मौजूदा पौधों में फंगस लगी पत्तियां काफी हो जाती हैं, उन्हें तुरंत हटा देना चाहिए। क्योंकि ये पौधों के लिए बोझ बन जाती हैं। इन्हें साफ कैंची से काटें और गार्डेन से बाहर कर दें। इन्हें सामान्य कंपोस्ट में भी डालने से बचें, खासकर यदि इनमें रोग लगा हो। इस मौसम में आपके किचन गार्डेन में मौजूद टमाटर, मिर्च, बैंगन जैसी सब्जियों के पौधों में जरूरत के मुताबिक हल्की छंटाई की जा सकती है।

### तिथि विशेष

## स्वतंत्रता सेनानी जसवंत सिंह

भारत की स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अनगिनत वीरों की शौर्यगाथाओं से भरी हुई है। इनमें से कई ऐसे क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी रहे, जिनका योगदान अमूल्य होते हुए भी आज उतना प्रकाश में नहीं आ पाया जितना आना चाहिए था। ऐसे ही एक महान सेनानी थे जसवंत सिंह, जिनका जन्म 25 अगस्त 1919 को हुआ था। जसवंत सिंह का जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ। बचपन से ही उनमें देशभक्ति की भावना प्रबल थी। वे शिक्षा प्राप्त करते हुए अंग्रेजी हुकूमत की नीतियों और अत्याचारों को देखकर विचलित हो जाते थे। उनके जीवन में महात्मा गांधी, पं. नेहरू और भगत सिंह जैसे नेताओं के विचारों ने गहरी छाप छोड़ी। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जसवंत सिंह ने कई आंदोलनों में सक्रिय भाग लिया। वे भारत छोड़ो आंदोलन (1942) के समय अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर अंग्रेजों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे। इस आंदोलन के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। कारावास की कठिनाइयों ने उनके हौसले को तोड़ा नहीं बल्कि और अधिक मजबूत किया। उन्होंने युवाओं को संगठित कर स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि आजादी केवल नारों से नहीं बल्कि त्याग और संघर्ष से मिलती है। अंग्रेज सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, जनसभाओं का आयोजन और भूमिगत गतिविधियों में भी उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। जसवंत सिंह का विश्वास था कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता भी आवश्यक है। वे किसानों और मजदूरों की समस्याओं को स्वतंत्रता आंदोलन का अभिन्न हिस्सा मानते थे। यही कारण था कि उन्होंने ग्रामीण समाज को जागृत करने का काम किया और अंग्रेजों के खिलाफ उनकी आवाज को एकजुट किया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जसवंत सिंह ने राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई और समाज सेवा को अपना ध्येय बनाया

# मोह का चलचित्र, आडंबर का शोर और ईश्वर की खोज

**– हरिओम वाजपेयी 'नादान'**

आज का मानव दान कर रहा है, तीर्थयात्राएं कर रहा है और धार्मिक आयोजनों पर अपार धन व्यय कर रहा है, फिर भी वह महादुखी और अशान्त है। इस अंतर्विरोध का मूल कारण सनातन के वास्तविक मर्म को भूलकर सांसारिक मोह और बाहरी आडंबरों को ही धर्म मान लेना है। जब तक हम सत्य और आभास का अंतर नहीं समझेंगे, तब तक जीवन में स्थायी शांति संभव नहीं है।यह संसारः एक क्षणभंगुर चलचित्र है सांसारिक मोह ही मनुष्य के दुखों की सबसे बड़ी जड़ है। इसे समझने के लिए सिनेमा के पर्दे का उदाहरण अत्यंत प्रासंगिक है। जब हम चलचित्र देखते हैं, तो उसके काल्पनिक दृश्यों को देखकर भावुक हो जाते हैं, रोने लगते हैं। जबकि सत्य यह है कि उस पर्दे के चरित्रों से हमारा कोई वास्तविक संबंध नहीं होता।यह संसार भी उसी चलचित्र की भांति क्षणभंगुर है, जहाँ हम केवल एक पात्र के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। इस सच्चाई को भूलकर जब हम सांसारिक संबंधों और वस्तुओं से अतिशय मोह बाँध लेते हैं, तो दुख मिलना स्वाभाविक हो जाता है। आज संसार जगत मे धार्मिक आडंबर और सनातन का वास्तविक स्वरूप आज धर्म के नाम पर चकाचौंध, रंग-बिरंगे वस्त्र, और कोला हल पूर्ण आयोजनों की होड़ लगी है। यदि केवल बाहरी प्रदर्शन या शोर शराबे से परमात्मा की प्राप्ति संभव होती तो हर व्यक्ति चौबीस घंटे यही कार्य करता। जैसा कि 'नादान' का मानना है कि यदि हमारे किसी दिखावे या आयोजन से किसी जीव व मानव को किंचित मात्र भी कष्ट पहुँचता है या किसी का दिल दुखता है, तो वह धर्म नहीं बल्कि शुद्ध आडंबर है। नादान ऐसे दिखावे से अर्जित किया गया पुण्य अंततः दुखों में बदल जाता है। यही कारण है कि आज समाज में तथाकथित पुण्य कर्मों के बाद भी शांति का अभाव है। सर्वव्यापकताः भीतर ही है ईश्वर का वास नादान ईश्वर की खोज के संदर्भ में संत कबीर का यह कालजयी संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

मोको कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में। ना तीरथ में ना मूरत में, ना काबा कैलाश में॥नादान

परमात्मा किसी सुदूर तीर्थ, पाषाण की मूर्ति, काबा या कैलाश में सीमित नहीं हैं। वे हर प्राणी के हृदय में विराजते हैं। जब मन निष्पाप हो और खोज में सच्चा भाव हो, तो ईश्वर पल भर की तलाश में मिल जाते हैं।

नादान एक सच्चा सनातन धर्म बाहरी ढोंग को त्यागकर अंतमुर्खी होने का मार्ग दिखाता है।'नादान' का यह संदेश स्पष्ट करता है कि जब तक हम बाहर के शोर में ईश्वर को ढूंढते रहेंगे, तब तक अज्ञानता के अंधकार में भटकते रहेंगे। जिस दिन हम दूसरों के प्रति संवेदना रखेंगे, किसी का दिल न दुखाने का संकल्प लेंगे और अपने भीतर झांकेंगे, उसी क्षण हमें सच्चे सुख और ईश्वर दोनों की प्राप्ति हो जाएगी।

### वायरल

## उज्जैन में तीन विदेशी जोड़ों की शादी, हिंदू रीति-रिवाज से लिए सात फेरे

धार्मिक नगरी उज्जैन में इन दिनों एक अनोखा और भव्य विवाह समारोह काफी सुर्खियों में बना हुआ है। यहां किसी भारतीय जोड़े ने नहीं, बल्कि सात समंदर पार से आए तीन विदेशी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे



लिए और विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। शादी समारोह की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार हुई पहले दूल्हा-दुल्हन को हल्दी और मेहंदी लगाई गई, फिर धूमधाम से बारात निकाली गई और अंत में वैदिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न हुआ। इंदौर रोड स्थित निनोरा आनंद में वैलनेस रिट्रीट पार्क में योग गुरु डॉ. ओमानंद महाराज के पावन सानिध्य में यह विवाह समारोह आयोजित किया गया। डॉ. ओमानंद गुरू ने बताया कि योग और अध्यात्म के कारण विदेशों में भी उनके कई शिष्य हैं। वे समय-समय पर अपने शिष्यों को भारतीय संस्कृति और अटूट विवाह बंधन के महत्व के बारे में बताते रहते हैं। उनकी इसी सीख से प्रभावित होकर इटली, स्पेन और इंग्लैंड के तीन विदेशी जोड़ों ने सनातन धर्म अपनाकर परिणय सूत्र में बंधने की इच्छा जताई थी।




## X का एक्सरे

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हनुमानगढ़ी में दर्शन करने जाते हैं। बाहर आकर मछली की दावत उड़ाते हैं। फिर, राम-राम चिल्लाते हैं। अरे अयोध्या के बाहर खा लेते, जो खाना था। बेशर्मी की भी एक सीमा होती है, इनके सामने गिरगिट भी शरमा जाता है।



योगी आदित्यनाथ

ईद के दौरान जो नियम लागू होते हैं, उसका पालन होता है। जब ईद का जश्न शांति से मनाए जाते हैं तो क्या इस हिंदू राष्ट्र में हिंदुओं को अपने त्योहार मनाने का अधिकार नहीं है? क्या कोई ऐसी एक भी घटना बता सकता है, जब हिंदुओं ने ईद के जश्न के दौरान कोई गड़बड़ की हो?'



नितेश राणे

आज पंजाब को मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान की जगह काम करने वाले नेतृत्व की जरूरत है। हमारे पास चरणजीत सिंह चन्नी के रूप में अनुसूचित जाति नेतृत्व, मेरे रूप में जट्ट सिख और आशू के रूप में ब्राह्मण/शहरी हिंदू चेहरा है। यह तिकड़ी 2027 के लिए कांग्रेस की मजबूती का प्रमाण है।



सुखजिंदर सिंह रंधावा

मैदान पर मजाक और स्लेजिंग तब तक ठीक है, जब तक भाषा और व्यवहार की सीमा न लांघी जाए। यह एक खतरनाक स्थिति है। शारीरिक संपर्क एक अलग बात है। पिछले मैच में जायसवाल दूसरी तरफ थे। वह फील्डिंग कर रहे थे और उन्होंने निरोशन डिकवेला से कुछ कहा था।



अजय जडेजा

## एक नजर

### प्रोजेक्ट अलंकार: यूपी के 51 स्कूलों के लिए 6.71 करोड़ मंजूर

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के भवनों की मरम्मत और बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 6.71 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। 'प्रोजेक्ट अलंकार' के तहत यह बजट 23 जिलों के 51 स्कूलों को आवंटित किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेशानुसार, 14 जिलों के 32 विद्यालयों को दूसरी किस्त के रूप में 5.52 करोड़ जारी किए गए हैं। वहीं, 9 जिलों के 19 विद्यालयों को तीसरी किस्त के तहत 1.18 करोड़ मिलेंगे। इस राशि से पुराने स्कूल भवनों का पुनर्निर्माण, मरम्मत और आवश्यक अवस्थापना कार्य कराए जाएंगे।

### यूपी पीईटी 2026: अंतिम तिथि नजदीक, ऐसे करें आवेदन

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (PET-2026) के लिए आवेदन प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास फॉर्म भरने के लिए मात्र एक सप्ताह का समय शेष बचा है। आयोग ने बीते 3 अगस्त को इस परीक्षा की आधिकारिक अधिसूचना जारी की थी, जिसकी परीक्षा आगामी अक्टूबर महीने में आयोजित की जा सकती है। आखिरी दिनों में सर्वर डाउन होने की समस्या से बचने के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है। इस परीक्षा में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जिसकी गणना 1 जुलाई 2026 के आधार पर की जाएगी। वहीं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के तहत उम्मीदवार का भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं (हाईस्कूल) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। योग्य अभ्यर्थी केवल ऑनलाइन माध्यम से आयोग की आधिकारिक वेबसाइट UPSSSC Official Website पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

# यात्री राहत योजना: 9 साल में बांटे 17.33 करोड़

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की 'यात्री राहत एवं सुरक्षा योजना' बस दुर्घटनाओं के शिकार परिवारों के लिए बड़ा संबल बनी है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2025-26 के बीच योगी सरकार ने मृत्यु और घायल होने के कुल 342 मामलों में 17.33 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की है। इस कल्याणकारी योजना के आंकड़ों में पिछले वर्षों में बड़ा बदलाव देखा गया है। साल 2017 से पहले के दो वर्षों (2015-16 और 2016-17) में मौत के केवल 8 मामलों में 40 लाख की मदद दी गई थी। इसके विपरीत, बीते 9 वर्षों (2017-18 से 2025-26) में गंभीर संवेदनशीलता दिखाते हुए मृत्यु के 322 मामलों में 17.08 करोड़ का त्वरित भुगतान किया गया। इसके साथ ही दुर्घटनाओं में घायल हुए यात्रियों के 20 प्रकरणों में भी 24.37 लाख की आर्थिक राहत पहुंचाई गई है।



2017-18 से 2025-26 के बीच मृतकों के परिजनों को दी गई सहायता में लगातार बड़े स्तर पर भुगतान दर्ज है। इस अवधि में सबसे अधिक 2019-20 में 78 मृत्यु प्रकरणों में लगभग 3.68 करोड़ रुपये, 2021-22 में 48 प्रकरणों में लगभग 2.37 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। वहीं 2017-18 में 42 प्रकरणों में करीब 2.10 करोड़ रुपये, 2023-24 में 32 प्रकरणों में 1.85 करोड़ रुपये और 2025-26 में 27 प्रकरणों में 1.97 करोड़ रुपये का भुगतान हुआ। परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने या घायल होने वाले लोगों के परिवारों को तत्काल आर्थिक राहत उपलब्ध कराने के लिए सरकार व परिवहन निगम की योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हमारा प्रयास शुरू से यह भी रहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए। इसके लिए ड्राइवरों, कर्मचारियों से लेकर बसों के बेड़ों तक सभी की नियमित निगरानी की जा रही है। योजना के नए प्रावधानों में मृत्यु की स्थिति में राहत राशि बढ़ाई गई है। वयस्क यात्री की मृत्यु पर 7.50 लाख रुपये, आधा टिकट लेने वाले बच्चे की मृत्यु पर 3.75 लाख रुपये और परिवहन निगम के नियमों के तहत निःशुल्क यात्रा करने वाले छोटे बच्चे की मृत्यु पर लगभग 1.87 लाख रुपये की राहत राशि निर्धारित है। इससे दुर्घटना में परिवार के कमाने वाले सदस्य की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

### गंभीर रूप से घायल यात्रियों को भी राहत

UPSRTC की यात्री राहत योजना के तहत बस दुर्घटना में घायल यात्रियों के इलाज के लिए त्वरित और श्रेणीबद्ध वित्तीय सहायता का प्रावधान है। दुर्घटना के तुरंत बाद संबंधित अधिकारी सामान्य रूप से घायल यात्री को 10,000 और गंभीर रूप से घायल को 25,000 तक की अग्रिम अंतरिम राहत मौके पर ही दे सकते हैं। यदि उपचार का खर्च इस प्रारंभिक सहायता से अधिक होता है, तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और अस्पताल के वास्तविक बिलों के आधार पर आगे का भुगतान किया जाता है। योजना के अंतर्गत चोट की गंभीरता के अनुसार अधिकतम मुआवजा तय है, जिसमें सामान्य चोट के लिए 25,000, गंभीर चोट के लिए 1 लाख तथा अति गंभीर चोट या 50 प्रतिशत से अधिक जलने की स्थिति में 2.50 लाख तक की मदद दी जाती है।

### बस में सवार नहीं होने वाले पीड़ितों को भी मदद

UPSRTC ने यात्री राहत योजना का दायरा बढ़ाते हुए अप्रैल 2026 से इसमें एक ऐतिहासिक संशोधन किया है। अब निगम या अनुबंधित बसों से होने वाली दुर्घटनाओं में केवल यात्री ही नहीं, बल्कि सड़क पर चलने वाले राहगीर और आम नागरिक भी इस योजना के तहत वित्तीय सुरक्षा के पात्र होंगे। नए नियमों के अनुसार, बस हादसे में किसी बाहरी व्यक्ति की मृत्यु होने पर 5 लाख तक और गंभीर रूप से घायल होने पर 2.50 लाख तक की मुआवजा राशि दी जाएगी। हालांकि, इस लाभ के लिए एक सख्त शर्त भी जोड़ी गई है, यदि पुलिस और परिवहन निगम के जांच अधिकारियों की रिपोर्ट में दुर्घटना का कारण पीड़ित व्यक्ति की खुद की लापरवाही साबित होता है, तो योजना के तहत कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

## प्राइवेट स्कूलों जैसी व्यवस्था: पीएम श्री स्कूलों में मिलेंगे आईडी कार्ड

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पीएम श्री योजना के तहत चयनित 1565 परिषदीय विद्यालयों में अब निजी स्कूलों की तर्ज पर कक्षा एक से आठ तक के सभी छात्र और शिक्षक पहचान पत्र (ID Card) पहनेंगे। शासन ने प्रति पहचान पत्र अधिकतम 50 की दर से कुल 2.30 करोड़ की धनराशि आवंटित की है। इस पहल से विद्यार्थियों को प्रामाणिक शैक्षिक पहचान मिलेगी, जिससे खेलकूद, प्रतियोगिता और शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उनकी सुरक्षा व पहचान सुनिश्चित होगी। शिक्षकों के कार्ड में मानव संपदा कोड, पदनाम और बीएसए के हस्ताक्षर होंगे। वहीं छात्रों के कार्ड में अपार आईडी (APAAR ID), प्रवेशांक, रक्त समूह और अभिभावकों के मोबाइल नंबर सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दर्ज रहेंगी। स्कूल अवधि के दौरान सभी के लिए यह कार्ड पहनना पूरी तरह अनिवार्य होगा।

# पंजाब में अकेले लड़ेगी बीएसपी: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने लखनऊ स्थित केंद्रीय कैंप कार्यालय में पंजाब इकाई के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक अहम समीक्षा बैठक की। इस संगठनात्मक बैठक में उन्होंने पंजाब में पार्टी के जनाधार को मजबूत करने, चल रहे कार्यों की प्रगति और आगामी चुनावी रणनीतियों की गहन समीक्षा की। मायावती ने साफ शब्दों में घोषणा की कि बसपा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की तरह पंजाब में भी किसी अन्य दल के साथ कोई चुनावी गठबंधन नहीं करेगी, बल्कि अकेले अपने दम पर चुनाव मैदान में उतरेगी। बसपा प्रमुख ने पुराने अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व में किए गए गठबंधनों से पार्टी को सीटों और वोट शेयर दोनों के मोर्चे पर बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था, जिससे जमीनी



कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के आगामी चुनावों के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को ही उम्मीदवार बनाएं। इससे जनता के सामने आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा का एक मजबूत और साफ-सुथरा विकल्प पेश किया जा सकेगा। इसके अलावा मायावती ने आगामी 9 अक्टूबर को मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि के कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से सफल बनाने के निर्देश दिए।

# भारत: 97 करोड़ वोटर्स का महापरिवार

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि भारत के लगभग 97 करोड़ मतदाता मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा परिवार बनाते हैं और जब लोकसभा चुनाव होते हैं, तो भारत निर्वाचन आयोग धरती का सबसे बड़ा संगठन बन जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, कुमार ने ये बातें लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चुनाव साक्षरता क्लब (ईएलसी) 2.0 और ईसीआईनेट के क्षेत्रीय सम्मेलन में कहीं। ज्ञानेश कुमार ने कहा, भारत में लगभग 97 करोड़ मतदाता हैं। इसका क्या मतलब है? यह सिर्फ एक संख्या नहीं है। क्या आप जानते हैं कि अलग-अलग देशों में मतदाताओं की आबादी के हिसाब से 97 करोड़ कितना होता है? अगर आप अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अमेरिका, पूरे यूरोप, पूरे अफ्रीका



और पूरे दक्षिण-पूर्व एशिया के मतदाताओं को भी जोड़ लें, तब भी यह भारत के मुकाबले आठ करोड़ कम रह जाता है। आप इतने बड़े लोकतंत्र का हिस्सा हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा परिवार है। कुमार ने कहा, क्या आप जानते हैं कि जब भारत का निर्वाचन आयोग (ईसीआई) लोकसभा चुनाव कराता है तो यह काम कितने बड़े पैमाने पर होता है? जब लोकसभा चुनाव होते हैं, तो भारत निर्वाचन आयोग धरती का सबसे बड़ा संगठन बन जाता है, जिसके साथ 1.8 करोड़ लोग काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता का इससे बड़ा कोई उदाहरण नहीं हो सकता। कुमार ने उपस्थित लोगों से सवाल किया कि इन 1.8 करोड़ लोगों के साथ बातचीत या संपर्क कैसे होता है? उन्होंने कहा, वे सभी ईसीआईनेट के जरिये जुड़े हुए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिलाधिकारी और बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) से लेकर पीठासीन अधिकारी और मतगणना अधिकारी तक, हर कोई इस माध्यम से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में ट्विटर (जिसे अब एक्स कहा जाता है) को ढाई करोड़ लोगों ने डाउनलोड किया है, लेकिन चार-पांच महीने पहले शुरू किया गया ईसीआईनेट इस साल के आखिर तक यह भारत का सबसे बड़ा ऐप बन जाना चाहिए, क्योंकि इसमें 1951—52 के लोकसभा चुनावों से लेकर अब तक की सारी जानकारी मौजूद है... चाहे वह किसी बूथ पर वोटिंग की संख्या हो, किसी उम्मीदवार को मिले वोट हों या हलफनामे हों।

# 20 हजार से अधिक इंटर्न डॉक्टरों का बढ़ा स्टाइपेंड

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट ने मंगलवार को राज्य के मेडिकल छात्रों को एक बड़ा तोहफा देते हुए उनके स्टाइपेंड (भत्ते) में दोगुनी से अधिक की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले के तहत अब राजकीय मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों और चिकित्सा विश्वविद्यालयों में रोटेटिंग इंटर्नशिप करने वाले एमबीबीएस (MBBS) और बीडीएस (BDS) छात्रों का मासिक स्टाइपेंड 12,000 से सीधे बढ़ाकर 25,000 प्रति माह कर दिया गया है। कैबिनेट के इस महत्वपूर्ण निर्णय से प्रदेश भर के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में कार्यरत करीब 20 हजार से अधिक इंटर्न डॉक्टरों को सीधा वित्तीय लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि ये इंटर्न छात्र अपनी इंटर्नशिप अवधि के दौरान सरकारी अस्पतालों की स्वास्थ्य व्यवस्था में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये छात्र दिन-रात अस्पतालों में मरीजों की देखभाल करने, आपातकालीन (इमरजेंसी) सेवाओं को संभालने, ओपीडी (OPD), जनरल वार्डों की देखरेख और रात्रिकालीन (नाइट) ड्यूटी जैसी आवश्यक चिकित्सा सेवाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहते हैं। लंबे समय से चल रही इस मांग के पूरे होने से प्रदेश के जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों में खुशी की लहर है।

# कई लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से प्रभावित होकर कई लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नवसदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन की मजबूती में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, सतीश गोयल, गोविंद मेहता, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा और घोसी कुआं के पूर्व ग्राम प्रधान मनोज राणा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी



भाजपा की लोगों ने ग्रहण की सदस्यता। -जागरण मोर्चा

मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में लॉन्गश्री देवी, जशवंती देवी, सरिता राणा, रमा देवी, पुष्पा देवी, खुशी राणा, रसकली, शीतल राणा, सावित्री देवी, राखी देवी, जमुना देवी, भगवती देवी, खुशी, भगवती और रमिता राणा सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं से आमजन का भाजपा के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# कांग्रेस के नए पदाधिकारियों का सम्मान, कापड़ी ने दी बधाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नवनियुक्त कांग्रेस के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खटीमा विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी की मौजूदगी में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के साथ कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने पदाधिकारियों से कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। सम्मानित किए गए पदाधिकारियों में प्रदेश सचिव दान सिंह राणा, देवेंद्र कन्याल, अरविंद कुमार, नासिर खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश राणा सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी शामिल रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों में राम भरोसे राणा, नवीन जोशी, विक्रम सिंह, दीपक कुमार, डॉ. विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, मान सिंह, पूरन मेहता, मो. ताहिर, नूर मोहम्मद और महामंत्री दीपक सिंह राणा सहित अन्य पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। विधायक कापड़ी ने कहा कि कांग्रेस संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता से मजबूत होता है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत वारंटी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ऑपरेशन प्रहार के तहत सत्रहमील चौकी पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के मामले में फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को ग्राम बरी अंजनिया जमौर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत न्यायालय से जारी आदेशिकाओं का उल्लंघन कर फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसीजेएम खटीमा न्यायालय से जारी गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट के



पुलिस के साथ मौजूद फरार वारंटी अभियुक्त। -जागरण मोर्चा

अनुपालन में सत्रहमील चौकी पुलिस ने उमेश कुमार (32) पुत्र कुबेर सिंह, निवासी बरी अंजनिया जमौर, थाना खटीमा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त एनआई एक्ट से संबंधित मामले में न्यायालय से जारी वारंट के बाद लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी सत्रहमील मझौला उपनिरीक्षक किशोर पंत, हेड कांस्टेबल राजेंद्र प्रसाद और कांस्टेबल दुर्गा नाथ शामिल रहे।

## गोरखपुर से चर्लपल्ली के लिए नई ट्रेन, लखनऊ से गुजरेगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए तेलंगाना के चर्लपल्ली से लखनऊ होते हुए गोरखपुर के बीच नई 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ट्रेन शुरू करने जा रहा है।

इसका नियमित संचालन 2 अक्टूबर 2026 से किया जाएगा, जिससे यात्रियों को सफर का एक बेहतर और आधुनिक विकल्प मिलेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 22075 चर्लपल्ली-गोरखपुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक शुक्रवार को चर्लपल्ली से रवाना होगी। इस रूट पर चलने वाली यह पहली आधुनिक पुश-पुल तकनीक वाली ट्रेन होगी।

# बुजुर्ग महिलाओं को योगी सरकार का बड़ा तोहफा

**लखनऊ (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में एक ऐतिहासिक फैसले के तहत 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति योजना' को मंजूरी दे दी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रदेश की 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (UPSRTC) की सभी बसों में आजीवन मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस कदम से राज्य की लगभग एक करोड़ से अधिक बुजुर्ग महिलाओं को सीधा लाभ पहुंचेगा। पात्र महिलाएं बस में अपना आधार कार्ड या वोटर आईडी कार्ड दिखाकर इस निशुल्क सेवा का लाभ उठा सकेंगी। गौरतलब है कि भाजपा



ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में भी इसका वादा किया था। कैबिनेट बैठक में कुल 27 प्रस्ताव पेश किए गए थे, जिनमें से 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी गई। इन स्वीकृत प्रस्तावों में बुजुर्ग महिलाओं को मुफ्त बस सफर का तोहफा देना सबसे अहम माना जा रहा है। सरकार के इस फैसले से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की बुजुर्ग महिलाओं को स्वतंत्र रूप से आवागमन करने और सम्मानजनक जीवन जीने में बड़ी मदद मिलेगी।

## 3.88 लाख महिलाओं ने रचा दूध उत्पादन में इतिहास

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के गांवों में महिलाएं दुग्ध उत्पादन के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूहों की पांच दुग्ध कंपनियों ने वर्ष 2019 से अब तक करीब 5,716.26 करोड़ का रिकॉर्ड कारोबार किया है।

वर्तमान में इन कंपनियों से 3.88 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं, जो प्रतिदिन लगभग 12.5 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रही हैं। इन महिला कारोबारियों का यह विशाल नेटवर्क राज्य के 31 जनपदों के 6,603 गांवों तक पहुंच चुका है, जिसे सरकार अब और विस्तार देने की योजना बना रही है।

# लायंस डिस्ट्रिक्ट इंस्टॉलेशन में सेवा-नेतृत्व की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट इंस्टॉलेशन समारोह का भव्य आयोजन लखनऊ स्थित होटल आईटीसी फॉर्च्यून में किया गया। समारोह में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सेवा, समर्पण और नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी में रीजन चेयरपर्सन लायन जितेंद्र पारुथी ने सभी सवालों के सही जवाब देकर विशेष उपलब्धि हासिल की।

उनकी इस सफलता पर इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन विनय मित्तल एवं पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन जितेंद्र सिंह चौहान ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर



सम्मानित होते जितेन्द्र पारुथी।

पर पारुथी ने कहा कि सही उत्तर देकर सम्मान प्राप्त करना उनके साथ-साथ पूरे रीजन के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। कार्यक्रम में पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन जितेंद्र सिंह चौहान ने नवनियुक्त डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट का अधिष्ठापन कराया। उन्होंने कहा कि लायंस इंटरनेशनल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और नेतृत्व के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला वैश्विक मंच है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से टीम भावना और पूरी निष्ठा के साथ सेवा गतिविधियों को नई दिशा देने तथा जरूरतमंदों तक संगठन की सेवाएं पहुंचाने का आह्वान किया।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन परमजीत सिंह ने कहा कि लायंस इंटरनेशनल का मूल उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। संगठन के सदस्य स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और जनसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास, समर्पण और सेवा भावना के बल पर संगठन समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का और अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन करता रहेगा। समारोह में फर्स्ट वीडीजी दलजीत सिंह टोनी, सेकेंड वीडीजी नवीन झिंगरान, पीडीजी विश्वनाथ चौधरी, पीडीजी मुकेश जैन, पीडीजी वीएस दीक्षित, पीडीजी शिव कुमार गुप्ता, पीडीजी मनोज रोहिला, पीडीजी केएस लूथरा, पीडीजी विशाल सिन्हा, पीडीजी बीएम श्रीवास्तव, एचएन सिंह, लालजी वर्मा, डिस्ट्रिक्ट चीफ सेक्रेटरी लायन सुदीप कुलश्रेष्ठ, डिस्ट्रिक्ट चीफ ट्रेजरार लायन दुर्गेश बंसल, डिस्ट्रिक्ट पीआरओ दिलीप कुमार, मृदुला जायसवाल, विनीत श्रीवास्तव, मनीषा खरे, राममोहन गुप्ता, पुष्कर राज, पूजा ग्रोवर, मंजू राज, नीरा भसीन और कुलदीप राणा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य आदि रहे।

## एक नजर

### किशोरी को बहाने से घर ले जाकर मुस्लिम युवक ने किया दुष्कर्म

**बीसलपुर।** इंस्टाग्राम से किशोरी को प्रेम जाल में फंसने के बाद बहाने से मंदिर दर्शन के लिए बुलाने के बाद मुस्लिम युवक उसे अपने घर ले गया और उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने बंद मकान से किशोरी को बरामद कर लिया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ग्रामीण ने सोमवार को पुलिस को बताया कि मोहल्ला ग्यासपुर निवासी अफजल ने इंस्टाग्राम के सहारे उनकी 17 वर्षीय पुत्री को प्रेम जाल में फांस लिया। 24 अगस्त को बहाने से उसकी बेटी को 12 पत्थर चौराहे पर बुलाया और अपने घर ले गया। घर के दो कमरों में बाहर से ताला डाल दिया। पुलिस ने छापा मारकर किशोरी को बंद मकान से बरामद कर लिया। आरोपी अफजल को मौके से गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को किशोरी के पिता ने अफजल के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# मुठभेड़ के बाद शातिर चोर गिरफ्तार, पैर में लगी गोली; चोरी के जेवर और बाइक बरामद

## वाहन चैकिंग दौरान न्यूरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए मुठभेड़ के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, जबकि उसका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, कारतूस और अन्य सामान बरामद हुआ है। ज्ञात रहे पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल के नेतृत्व में न्यूरिया पुलिस लगातार संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। 24 अगस्त की रात थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह, एसओजी प्रभारी अजय पाल सिंह व पुलिस टीम मझोला धनकुना मार्ग पर चेकिंग पर थे। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने का इशारा किया गया, तो वे भुजिया मजार लिंक रोड की ओर भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में एक बदमाश जैनुल आबदीन (22) पुत्र सगीर अहमद, निवासी मोहल्ला अब्दुल रहीम (न्यूरिया) के बायें पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। वहीं उसका साथी रमन निवासी रामपुर काजी (ऊधमसिंहनगर) मौके से फरार हो गया। घायल अभियुक्त को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी न्यूरिया भेजा गया। थाना पुलिस चोरी की तीन घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस पूछताछ और जांच में सामने आया कि पकड़े गए अभियुक्त ने अपने फरार साथी के साथ मिलकर क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया था: 21 अगस्त को भीतरगांव निवासी मुख्तार अहमद की दुकान से सोने-चांदी के आभूषण चोरी किए थे। 24 अगस्त को मोहल्ला अब्दुल रहीम निवासी मो. सजर के घर में घुसकर जेवरात पार किए थे। बाइक चोरी: मोहल्ला अब्दुल रहीम निवासी फखरूद्दीन की स्प्लेंडर प्लस बाइक (UP 26 AN 8266) चोरी की थी। अवैध असलहा व सामान बरामद पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी की गई स्प्लेंडर बाइक, पीली व सफेद धातु के चोरी के आभूषण, 315 बोर का एक अवैध तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक पहचान पत्र (आधार कार्ड) बरामद किया है। पुलिस ने दर्ज मामलों में बीएनएस की धारा 317(2) की बढ़ोत्तरी की है। इसके अतिरिक्त पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में बीएनएस की धारा 109 और 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत नया मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार अभियुक्त रमन की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष दिगम्बर सिंह, प्रभारी एसओ जी अजय पाल सिंह, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कांस्टेबल कपिल, चाहत और गौरव आदि मौजूद रहे।



अस्पताल में भर्ती घायल आरोपी। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानन्द ने छह नवनियुक्त प्राविधिक सहायक को वितरित किए नियुक्ति पत्र



बरखेड़ा विधायक ने नियुक्ति पत्र दिए। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** आज कृषि निदेशक कार्यालय में छह अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थी मे श्रीमती सुषुम लता पुत्री बेचे लाल, प्रदीप कुमार पुत्र तेज नारायन, हरवीर सिंह पुत्र रविन्द्र पाल, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र वेद पाल, अशोक कुमार पुत्र गेंदन लाल एवं अंकित कुमार पत्र धनीराम चयन हुआ है।उक्त छह नवनियुक्त प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी को नियुक्ति पत्र का वितरण गांधी सभगार में विधायक बरखेड़ा प्रवक्तानन्द के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी एवं कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रदेश में कुल 3446 प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के नियुक्ति पत्र का वितरण आज प्रदेश के सभी जनपदों में किया गया। प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री के द्वारा उक्त नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण लखनऊ में किया गया। जिसका सजीव प्रसारण प्रदेश के समस्त जनपदों में किया गया।

### बेजुबानों की रक्षा और सड़क सुरक्षा के लिए भारत विकास परिषद ने गौवंश के गले में बांधी रिफ्लेक्टर बेल्ट

**पीलीभीत।** आज 'गौ सेवा ही सच्ची सेवा है' के संकल्प को साकार करते हुए भारत विकास परिषद द्वारा नगर में एक सराहनीय व जनहितैषी अभियान चलाया गया। रात के अंधेरे में सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश गाय एवं नंदी महाराज के कारण होने वाले सड़क हादसों को रोकने के उद्देश्य से संस्था के सदस्यों ने गौवंश के गले में चमकदार पट्टी बांधने का सेवा कार्य किया।



गोवंश के गले में रिफ्लेक्टर लगते भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

संस्था के पदाधि कारियों ने बताया कि रात्रि के समय सड़कों पर घूमते पशु वाहन चालकों को स्पष्ट दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होती हैं। इन हादसों में जहां एक ओर मूक पशु असमय काल के गाल में समा जाते हैं, वहीं दूसरी ओर वाहन चालक भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं या अपनी जान गंवा बैठते हैं। इसी समस्या के स्थाई समाधान के लिए परिषद ने यह पहल की है। रिफ्लेक्टर बेल्ट पर गाड़ियों की लाइट पड़ते ही वह दूर से चमकने लगती है, जिससे वाहन चालक समय रहते सतर्क हो जाते हैं और संभावित हादसे टल जाते हैं। इस पुनीत सेवा कार्य में रवि शर्मा, शिरीष सक्सेना, हरिपाल यादव, राहुल गजवानी (सनातनी राहुल), जगदीश सक्सेना, राजेश शर्मा, रवि देव एवं राजेश कुमार की मुख्य भूमिका उपस्थिति रही। भारत विकास परिषद ने जिले व क्षेत्र के समस्त जागरूक नागरिकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से अपील की है कि वे भी अपने-अपने क्षेत्रों में आगे आएं। अपने स्तर पर रिफ्लेक्टर बेल्ट मंगाकर आसपास के गौवंश के गले में जरूर बांधें। आपका यह छोटा सा सजग प्रयास किसी बेजुबान और इंसान दोनों का जीवन बचा सकता है।

## बालिका सुरक्षा पर सिटी मजिस्ट्रेट ने दिए कड़े निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



सिटी मजिस्ट्रेट ने दिए कड़े निर्देश।

**पीलीभीत।** आज नगर मजिस्ट्रेट पी0एल0 मौर्य की अध्यक्षता में बालिकाओं की सुरक्षा है सबकि जिम्मेदारी विषय पर जनपद स्तरीय बैठक कार्यालय कक्ष में आहुत की गई। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा बैठक में बताया गया कि राज्य महिला आयोग द्वारा सभी बलिका स्कूल, कालेज कोचिंग संस्थानों लाइब्रेरी इत्यादि में बालिकाओं की सुरक्षा हेतु कैमरे, लगवाएं जाएं, सुनसान रास्तों पर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए एवं इन जगहों पर पुलिस गस्त बढ़ाई जाए जिससे बालिकाएं को रात्रि के समय या स्कूल, कोचिंग से जाते समय असुरक्षित महसूस न करें, नगर मजिस्ट्रेट द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा गया कि वह स्वयं इन स्थानों का निरीक्षण करें एवं देखे की बालिकाओं को स्कूल के समय या स्कूल से जाते समय कोई समस्या न हो। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा सभी बालिका इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या को निर्देशित किया गया कि वह बालिकाओं से स्वयं बातचीत कर जानकारी लें कि उन्हें रास्ते मे जाते समय कोई समस्या तो नही आ रही या किसी प्रकार से बालिका का उत्पीड़न तो नही हो रहा। सभी प्रधानाचार्या को यह भी निर्देशित किया गया सभी कैमरे दिन और रात्रि के समय ऑन रहें एवं सभी विद्यालयों में शिकायत पेटी लगाई जाए। नगर पालिका आर0 आई0 को निर्देशित किया गया कि वह सुनसान रस्तों में स्ट्रीट लाइट लगवाएं।

## हिन्दू महासभा ने खाद्य पदार्थों में मिलावट पर उठाए सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर जनपद में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट, खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली तथा जनस्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। संगठन ने खाद्य पदार्थों की व्यापक जांच कराए जाने, मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा संबंधित विभागों की जवाबदेही तय किए जाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में देशभर में नकली एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। नकली सॉस, सिंथेटिक दूध, मिलावटी घी, तेल, मसाले और मिठाइयों की बरामदगी की घटनाएं आम होती जा रही हैं, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। संगठन ने कहा कि पीलीभीत जनपद भी इस समस्या से अछूता नहीं है और कुछ समय पूर्व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए हल्दी के नमूने में गंभीर मिलावट पाए जाने की सूचना ने पूरे मामले को और अधिक गंभीर बना दिया है। हिन्दू महासभा ने सवाल उठाया कि यदि एक प्रतिष्ठान में इस स्तर की मिलावट पाई जा सकती है तो जनपद के अन्य बाजारों, डेयरियों, गोदामों, मिठाई प्रतिष्ठानों, होटल-ढाबों और खाद्य निर्माण इकाइयों में बिक रहे खाद्य पदार्थों की शुद्धता की क्या गारंटी है। संगठन ने कहा कि जनता यह जानना चाहती है कि उसके घर पहुंचने वाला दूध, पनीर, घी, तेल, मसाले, मिठाई, ब्रेड, बिस्कुट, नमकीन और अन्य खाद्य सामग्री वास्तव में सुरक्षित है या नहीं।



हिंदू महासभा ने सौंपा ज्ञापन। -जागरण मोर्चा

ज्ञापन में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यशैली पर भी प्रश्नचिह्न लगाया गया। संगठन का कहना है कि विभाग की कार्रवाई केवल औपचारिकताओं तक सीमित दिखाई देती है।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा के नेतृत्व में संगठन के युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, जितेंद्र मौर्य, मनोज वर्मा, प्रमोद कश्यप, योगी गंगवार, अजय शर्मा, आकाश, राहुल मिश्रा, अर्जुन ठाकुर, यज्ञ स्वरूप, रामवीर, प्रदीप सिंह, सर्वेश कश्यप, राहुल राठौर, अनिल वंशवाल, कविता वंशवाल सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बीपी मंडल जयंती पर समाजवादी पार्टी ने सामाजिक न्याय के संकल्प को मजबूत करने का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** आज समाजवादी पार्टी के जिला कैंप कार्यालय, केजीएन कॉलोनी, नकटदाना चौराहा में सामाजिक न्याय के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद (बी.पी.) मंडल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बी.पी. मंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के वंचित, पिछड़े और शोषित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में बी.पी. मंडल का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन इम्तियाज अली ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि "बी. पी. मंडल का जीवन सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सत्येंद्र मौर्य ज्योति प्रकाश शुक्ला इम्तियाज अल्वी, गुरविंदर सिंह गिल रामू पांडे, सौरभ पांडे, जनेश्वर मिश्र प्रशांत अवस्थी धनुष अवस्थी शेखर यादव, अमित कुमार, अशोक सैनी, देव कुमार मौर्य, जसपाल, हिमांशु वाजपेई, विजय वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, भगवान दीन वर्मा, डॉक्टर साहब बख्श बरकाती, रजनीश यादव, सुधीर दिक्षित, मणिदीप कुमार, मनोज कुमार वर्मा, शहजाद खान, जमाल शाह खान, सदाकत अली, गोविंद पांडे अधिवक्ता सभा, आदर्श पांडे, आशीष सिंह चौहान आदि पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गुटका न देने पर विक्रेता को मारी गोली, गंभीर

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भसूड़ा चौराहे पर गांव के लाल बहादुर के पुत्र श्यामा चरण का पान गुटके की दुकान है। मंगलवार को सुबह 8:00 बजे युवक अपनी दुकान पर बैठा था तभी पड़ोस के गांव चौसरा के चार युवक उसके खोखे पर पहुंचे। आरोप है कि एक युवक ने श्यामाचरण से गगन का गुटका मांगा उसने गगन का गुटका ना होने की बात कही इसी बात पर विवाद हो गया। गुटखा मांगने वाले युवक ने तमंचे से श्यामा चरण पर गोली चला दी जिससे वह घायल होकर दुकान से नीचे गिर गया। तभी हमलावर वहां से भाग गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## अलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री की सावन स्पेशल मीटिंग धूमधाम से संपन्न

### हरे परिधान, सावन के गीत और झूलों के संग क्लब की सदस्यों ने मनाया उत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज अलायंस क्लब मधुबन एवं मैत्री द्वारा सावन के पावन अवसर पर एक विशेष बैठक का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। श्रीमती पंकज सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित इस सावन स्पेशल मीटिंग की मेजबानी नीतू वर्मा एवं निशा सक्सेना द्वारा की गई। कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याएं सावन के रंग में रंगी नजर आईं और हरे रंग के परिधान पहनकर पहुंचीं। होस्ट नीतू वर्मा एवं निशा सक्सेना ने सभी का रोली-कुमकुम का तिलक लगाकर और गजरा पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ वर्षा सक्सेना द्वारा प्रस्तुत सावन के सुमधुर गीतों के साथ हुआ, जिसने माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। सावन का महत्व, नए सदस्यों का आगमन और मनोरंजक खेल समारोह के दौरान मधु कुमार ने सावन माह के धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर क्लब का दायरा बढ़ाते हुए दो नए सदस्यों को भी क्लब में शामिल किया गया। सभी सदस्याओं ने सावन के झूलों का भरपूर आनंद उठाया। इसके पश्चात आयोजकों द्वारा सावन थीम पर आधारित कई मनोरंजक खेल करवाए गए और विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी सदस्याओं ने मिलकर एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इस अवसर पर चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मधु कुमार, अध्यक्ष पंकज सक्सेना, मिथलेश शर्मा, कंचन, किरण, संगीता शुक्ला, सरोज, सृष्टि सोनी, जूली, सीमा, संध्या, उषा, कविता, नीनू, सोनल, बबीता, अनीता, मोनिका, सीमा, निधि, कमलेश, अंजू, प्रीति, सुमन, उमा, निर्मला और दीपा सहित क्लब की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।



रिलायंस क्लब की महिला सदस्य। -जागरण मोर्चा

## कार्यक्रम

### जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे मनोनयन पत्र

## समाजवादी जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी हुई घोषित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज समाजवादी पार्टी के जिला कैंप कार्यालय, केजीएन कॉलोनी, नकटादाना चौराहा पर समाजवादी जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यकारिणी की घोषणा महा सभा के जिला अध्यक्ष प्रशांत अवस्थी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र प्रदान कर नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



ब्राह्मण सभा की नियुक्ति पत्र सौंपते जगदेव सिंह जग्गा। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि समाजवादी जनेश्वर मिश्र ने जीवन भर सामाजिक न्याय, समानता, लोकतांत्रिक मूल्यों और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी विचारधारा समाजवादी आंदोलन के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करें तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीतियों, विचारों और सामाजिक न्याय के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर समाजवादी विचार धारा को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता से होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि समाजवादी जनेश्वर मिश्र ब्राह्मण महासभा की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सत्येंद्र मौर्य ज्योति प्रकाश शुक्ला इम्तियाज अल्वी, गुरविंदर सिंह गिल रामू पांडे, सौरभ पांडे, प्रशांत अवस्थी,धनुष अवस्थी जिला उपाध्यक्ष युवजन सभा, शेखर यादव, अमित कुमार, अशोक सैनी, देव कुमार मौर्य, जसपाल, हिमांशु वाजपेई, विजय वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, भगवान दीन वर्मा, डॉक्टर साहब बख्श बरकाती, रजनीश यादव, सुधीर दीक्षित, मणिदीप कुमार, मनोज कुमार वर्मा, शहजाद खान, जमाल शाह खान, सदाकत अली, गोविंद पांडे आदर्श पांडे, आशीष सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरखेड़ा ब्लॉक परिसर में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन, लगाया गया शिविर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज विकासखण्ड बरखेड़ा परिसार में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में विधायक बरखेड़ा में स्वामी प्रवक्तानन्द दिव्यांगजनों वरिष्ठजनों को 455 सहायक उपकरण वितरित किए। जिसमें उपकरणों में ट्राईसाइकिल, सिलिकॉन फोम तकिया, एल. एस. बेल्ट, कान की मशीन, स्पाइनल सपोर्ट बेल्ट, बैसाखी, छड़ी, व्हील चेयर कमोड सहित, चेयर स्टूल कमोड वाकर, व्हीलचेयर आदि प्रदान किए गए। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा हरद्वारी लाल गंगवार, खंड विकास अधिकारी बरखेड़ा लियाकत अली, सुखवीर सिंह भदौरिया, जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा दीपक सोनकर, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, चंद्रपाल दिवाकर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ अत्यधिक संख्या में लोग उपस्थित रहे।




बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### खेत में तेंदुए के शावक घूमने का वीडियो वायरल

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई स्थित श्मशानघाट के पास दो दिन पूर्व तेंदुआ दिखाई देने के बाद ग्रामीणों में पहले से ही दहशत का माहौल है। बताया गया कि तेंदुआ गोवंश पशु का शिकार करने की फिराक में था। लेकिन ग्रामीणों की चहलकदमी के चलते गोवंश पशु बाल-बाल बच गया था। इसी बीच मंगलवार सुबह करीब सात बजे रात के समय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। वीडियो में खेत में कुछ जानवर दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो को लेकर दावा किया जा रहा है कि खेत में तेंदुए के शावक घूम रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। ग्रामीण खेतों की ओर जाने से बच रहे हैं और बच्चों को भी अकेले बाहर भेजने में डर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और तेंदुए की मौजूदगी की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# राइस मिल की राख से लोग परेशान, हाईवे किया जाम

## हाईवे पर जाम लगने से मचा हडकंप, बामुश्किल माने लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** राइस मिल से उडने वाली राख और कीडों से लोग परेशान है। ध्यान ना दिए जाने से नाराज ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाकर विरोध किया। वमुश्किल लोगों को समझाया जा सका। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर तालुके महाराजपुर गर्ग रोलर फ्लोर और राइसमिल से उड़ने वाली राख और कीड़ों से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह को रामपुर ता.महाराजपुर, सुआवोझ, कपूरपुर, रानीखेड़ा सहित करीब आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण बडी संख्या में एकत्र हुए। इसी को लेकर ग्रामीणों ने मैगलगंज हाईवे पर जाम लगा दिया। और जमकर विरोध प्रदर्शन किया, हाईवे पर अचानक जाम लगने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों का आरोप है कि मिल से उड़ने वाली राख और कीड़ों के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर पहले भी संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज ग्रामीण सड़क पर उतर आए। करीब 30 मिनट तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा।जाम की सूचना पर डायल 112 पुलिस के साथ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर कार्रवाई का भरोसा दिया। जिसके बाद किसी तरह जाम खुलवाया जा सका और यातायात सुचारु हुआ। काफी देर तक हाईवे पर मामला चलता रहा। इस दौरान धरना प्रदर्शन में दाताराम वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, रंगीले खान, दीपक वर्मा, शिव कुमार, रविंद्र कुमार, कृष्णपाल, विक्रांत शर्मा प्रधान पति और राकेश शर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।



हाईवे पर लगाया गया जाम। -जागरण मोर्चा

### बूंदीभूड़ में काली माता की पूजा का आयोजन शुरू

**पूरनपुर।** गांव बूंदीभूड़ में काली माता की पूजा-अर्चना का आयोजन मंगलवार सुबह से शुरू हो गया। पूजा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर काली माता की पूजा-अर्चना कर रहे हैं और सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। पूजा के दौरान विधि-विधान से माता का पूजन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि काली माता की पूजा कई वर्षों से आस्था और श्रद्धा के साथ की जाती रही है। आयोजन को लेकर गांव में विशेष तैयारियां की गई हैं। पूजा 27 अगस्त तक चलेगी और इसी दिन धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ग्रामीणों द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## संक्षेप समाचार

### युवाओं को रामायण पढ़ने की जरूरत:कृष्णाकांत शास्त्री

**बिलसंडा।** शिंबुआ के प्राचीन गौरीशंकर मंदिर पर बीते दिनों से चल रही संगीतमय श्रीराम कथा के अंतिम दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी।बिजनौर से आए कथा व्यास पंडित कृष्णकांत शास्त्री ने लंका दहन,राम रावण युद्ध,मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का वर्णन किया। कथा के समापन पर बुधवार को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास ने कहा कि रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है,हमें आदर्श,सेवा भाव,त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की संपत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है,यह सीख भी देती है।कथा में भगवान श्री राम के राज्याभिषेक का वर्णन एवं राम दरबार की आकर्षक झांकी प्रस्तुति पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कथा के माध्यम से बताया गया कि हर व्यक्ति को अपनी बुरी आदतों को बदलने का प्रयास करना चाहिए।रामायण पूजन व आरती के बाद भक्त जनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।व्यवस्था में चेयरमैन डीके गुप्ता,पंकज जायसवाल,पूर्व चेयरमैन अटल सिंह,व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल,विक्रम नरेश जायसवाल,डा.हिमांशु सक्सेना,वैभव सक्सेना,अजय जायसवाल,प्रियंक तिवारी मुल्लन,इंद्रपाल कश्यप, गौरीशंकर वर्मा,हरी शंकर वर्मा,रामेंद्र गोस्वामी,सुरेंद्र माली,नन्हे वर्मा,शिवम वर्मा आदि का सहयोग रहा।



गौरीशंकर मंदिर पर श्रीराम कथा का रसपान कराते श्री कृष्कांत शास्त्री।

### डीएम के निर्देश पर 137 लाभार्थियों को आवंटित किए गए काशीराम आवास



ब्लॉक सभागार में विधायक एसडीएम आवास बांटते हुए। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को ब्लॉक सभागार में मान्यवर कांशीराम आवासो के चयनित 137 लाभार्थियों को लॉटरी सिस्टम से विधायक व अधिकारियों की मजूदगी में आवास आवंटित किए गये। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर मंगलवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित आवास आवंटन समारोह में विधायक विवेक वर्मा व उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे जिला विकास अधिकारी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सर्वेस कुमार, तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी शमशेर सिंह की मौजूदगी में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से काशीराम आवास का आवंटन किया गया। बच्चों से लॉटरी की पर्चियां डिब्बे से उठवाई गई। प्रथम चरण में 137 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए। शेष 163 लाभार्थियों को द्वितीय चरण में आवास आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए लाभार्थियों का सर्वे वह आवेदन की प्रक्रिया की जाएगी। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने बताया कि प्रथम चरण का आवंटन शासनादेश के तहत एससी 26%, ओबीसी 27% व जनरल 23 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। द्वितीय चरण में भी इसी आधार पर आवासों का आवंटन होगा। आवासो की पर्चियां मिलने से लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी छा गई। मालूम हो कि डायट परिसर में तत्कालीन बसपा सरकार के वर्ष 2008-2011 के कार्यकाल में 45 करोड़ से अधिक लागत से 300 मान्यवर कांशीराम आवासो का निर्माण करवाया गया था। बसपा सरकार में इनका आवंटन अफसरो की लापरवाही के चलते नहीं हो पाया था। कार्य दाई संस्था द्वारा, अवासो के लिए पेयजल व बिजली की व्यवस्था उपलब्ध न कराने से आवंटन की प्रक्रिया लटक गई थी। देखरेख के अभाव में आवास जर्जर होने लगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को प्रथम चरण मे 137 लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए।

## आरएसआरडी स्कूल में बच्चों को लगाया मीजल्स-रूबैला का टीका



आरएसआरडी में मीजल्स-रूबैला टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शहर के आरएसआरडी स्कूल में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से मीजल्स-रूबैला टीकाकरण अभियान चलाया गया। सीएचसी की एएनएम शबनम ने स्कूली बच्चों को मीजल्स-रूबैला का टीका लगाया। इस दौरान बच्चों और अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व की जानकारी देते हुए नियमित टीकाकरण के लिए प्रेरित किया गया। टीकाकरण के दौरान सीएचसी के कोल्ड चेन प्रभारी संजीव नायर ने टीकों के सुरक्षित रखरखाव और टीकाकरण व्यवस्था की निगरानी की। स्कूल के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय के साथ प्रदीप, हरीश और अनु चौधरी ने अभियान में सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभिभावकों से बच्चों का नियमित टीकाकरण कराने की अपील की।

## विद्यालय में हर्षोल्लास से साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को रक्षाबंधन पर्व श्रद्धा,उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन वंदना सभा में आयोजित कार्यक्रम में एनसी से पंचम कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे विद्यालय परिसर में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते, प्रेम, स्नेह, सम्मान एवं संस्कारों की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों को रक्षाबंधन पर्व के धार्मिक, ऐतिहासिक, पौराणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व से परिचित कराया गया। विद्यालय के शिक्षक शिवनारायण जी ने रक्षाबंधन की महत्ता बताते हुए भगवान श्रीकृष्ण-द्रौपदी तथा माता लक्ष्मी-राजा बलि से संबंधित पौराणिक प्रसंगों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, सुरक्षा, समर्पण, कर्तव्य और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है।कार्यक्रम की वक्ता अन्नू जी एवं पल्लवी मिश्रा जी ने भी रक्षाबंधन पर्व के महत्व तथा भाई-बहन के पवित्र रिश्ते पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि भारतीय संस्कृति में भाई-बहन का रिश्ता प्रेम, विश्वास एवं जिम्मेदारी का प्रतीक माना गया है। उन्होंने बच्चों को अपने परिवार एवं समाज के सभी रिश्तों का सम्मान करने तथा एक-दूसरे के प्रति सहयोग एवं सद्भाव की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रेमा श्रीवास्तव एवं जूही मिश्रा द्वारा भाई-बहन के प्रेम एवं स्नेह पर आधारित सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। भावपूर्ण गीत ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गीत की सराहना करते हुए तालियों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने भाइयों की कलाइयों पर प्रेमपूर्वक राखी बांधी तथा भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा, सम्मान एवं सहयोग का संकल्प लिया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा विद्यालय के प्राचार्य जी को भी राखी बांधी गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय एवं भावपूर्ण हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रक्षाबंधन पर्व के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय पर्व हमारी संस्कृति और संस्कारों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आपसी प्रेम, सम्मान, सहयोग एवं भाईचारे की भावना को सदैव बनाए रखने का आह्वान किया।



स्कूल में राखी बांधते बच्चे। -जागरण मोर्चा

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** किसानों की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू चढ़ूनी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने मंगलवार को किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर तहसील पहुंच कर एसडीएम मंयक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष/प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में किसानों की नौ प्रमुख समस्याएं उठाई गईं। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवंटित धान क्रय केंद्रों की जांच कर पर्याप्त जगह और रास्ते की व्यवस्था कराने,समितियों पर किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध कराने तथा गन्ने का समर्थन मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित कर त्वरित भुगतान की मांग की गई। किसानों ने क्रय केंद्रों पर शुरू से अंत तक प्रतिदिन 600 क्विंटल खरीद क्षमता निर्धारित रखने की भी मांग उठाई। इसके अलावा मंडी परिसर में धान सुखाने के लिए अलग व्यवस्था,गोपालपुर, सिकरहना, गुलड़िया भूपसिंह, बलरामपुर, घुंघचिहाई, पिपरिया मझरा व मंडनपुर में आवारा पशुओं की भरमार है। जिससे आए दिन हादसे होते है। साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। इनको पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की गई है। परसादपुर में महादिया स्कूल तक चकमार्ग का पक्का निर्माण, बिजली कटौती रोककर सुचारू आपूर्ति और शारदा नदी के कटान से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा अन्य कई मांगो को लेकर भारतीय किसान ने शीघ्र समाधान की मांग उठाई है। इस दौरान कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू चढ़ूनी गुट। -जागरण मोर्चा

### फरार किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**घुंघचाई।** थाना क्षेत्र के गांव से एक सप्ताह पहले फरार हुई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया था कि 19 अगस्त को उसकी नाबालिग पुत्री घर से मेला देखने की वात कहकर घर से निकली थी। लेकिन वह वापस घर नही लौटी, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी थी।

मंगलवार को पुलिस ने सूचना मिलने पर किशोरी को बरामद कर कर लिया, जो कंही जाने की फिराक में थी। किशोरी से पूछताछ करने के बाद उसको मेडिकल के लिए भेज दिया है।

## भाजपा की जन-विरोधी नीतियों पर बरसे सपा नेता यूसुफ कादरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** आज समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित 'पीडीए पंचायत' कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नीतियों पर तीखा हमला बोला गया। कार्यक्रम में सेक्टर के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुगलखेड़ा, गूलरबोझ, तुमड़िया, ढेरम और धूधरी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शामिल हुए। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के नेता यूसुफ़ क़ादरी रहे, जबकि अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद अल्वी द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि यूसुफ क़ादरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करती रही है। भाजपा सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। आज आम आदमी महंगाई की मार से परेशान है और परिवार का खर्च चलाना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। यूसुफ कादरी ने आगे कहा कि देश और प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है, युवाओं के सामने भारी रोजगार का संकट है और किसान अपनी दिन-रात की मेहनत का उचित लाभ पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सरकार को जुमलेबाजी छोड़कर जनता की वास्तविक समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान काशीराम सरोज, जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद, श्यामा चरण गंगवार, के.के. पाल और छत्रपाल वर्मा ने भी अपने विचार रखे और कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर हसीब प्रधान, इरशाद मंसूरी, परवेज अल्वी, नत्थू लाल सागर, फ़ैज़ अहमद, इमरान क़ादरी, केवल राम प्रधान, हारून मलिक, पवन गंगवार, मुक़द्दम, तोताराम गंगवार, इकरार अल्वी, शंकर लाल, बशीर अहमद, जाने आलम, मु. असलम, दीन दयाल, यासीन कुरैशी, मु. हारून, इलियास मौलाना, इरशाद मसूरी, परवेज अल्वी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अनदेखी — उद्घाटन के बाद नहीं ठहर सकी एक भी बारात

# लाखों की लागत से बना बारात घर वर्षों से पड़ा ठप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पजावा में ग्रामीणों की सुविधा के लिए लाखों रुपये की लागत से बनवाया गया बारात घर वर्षों से बंद पड़ा है। निर्माण पूरा होने के बाद इसका शुभारंभ भी किया गया, लेकिन इसके बाद से अब तक यहां एक भी बारात नहीं ठहरी। लंबे समय से उपयोग में नहीं आने के कारण भवन की उपयोगिता पर सवाल उठने लगे हैं। गांव में शादी-विवाह के आयोजनों के लिए पर्याप्त स्थान की समस्या को देखते हुए बारात घर का निर्माण कराया गया था। उम्मीद थी कि इससे गांव के लोगों को विवाह समारोह आयोजित करने के लिए सुविधा मिलेगी और उन्हें निजी स्थानों या अन्य जगहों पर अधिक खर्च नहीं करना पड़ेगा। निर्माण पूरा होने और उद्घाटन के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी कि बारात घर नियमित रूप से उपयोग में आएगा, लेकिन उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुईं। भवन जर्जर हालत में पडा हुआ है। खिडकियां टूटी है। जिम्मेदार विभाग की ओर से भवन को उपयोग में लाने की प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई। इससे लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद सरकारी संपत्ति का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। कई साल से बंद रहने के कारण भवन की देखरेख भी प्रभावित हो रही है और समय के साथ इसकी स्थिति खराब होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि बारात घर को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाए तो गांव के लोगों को इसका काफी लाभ मिल सकता है। विवाह समारोह के साथ-साथ अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण के समय जिस उद्देश्य को ध्यान में रखा गया था, वह उद्देश्य आज तक पूरा नहीं हो सका है।लोगों का कहना है कि सरकारी धन खर्च कर तैयार की गई इमारत को यूं ही बंद रखना उचित नहीं है। यदि समय रहते इसकी साफ-सफाई, मरम्मत और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कराकर इसे ग्रामीणों के लिए खोल दिया जाए तो भवन का सदुपयोग हो सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर बारात घर को जल्द शुरू कराने की मांग की है।



पजाबा में बंद पडा बारात घर। -जागरण मोर्चा

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पूरनपुर।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को थाना सेहरामऊ पुलिस ने मंगलवार को कुरैया हाल्ट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान गुरपेज सिंह उर्फ गुरमेज सिंह निवासी ग्राम पिपरा मुजप्ता थाना सेहरामऊ के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 22 अगस्त को पीड़िता के परिजन ने थाने में तहरीर देकर आरोपी पर नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट,एससी एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने साक्ष्य संकलन के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेज दिया है।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर उलेमाओं की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर कोतवाली में मंगलवार दोपहर मुस्लिम उलमाओं एवं लोगों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी जुलूस को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कोतवाल पवन पांडे ने कहा कि जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना पुलिस की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी से जुलूस के दौरान प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने तथा निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं उलमाओं से भी जुलूस में शामिल लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही गई।बैठक में जुलूस के मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। मौजूद लोगों ने भी जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हाफिज नूर अहमद अजहरी, मुफ्ती नूर मोहम्मद हसनी, हाफिज अब्दुल हसीब रजा, मौलाना तौसीफ, लियाक हुसैन, इकबाल अहमद और मोहम्मद ऐजाज शेरी मौजूद रहे।



बैठक लेते कोतवाल पवन पांडे। -जागरण मोर्चा

# भारत ने श्रीलंका को बैकफुट पर धकेला

## मेजबानों पर अब भी फॉलोऑन का खतरा बरकरार; स्कोर 265/8

**एजेंसी न्यूज**

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच खेले जा रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन बारिश ने खेल में खलल डाल दिया। बारिश के कारण मंगलवार को समय से पहले स्टंप्स की घोषणा करनी पड़ी। दिन का खेल खत्म होने तक श्रीलंका ने पहली पारी में 83.4 ओवर में 265 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे। श्रीलंका अभी भी भारत के पहली पारी के विशाल स्कोर से 238 रन पीछे है। भारत ने अपनी पहली पारी 503 रन पर नौ विकेट के नुकसान पर घोषित की थी। श्रीलंका को अभी भारत से फॉलोऑन बचाने के लिए 39 रनों की जरूरत है।

25 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज सोनल दिनूषा ने एक बार फिर मुश्किल परिस्थितियों में शानदार धैर्य दिखाया। उन्होंने 84 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और भारतीय गेंदबाजों का करीब 201 मिनट तक डटकर सामना किया।

प्रसिद्ध कृष्णा ने बाउंसर और यॉर्कर से उन्हें परेशान करने की कोशिश की, जबकि मानव सुथार, रवींद्र जडेजा और सारांश जैन ने स्पिन के जरिए दबाव बनाने का प्रयास किया। हालांकि दिनूशा ने हर चुनौती का मजबूती से सामना किया।

दिनूषा ने पहले केशरा नुवान्था के साथ आठवें विकेट के लिए 57 रन जोड़े। नुवान्था ने 74 गेंदों का सामना करते हुए भारतीय गेंदबाजों को लंबे समय तक परेशान किया। इसके बाद दिनूषा ने लाहिरू कुमारा के साथ नौवें विकेट के लिए अब तक 35 रन जोड़ लिए हैं।

दिनूषा से पहले पसिंदु सूरियाबंदारा ने



श्रीलंका की पारी को संभालने में अहम भूमिका निभाई। दूसरे टेस्ट में अपना दूसरा मुकाबला खेल रहे सूरियाबंदारा ने 80 रन की बेहतरीन पारी खेली।

उन्होंने कामिंदु मेंडिस के साथ तीसरे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। सूरियाबंडारा ने 76 गेंदों में अपना पहला टेस्ट अर्धशतक पूरा किया और पूरे आत्मविश्वास के साथ भारतीय गेंदबाजों का सामना किया।

हालांकि रवींद्र जडेजा की गेंद पर प्वाइंट की दिशा में शॉट खेलने की कोशिश में सूरियाबंडारा के स्टंप बिखर गए। इसके दो रन बाद मोहम्मद सिराज ने निरोशन डिकवेला को आउट कर भारत को एक और सफलता दिलाई।

दिन की शुरूआत श्रीलंका ने 8 विकेट खोकर नहीं बल्कि 2 विकेट पर 8 रन से की थी और भारत को उम्मीद थी कि वह जल्द ही मेजबान टीम को समेट देगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने सुबह के सत्र में कामिल मिशारा को 19 रन पर आउट कर भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई।

इसके बाद सूरियाबंदारा और कामिंदु मेंडिस ने करीब दो घंटे तक भारतीय गेंदबाजों को विकेट से दूर रखा। मेंडिस ने मानव सुथार की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर किए। हालांकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक तेज और उछाल भरी गेंद पर मेंडिस को मिडविकेट पर जडेजा के हाथों कैच करा दिया। इस विकेट के बाद भारत ने फिर से मैच पर पकड़ मजबूत की।

मानव सुथार ने धनंजय डी सिल्वा को आउट कर भारत को महत्वपूर्ण सफलता दिलाई। सुथार की गेंद पर डी सिल्वा ने स्लिप में केएल राहुल को कैच थमाया, जिसे राहुल ने दूसरे प्रयास में लपक लिया। इसके बाद जडेजा ने सूरियाबंदारा को आउट किया, जबकि सिराज ने डिकवेला का विकेट हासिल किया। एक समय श्रीलंका 216 रन पर सात विकेट गंवा चुका था और भारत को लगा कि पारी जल्द समाप्त हो जाएगी। लेकिन दिनूषा और निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

श्रीलंका के निचले क्रम के बल्लेबाजों के खिलाफ भारतीय गेंदबाजों की परेशानी एक बार फिर देखने को मिली। 216 रन पर सात विकेट गंवाने के बाद श्रीलंका ने दिन का खेल 265/8 के स्कोर पर खत्म किया। दिनूषा की 85 रन की नाबाद पारी ने श्रीलंका को फॉलोऑन के खतरे से काफी हद तक बाहर निकलने का मौका दिया है। भारत को अब चौथे दिन जल्द से जल्द आखिरी दो विकेट हासिल करने होंगे, जबकि श्रीलंका की नजरें फॉलोऑन बचाने के साथ भारत की बढ़त को कम करने पर होंगी।

# सिर्फ बल्लेबाजी नहीं, अब गेंदबाजी में भी वैभव सूर्यवंशी का जलवा

**एजेंसी न्यूज**

**बंगलूरू।** दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला जारी है। बंगलूरू के सीओई में खेले जा रहे इस मुकाबले में भले ही वैभव सूर्यवंशी बल्लेबाजी में कोई कमाल न दिखा पाए हों, लेकिन गेंदबाजी में उनका जलवा जारी है। ईस्ट जोन से खेल रहे वैभव ने नॉर्थ ईस्ट जोन की दूसरी पारी में महज चार गेंदों में दो विकेट झटके। उन्होंने तीन ओवर का स्पेल डाला, जिसमें 11 रन खर्च किए और दो विकेट लिए।

दरअसल, मैच में ईस्ट जोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 467 रन बनाए थे। वैभव छह गेंद में दो चौके की मदद से आठ रन बना पाए थे। इसके बाद उनकी आलोचना भी हुई थी और सवाल भी उठे थे कि क्या वह रेड बॉल क्रिकेट के लायक हैं। हालांकि, ईस्ट जोन ने कुमार कुशाग्र के 55 रन, सुदीप कुमार घरामी के 146 रन और शाहबाज अहमद के 167 रन की बदौलत पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया। जवाब में नॉर्थ ईस्ट जोन की पहली पारी 111 रन पर सिमट गई। इस तरह उन्हें फॉलो ऑन खेलने पर मजबूर होना पड़ा। पहली पारी में वैभव ने गेंदबाजी नहीं की।

हालांकि, फॉलोऑन खेलते हुए भी नॉर्थ ईस्ट जोन ने एक वक्त 102 रन बनाने में आठ विकेट गंवा दिए थे। इनमें दो विकेट वैभव ने




लिए। उन्होंने अपने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर मध्यक्रम के बल्लेबाज किशन लिंगडोह को आउट किया। किशन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और 40 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बना लिए थे। वैभव ने उन्हें कैच आउट कराया।

फिर ओवर की पांचवीं गेंद पर लोअर ऑर्डर के बल्लेबाज इमलीवाती लेमतुर को ईशान किशन के हाथों कैच कराया। इमलीवाती चार रन बना सके। वैभव एक लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिनर हैं। हालांकि, उनकी गेंद नॉर्थ ईस्ट जोन के बल्लेबाजों को समझ नहीं आई।

फॉलो ऑन खेलते हुए नॉर्थ ईस्ट जोन की पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई और ईस्ट जोन ने मुकाबला पारी और 210 रन से अपने नाम किया। वैभव के अलावा अनुकूल रॉय ने पांच विकेट लिए। वहीं, मुकेश कुमार, अभिजीत सरकार और शाहबाज को एक-एक विकेट मिला।

दलीप ट्रॉफी में सूर्यवंशी की एंट्री नए सीजन की शुरूआत के साथ हुई है। युवा खिलाड़ी ने टी20 क्रिकेट की तेज-तर्रार मांगों से अब लंबे प्रारूप की चुनौती का रुख किया है। उन्हें ईस्ट जोन का उपकप्तान भी बनाया गया है।

### बाजार में उतार-चढ़ाव के बाद लौटी रौनक

# सेंसेक्स 287 अंक उछला, निफ्टी 24,300 के पार बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 287 अंक बढ़कर 77,656.09 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 115 अंक चढ़कर 24,334.55 पर पहुंचा। एफएंडओ एक्सपायरी



के दिन बाजार में सकारात्मक रुख रहा, हालांकि कुछ क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बाजारों का मिलाजुला प्रदर्शन रहा। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी उतार-चढ़ाव के बाद बढ़त के साथ बंद हुए। अंतिम समय की खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट ने निवेशकों के रुझान को शांत किया। दिन के अधिकतर समय नकारात्मक दायरे में रहने के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स कारोबार के अंतिम समय में उछला। यह 286.98 अंक, यानी 0.37 फीसदी बढ़कर 77,656.09 पर बंद हुआ।

दिन के दौरान सेंसेक्स ने 77,666.39 का उच्च स्तर छुआ। इसने 77,125.91 का निम्न स्तर भी देखा। दिन के कारोबार में प्रमुख सूचकांक 243.2 अंक, यानी 0.31 फीसदी गिरा था। इसी तरह, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी अंतिम समय की खरीदारी से बढ़ा। यह 115.50 अंक, यानी 0.48 फीसदी की बढ़त के साथ 24,334.55 पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3 फीसदी गिरकर 89.32 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में यह गिरावट बाजार के लिए एक बड़ी राहत थी। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने इस पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि ईरान के खिलाफ बहुप्रतीक्षित अमेरिकी प्रतिबंध बाजार की उम्मीदों से कम रहे। इस कारण कच्चे तेल की कीमतें और बॉन्ड प्रतिफल अपने हाल के उच्चतम स्तर से नरम हुए। ऊर्जा लागत में इस राहत ने मासिक समाप्ति दिवस पर बाजार को सकारात्मक बंद होने में मदद की।

### मैदान पर वापसी: अनाया बांगड़ ने कहा-

# अब ऑस्ट्रेलिया में एलीट क्रिकेट खेल सकती हूं

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ की बेटी अनाया बांगड़ ने दावा किया है कि अब वह मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने के लिए पात्र हैं। अगर वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करती हैं, तो उनके लिए विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में



खेलने का रास्ता भी खुल सकता है। अनाया ने कहा कि क्रिकेट में वापसी की संभावना उनके लिए बेहद भावुक पल है। ट्रांजिशन के बाद उन्हें क्रिकेट से दूर होना पड़ा था और एक समय उन्हें लगा था कि उनका क्रिकेट करियर खत्म हो गया है।

बॉम्बे टाइम्स से बातचीत में अनाया ने कहा कि क्रिकेट बचपन से ही उनकी पहचान का अहम हिस्सा रहा है। ऐसे में दोबारा मैदान पर उतरने की संभावना उनके लिए सिर्फ किसी महिला लीग में खेलने का मौका नहीं, बल्कि अपने पसंदीदा खेल में लौटने का अवसर है। उन्होंने कहा, 'मैं अब मार्च 2027 से ऑस्ट्रेलिया में विमेंस बिग बैश लीग खेलने के लिए पात्र हूं। मेरे लिए यह बेहद भावुक पल है, क्योंकि एक समय मुझे सच में लगा था कि मैंने क्रिकेट हमेशा के लिए खो दिया है।' अनाया के मुताबिक, ट्रांजिशन के बाद क्रिकेट से दूर होना उनके जीवन के सबसे कठिन अनुभवों में से एक था। अब उनका लक्ष्य प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर खुद को एक बार फिर साबित करना है।

इसकी गाइडलाइंस में कम्युनिटी क्रिकेट और एलीट क्रिकेट के बीच अंतर किया गया है और डब्ल्यूबीबीएल को एलीट प्रतियोगिता के तौर पर वर्गीकृत किया गया है।

अनाया का कहना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट खेलने की दिशा में आगे बढ़ने की अनुमति दी है।

अनाया इसके लिए ऑस्ट्रेलियाई लीग क्रिकेट में वापसी, नियमित ट्रेनिंग और अपनी क्रिकेटिंग स्किल्स पर काम करने की योजना बना रही हैं। उनका फोकस बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और फिटनेस चारों क्षेत्रों में खुद को मजबूत करने पर है।

अनाया का अंतिम लक्ष्य 2027 में डब्ल्यूबीबीएल में खेलने का मौका हासिल करना है। इसके लिए वह पहले प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी कर अपनी लय और फिटनेस हासिल करना चाहती हैं। उनके लिए फिलहाल समीकरण साफ है पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में वापसी, फिर लगातार अच्छा प्रदर्शन और उसके बाद डब्ल्यूबीबीएल फ्रेंचाइजी का भरोसा हासिल करना।

अगर वह इस सफर में सफल होती हैं, तो डब्ल्यूबीबीएल में उनकी संभावित एंट्री ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के लिए एलीट महिला क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बन सकती है। हालांकि, मार्च 2027 से खेलने की पात्रता का दावा अपने आप में डब्ल्यूबीबीएल कॉन्ट्रैक्ट या चयन की गारंटी नहीं है; अंतिम फैसला फ्रेंचाइजी चयन और लागू प्रतियोगिता नियमों के तहत ही होगा।

# चीनी आयातकों को बड़ी राहत: सरकार ने प्रसंस्करण की समय सीमा दो महीने बढ़ाई

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारत सरकार ने कच्चे चीनी के आयात नियमों में ढील दी है, प्रसंस्करण और घरेलू बिक्री की समय सीमा 31 अक्तूबर से और दो महीने के लिए बढ़ा दी है। इससे उद्योग को राहत मिलेगी और स्थानीय आपूर्ति बढ़ेगी। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारत सरकार ने कच्चे चीनी के आयात



से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण ढील दी है। उद्योग की चिंताओं को देखते हुए, आयातित चीनी के प्रसंस्करण और घरेलू बाजार में बिक्री की समय सीमा बढ़ा दी गई है। अब आयातकों को प्रवेश की तारीख से दो महीने का समय मिलेगा, जो पहले 31 अक्तूबर तय था।

सरकार ने स्थानीय आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए 10 लाख टन कच्चे चीनी के आयात की अनुमति दी थी। पहले आयातकों को 31 अक्तूबर तक चीनी का प्रसंस्करण कर घरेलू बाजार में बेचने को कहा गया था। हालांकि, उद्योग ने संबंधित मंत्रालयों को बताया कि यह समय सीमा व्यावहारिक नहीं थी। उन्होंने ब्राजील में बंदरगाहों पर भीड़भाड़ और भारत तक माल पहुंचने में 40 दिन के माल ढुलाई समय का हवाला दिया।

इन चिंताओं पर विचार करते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 24 अगस्त को एक शुद्धिपत्र जारी किया। इस शुद्धिपत्र में कच्चे चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री की समय सीमा बढ़ाई गई है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) के प्रबंध निदेशक प्रकाश नायकनवरे ने इस कदम का स्वागत किया है। उन्होंने इसे एक सकारात्मक विकास बताया जो अधिक मिलों को आयात के लिए आवेदन करने को प्रोत्साहित करेगा।

उद्योग ने सरकार को बताया था कि 31 अक्तूबर की पिछली समय सीमा पूरी करना संभव नहीं था। ब्राजील के बंदरगाहों पर भीड़भाड़ के कारण माल ढुलाई में देरी हो रही थी। मात्रा की मंजूरी के बाद भी भारत तक माल पहुंचने में करीब 40 दिन लगते हैं। इन चुनौतियों को देखते हुए डीजीएफटी ने आयातकों को राहत देने का निर्णय लिया।

इस निर्णय से चीनी मिलों को आयातित कच्चे चीनी को सफेद या रिफाइंड चीनी में बदलने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। इससे घरेलू बाजार में चीनी की आपूर्ति सुचारु बनी रहेगी। खुदरा कीमतें, जो मंगलवार को करीब 64 रुपये प्रति किलोग्राम थीं, उन पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। यह कदम जमाखोरी और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने के सरकारी उपायों का भी हिस्सा है।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।